


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित जन जन की आवाज़






लखनऊ | वर्ष : 5 | अंक : 203 | रविवार, 6 सितम्बर 2026 | भाद्रपद माह, कृष्ण, दशमी, विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 5 रुपया


## देश दुनिया

### सुभाष चंद्रा की बढ़ी मुश्किलें, 1,322 करोड़ की धोखाधड़ी में केस दर्ज

एजेंसी समाचार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने मीडिया कारोबारी सुभाष चंद्रा के खिलाफ कथित तौर पर अपनी कुल संपत्ति बढ़ा-चढ़ाकर दिखाकर एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड से कर्ज लेने के मामले में प्राथमिकी दर्ज की है।

अधिकारियों के मुताबिक, कर्ज की अदायगी में चूक के कारण सार्वजनिक क्षेत्र की ऋणदाता कंपनी को 1,322 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान होने का आरोप है। छब्बलछ्छ की शिकायत के आधार पर दर्ज प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि सुभाष चंद्रा ने अपनी कुल संपत्ति से संबंधित प्रमाण पत्र जमा किए थे। इन्हीं दस्तावेजों के आधार पर करीब 980 करोड़ रुपये के दो ऋण स्वीकृत किए गए और राशि जारी की गई।

उक्त की प्राथमिकी के अनुसार, एक ऋण सुविधा वसंत सागर प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड को दी गई थी, जिसमें पैन इंडिया इंफ्राप्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड सह-ऋणकर्ता थी। इस खाते के तहत करीब 500 करोड़ रुपये की ऋण सुविधा स्वीकृत की गई थी। दूसरी ओर, डिजिटल सब्सक्राइबर मैनेजमेंट एंड कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को करीब 480 करोड़ रुपये की ऋण सुविधा दी गई थी। इसमें स्पिरिट इंफ्रा पावर एंड मल्टी वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड सह-ऋणकर्ता थी।

शिकायत के मुताबिक, 500 करोड़ रुपये की ऋण सुविधा आवास इकाई के अधिग्रहण, अतिरिक्त वित्त पोषण और कारोबारी विस्तार के लिए मंजूर की गई थी। इसके लिए 28 मार्च 2018 को सुभाष चंद्रा की ओर से जारी सतत गारंटी को सुरक्षा के रूप में रखा गया था।

वहीं, 480 करोड़ रुपये की डिजिटल ऋण सुविधा को अलग ऋण खाते के तहत किराया प्रतिभूतिकरण योजना में किराया छूट सुविधा के रूप में मंजूरी दी गई थी। इस ऋण के लिए भी चंद्रा की ओर से जारी सतत गारंटी को सुरक्षा के तौर पर रखा गया था।

### पत्नी से मारपीट का वीडियो वायरल, पूर्व विधायक गुड्डू पंडित पर एफआईआर

एजेंसी समाचार

**बुलंदशहर।** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में पत्नी से मारपीट के आरोप में पूर्व विधायक गुड्डू पंडित के खिलाफ नगर कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज की गई है। सोशल मीडिया पर पति-पत्नी के बीच मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने पीड़िता अर्चना पंडा की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, गुड्डू पंडित के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज और धमकी देने के आरोप में भारतीय न्याय संहिता (इठर) की धारा 115, 352 और 351 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

क्षेत्राधिकारी सदर प्रखर पांडे ने बताया कि चार सितंबर को सोशल मीडिया पर पति-पत्नी के बीच मारपीट का एक वीडियो वायरल होने की जानकारी मिली थी। पुलिस ने वीडियो की जानकारी लेने के बाद पीड़िता से बातचीत की। इसके बाद उसकी तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक, वायरल वीडियो में पूर्व विधायक गुड्डू पंडित अपनी पत्नी अर्चना पंडा के बाल पकड़कर मारपीट करते नजर आ रहे हैं।

# राष्ट्रपति मुर्मू ने 48 शिक्षकों को किया सम्मानित, बोलीं- निष्ठावान शिक्षक होते हैं राष्ट्र निर्माता

एजेंसी समाचार

**नई दिल्ली।** शिक्षक दिवस के मौके पर शनिवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 48 शिक्षकों को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया। राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में पुरस्कार विजेता शिक्षकों को बधाई दी। राष्ट्रपति ने कहा कि निष्ठावान शिक्षक अग्रणी पंक्ति के राष्ट्र निर्माता होते हैं।

राष्ट्रपति ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि देश के द्वितीय राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्ण की जयंती को शिक्षक दिवस के रूप में मनाकर हमारे देशवासी उनके और समस्त शिक्षक समुदाय के प्रति सम्मान व्यक्त करते हैं। जो समाज शिक्षकों का सम्मान करता है, वह वास्तव में प्रगतिशील होता है।

राष्ट्रपति ने कहा, "शिक्षकों के बीच आकर मेरे अंदर विद्यमान शिक्षक और विद्यार्थी जीवंत हो जाता है। मुझे अपने शिक्षकों का स्मरण होता है। शिक्षकों के स्नेह और मार्गदर्शन की वजह से अपनी जीवन यात्रा में आगे आ पाई हूं।




मुझे अपने विद्यार्थी भी याद आते हैं, जिन्हें ओडिशा के स्कूल में पढ़ाया था। मैंने अपने विद्यार्थियों से भी बहुत कुछ सीखा है। विद्यार्थियों के प्यार को मैं अपने जीवन की बहुत बड़ी उपलब्धि मानती हूं।"

राष्ट्रपति ने कहा, "सावित्री बाई फुले आधुनिक युग में विद्यालयों में पढ़ाने वाली भारत की पहली शिक्षिका के रूप में जानी जाती हैं। बालिकाओं की शिक्षा के क्षेत्र में उन्होंने क्रांतिकारी पहल की थी और 19वीं सदी में बालिका विद्यालयों की स्थापना की थी। आज के दिन मैं सावित्री बाई फुले को नमन करती हूं।"

20वीं सदी के आरंभ में पश्चिम बंगाल के बोलपुर में रविंद्रनाथ टैगोर ने शांति निकेतन और ओडिशा के पुरी जिले में प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी पंडित उत्कमण मणि ने एक स्कूल की स्थापना की थी। इन विद्यालयों की स्थापना के पीछे का उद्देश्य था कि प्रकृति के संरक्षण में विद्यार्थियों का सतत विकास होता है। ऐसे विभूतियों को मैं सादर नमन करती हूं।

राष्ट्रपति ने कहा कि यह प्रसन्नता का विषय है कि राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार पाने वालों में ग्रामीण शिक्षकों की संख्या अधिक है। उम्मीद है कि इस वर्ष के पुरस्कार पाने वाले शिक्षकों की पद्धति, शैली और उपलब्धियां अन्य शिक्षकों को भी प्रेरित करेंगी। निष्ठावान शिक्षक अग्रणी पंक्ति के राष्ट्र निर्माता होते हैं।

# पीएम मोदी ने दिल्ली मेट्रो में किया सफर: बच्चों से की बातचीत, एसआरसीसी के शताब्दी समारोह में लिया हिस्सा

एजेंसी समाचार

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स (एसआरसीसी) के शताब्दी समारोह में शामिल होने के लिए दिल्ली मेट्रो से पहुंचे। मेट्रो में यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने यात्रियों और छात्रों से बातचीत की। उनके हाथ में मेट्रो कार्ड भी नजर आया।

प्रधानमंत्री की मेट्रो यात्रा ने आम यात्रियों के रोजमर्रा के सफर को खास बना दिया। पीएम मोदी ने ट्रेन में मौजूद लोगों से बातचीत की और छात्रों से भी संवाद किया। इसके बाद वह एसआरसीसी के लिए रवाना हुए, जहां उन्हें शताब्दी समारोह को संबोधित करना है।

एसआरसीसी अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहा है। प्रधानमंत्री मोदी इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हो रहे हैं। केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रह्लाद जोशी भी समारोह में मौजूद रहे। शताब्दी समारोह का आयोजन राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के मौके पर किया जा रहा है। कार्यक्रम में कॉलेज के वर्तमान छात्रों के साथ पूर्व प्राचार्य, शिक्षक और पूर्व छात्र भी शामिल हुए।



इस तरह समारोह में संस्थान की अलग-अलग पीढ़ियों की भागीदारी देखने को मिली।

प्रधानमंत्री मोदी इससे पहले 2013 में एसआरसीसी पहुंचे थे। उस समय वह गुजरात के मुख्यमंत्री थे। करीब 13 साल बाद उनका कॉलेज पहुंचना इस संस्थान के साथ उनके पुराने जुड़ाव को भी दर्शाता है। प्रधानमंत्री मोदी का एसआरसीसी का दौरा ऐसे समय हो रहा है, जब भारतीय जनता पार्टी युवा पीढ़ी तक अपनी पहुंच बढ़ाने के प्रयास कर रही है।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा था, इकुछ ही देर में शाम सात बजे मैं दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स में इसके शताब्दी समारोह में शामिल होने पहुंचूंगा। इस कॉलेज ने वर्षों के दौरान खुद को विशिष्ट बनाया है।

## मिर्जापुर में ब्लास्टिंग के कंपन से धराशाई हुआ क्रशर प्लांट का डग, चार की मौत

एजेंसी समाचार

**मिर्जापुर।** मिर्जापुर जिले के अहरौरा थाना क्षेत्र के भगवती देई पहाड़ी पर शनिवार को दोपहर बने क्रशर प्लांट में ब्लास्टिंग के कंपन से डग धराशाई हो गया। जिससे वहां पर ताश खेल रहे चार मजदूर दब गए। जेसीबी की मदद से सभी को बाहर निकालकर अस्पताल ले जाया गया।

स्थानीय लोगों के मुताबिक मलबे से निकलने वाले चार लोगों की मौत हो गई थी। पर अब तक मौत की प्रशासनिक पुष्टि नहीं हो सकी है। सभी को अस्पताल ले जाया गया है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल में जुटी है। एएसपी ऑपरेशन राजकुमार मीणा ने बताया कि भगवती देवी में क्रेशर प्लांट है। जहां पर प्रतिदिन ब्लास्ट होता है । एक से डेढ़ बजे के बीच पत्थर तोड़ने के लिए ब्लास्ट होता है। शनिवार को एक से डेढ़ के बीच जब ब्लास्टिंग की गई तो वहां पर एक स्ट्रक्चर है। जो बारिश के कारण नींव में पानी जान से कमजोर हुआ था। ब्लास्टिंग के कम्पन से वह धराशाई हो गया। पास में ताश खेल रहे चार मजदूर इसकी चपेट में आ गए। सभी को बाहर निकाल कर ट्रामा सेंटर वाराणसी भेजा गया है। अभी किसी के मौत की नहीं हुई है पर सभी गंभीर रूप से घायल है। मौके पर जाकर जांच पड़ताल की जा रही है।

# सहारनपुर कलेक्ट्रेट में मस्जिद गिराने पर तनाव: सपा सांसद इकरा हाउस अरेस्ट

एजेंसी समाचार

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में शनिवार सुबह कलेक्ट्रेट में बनी मस्जिद को प्रशासन ने ध्वस्त कर दिया। प्रशासन के अनुसार, सिटी मजिस्ट्रेट की अदालत ने मस्जिद निर्माण को सरकारी जमीन पर अवैध घोषित किया था। मस्जिद समिति की पहली अपील भी खारिज हो चुकी थी। इस कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस और आरआरएफ बल तैनात रहा। मस्जिद गिराने के बाद तनाव बढ़ गया है। कैराना सांसद इकरा हसन को भी हाउस अरेस्ट किया गया है।

सहारनपुर कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित मस्जिद पर पिछले कुछ समय से विवाद चल रहा था। शनिवार सुबह प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर मस्जिद पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू की। पूरे इलाके में भारी पुलिस बल की तैनाती की गई थी।



अधिकारियों ने बताया कि सिटी मजिस्ट्रेट के न्यायालय में सुनवाई के दौरान मस्जिद का निर्माण अवैध पाया गया था। यह निर्माण सरकारी जमीन पर किया गया था। इस आदेश के खिलाफ मस्जिद समिति ने अपील की थी। हालांकि, वह अपील भी खारिज हो गई और सिटी मजिस्ट्रेट का मूल आदेश बरकरार रखा गया। प्रशासन ने कार्रवाई से पहले सभी कानूनी प्रक्रियाएं पूरी करने का दावा किया है।

ध्वस्तीकरण की कार्रवाई से पहले ही सहारनपुर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई थी। त्योहारों को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल के साथ पांच कंपनी पीएसी और आरआरएफ तैनात की गई। मिश्रित आबादी वाले इलाकों में लगातार फुट पेट्रोलिंग और फ्लैग मार्च किया गया।

सहारनपुर मंडल के डीआईजी अभिषेक सिंह ने बताया कि नोटिस और अपील सहित निर्धारित प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही ध्वस्तीकरण हुआ। उन्होंने सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी भी दी। कलेक्ट्रेट परिसर के आसपास सुरक्षा के खास इंतजाम किए गए थे।

## पीएम किसान सम्मान निधि: 10 हजार रुपये हो सकती है राशि, केंद्र सरकार की समिति के सदस्य ने दिए संकेत

एजेंसी समाचार

**नूंह।** भारतीय कृषक समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष और भारत सरकार की हाईपावर परचेज कमेटी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) के सदस्य डॉ. कृष्णवीर चौधरी ने किसानों के लिए एक बड़ी खुशखबरी दी है। उन्होंने संकेत दिया है कि अगले साल से किसान सम्मान निधि की राशि बढ़ाकर 10,000 रुपये सालाना की जा सकती है।

डॉ. चौधरी नूंह पंचायत भवन में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार और कृषक समाज किसानों को सस्ती दरों पर गुणवत्तापूर्ण खाद-बीज उपलब्ध कराने, उनकी फसलों का उचित न्यूनतम समर्थन मूल्य सुनिश्चित करने और समग्र रूप से किसानों की आय में वृद्धि करने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। इस अवसर पर डॉ.




कृष्णवीर चौधरी ने डॉ. इरशाद मदेपुर को भारतीय कृषक समाज, नूंह का नया जिलाध्यक्ष मनोनीत किया और उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपा।

उन्होंने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष को निर्देश दिए कि नूंह-मेवात क्षेत्र में छोटे किसानों के समूह बनाकर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में काम किया जाए। साथ ही, युवाओं को कृषि से जोड़कर इस अभियान को गांव-गांव तक पहुंचाने की जिम्मेदारी भी उन्हें सौंपी गई।

# एसआरसीसी के 100 साल पूरे: पीएम मोदी बोले- इस यात्रा में कॉलेज ने पीढ़ियों को गढ़ा; उज्ज्वल भविष्य से जोड़ा

एजेंसी समाचार

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स यानी एसआरसीसी का आज शताब्दी समारोह है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार शाम सात बजे समारोह में शामिल हुए। इस समारोह में शामिल होने के लिए पीएम मोदी ने दिल्ली मेट्रो का सहारा लिया और बच्चों से बात भी की। शिक्षक दिवस के दिन हो रहे इस समारोह में पीएम मोदी ने कहा कि इस शताब्दी समारोह के लिए मैं आप सबको बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि साथियों जब कोई इंसान 100 वर्ष का होता है तो उसे अनुभव का खान कहा जाता है, लेकिन जब कोई संस्थान 100 वर्ष पूरे करता है तो वह उपलब्धियों का महासागर हो जाता है।

अपनी 100 वर्षों की इस यात्रा में एसआरसीसी ने पीढ़ियों को गढ़ा है। उन्हें उज्ज्वल भविष्य से जोड़ा है। जो आए उन्हें पढ़ा, और जो निकले वे



गढ़ हुए निकले। इस कॉलेज की यात्रा दरियागंज के एक छोटे से संस्थान से शुरू हुई थी। आज वही छोटा कॉलेज एक विशाल वृक्ष बन चुका है। एक ऐसा विशाल वृक्ष जिसने कई पीढ़ियों को छांव दी और अपनी शीतलता से समृद्ध किया है। आज भी डीयू में कोई पूछता है कि कौन सा कॉलेज तो एसआरसीसी कहना ही काफी है।

पीएम मोदी ने कहा कि साथियों, एसआरसीसी के एल्युमनाई भी बहुत खास रहे हैं। आपकी भाषा में कहूं तो यहां के एल्युमनाई हैं। उन्होंने अलग-अलग क्षेत्रों में अपनी पहचान बनाई है और दुनिया भर में देश का मान बढ़ाया है। इनमें से कुछ एल्युमनाई के साथ मुझे भी काम करने का अवसर मिला है। हमारे स्वर्गीय अरुण जेटली जी यहीं से पढ़े थे। मैं कह सकता हूं कि शायद हमारी ऐसी कोई मुलाकात नहीं हुई, जिसमें उन्होंने एसआरसीसी से जुड़ा कोई किस्सा न सुनाया हो।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगे कहा कि साथियों, कभी-कभी तो मैं इस बात से तंग आ जाता था कि वे हर बार एक ही किस्सा सुनाया करते थे। मेरी टीम में शामिल संजीव सान्याल भी यहीं से पढ़े हैं और ऐसे कई अन्य साथी भी हैं। यहां से सिर्फ अर्थशास्त्र और व्यापार जगत के लोग ही नहीं निकले, बल्कि कलाकारों, वकीलों और जजों ने भी यहीं से अपनी पहचान बनाई है।

# श्रीराम मंदिर में पारदर्शी व्यवस्था प्रणाली लागू... गोविंद देव गिरी बोले- श्रद्धा के साथ आधुनिक प्रबंधन भी जरूरी

एजेंसी समाचार

**अयोध्या।** राम मंदिर को व्यवस्थाओं को आधुनिक और पारदर्शी बनाने के लिए नई प्रबंधन प्रणाली लागू की गई है। ट्रस्ट के महासचिव गोविंद देवगिरी ने बताया कि धार्मिक व्यवस्था संतों व आचार्यों के मार्गदर्शन में होगी, जबकि प्रशासनिक कार्य सीईओ संभालेंगे।

अयोध्या, अमृत विचार : राम मंदिर में पारदर्शी व्यवस्था प्रणाली को लागू कर दिया गया है। इसमें धार्मिक समिति संतों तथा विद्वान आचार्यों के मार्गदर्शन में मंदिर की पूजा-पद्धति, धार्मिक परंपराओं और उत्सवों का संचालन करेगी। मंदिर की बाहरी, प्रशासनिक और व्यावहारिक व्यवस्थाओं को आधुनिक एवं अनुशासित तरीके से संचालित किया जाएगा। यह जानकारी श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव गोविंद देवगिरी ने दी। वो पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे।



उन्होंने बताया कि उनके साथ-साथ ट्रस्ट के नव नियुक्त कोषाध्यक्ष महेश भागचंदका व सीईओ जितेंद्र मिश्रा ने औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण कर लिया। पहले ही दिन मंदिर परिसर की व्यवस्था को संभालते हुए सभी ने कर्मचारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। महासचिव गोविंद देव गिरी ने कहा कि नवनियुक्त सीईओ जितेंद्र मिश्रा इसी सप्ताह पूर्ण रूप से कार्यभार संभालेंगे।

बताया कि दो दिन चली बैठकों में मंदिर परिसर की व्यवस्थाओं, कर्मचारियों, सुरक्षा, सेवा-पूजा तथा श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई है। मंदिर का संचालन केवल धार्मिक व्यवस्था तक सीमित नहीं है। बड़ी संख्या में कर्मचारी, सुरक्षा व्यवस्था और अन्य प्रशासनिक कार्य भी मंदिर परिसर का हिस्सा हैं। ऐसे कार्यों को व्यवस्थित तरीके से संचालित करने के लिए आधुनिक प्रबंधन प्रणाली आवश्यक है। कहा कि सीईओ जितेंद्र मिश्रा के अनुभव और अनुशासन का लाभ मंदिर की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने में लिया जाएगा। वह धार्मिक विचारों वाले व्यक्ति हैं, रोज गीता का अध्ययन भी करते हैं। इसलिए उनके अनुशासन के साथ श्रद्धा का संतुलन राम मंदिर की व्यवस्थाओं में महत्वपूर्ण रहेगा।

# बाढ़ प्रभावित इलाकों का सीएम योगी ने किया हवाई सर्वेक्षण, पीड़ित परिवारों को बांटी राहत सामग्री

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को दोपहर के बाद पीएम मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण किया। सीएम ने वरुणा नदी के आसपास के जलभराव वाले इलाकों का जायजा लिया और प्रभावित परिवारों से बातचीत कर उनकी समस्याएं जानीं। इस दौरान उन्होंने बाढ़ पीड़ित परिवारों को राहत सामग्री भी वितरित की।

मुख्यमंत्री ने राहत सामग्री वितरण के बाद आयोजित जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि उन्होंने बाढ़ प्रभावित परिवारों से बातचीत की है और उनकी समस्याओं को समझने का प्रयास किया है। सरकार की ओर से प्रभावित लोगों को आवश्यक राहत सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। योगी ने कहा कि बरसात के मौसम में नदियों का जलस्तर बढ़ने से

सीएम योगी ने कहा कि करीब 10 साल पहले इसी मौसम में उत्तर प्रदेश के 40 से 45 जिले बाढ़ की चपेट में आ जाते थे। उन्होंने कहा



निचले इलाकों में जलजमाव की समस्या उत्पन्न होती है। वरुणा नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी के कारण वाराणसी के कुछ निचले क्षेत्रों में भी पानी भरने की स्थिति बनी है।

कि पिछले करीब साढ़े नौ वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश में विभिन्न क्षेत्रों में किए गए कार्यों के सकारात्मक परिणाम अब दिखाई दे रहे हैं।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorcha.com









## एक नजर

### परिषदीय स्कूल बंद करने का विरोध कर रहे सपा नेता नजरबंद

**फरीदपुर (बरेली)।** समाजवादी पार्टी के उच्च नेतृत्व के निर्देश पर प्रदेश में बंद किए जा रहे परिषदीय विद्यालयों के विरोध में शिक्षक दिवस मनाने जा रहे सपा कार्यकर्ताओं को पुलिस ने नजरबंद कर दिया। फरीदपुर तहसील के फरीदपुर व भुता ब्लॉक में 11 विद्यालयों का विलय अन्य विद्यालयों में किया गया है। शनिवार को सपा कार्यकर्ता भुता के ग्राम अठाना में बंद विद्यालय का विरोध करने जा रहे थे। सभी सपा नेत्री पूनम सेन के मेन रोड स्थित कार्यालय पर एकत्र हुए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें रोक दिया। कार्यकर्ता कार्यालय के सामने दरी बिछाकर बैठ गए। बाद में सीओ संदीप कुमार सिंह व इंस्पेक्टर राधेश्याम ने समझाकर सभी को कार्यालय पर ही हाउस अरेस्ट कर दिया। मौके पर विधानसभा अध्यक्ष बलराम सिंह यादव, नगर अध्यक्ष नुसरत शेख, जिला सचिव कप्तान सिंह यादव, सभासद इरफान हुसैन सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शिक्षक दिवस: शिक्षकों को किया सम्मानित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**फरीदपुर (बरेली)।** फरीदपुर विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी से टिकट की दावेदारी कर राजनीति की शुरुआत कर रहे सेवा निवृत्त शिक्षा निदेशक डॉ.महेंद्र देव ने शिक्षक दिवस पर नगर में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे एमएलसी बरेली-रामपुर परिक्षेत्र कुंवर महाराज सिंह, कटरा विधायक वीर विक्रम सिंह प्रिंस एवं प्रदेश मंत्री सुभाषिनी जायसवाल का आयोजकों ने पटका पहनाकर व पुष्पब गुच्छ देकर अभिनंदन किया। तत्पश्चात अतिथियों ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों के जीवन को सही दिशा देने के साथ-साथ उनके



शिक्षकों को सम्मानित करते जनप्रतिनिधियों के साथ आयोजक डॉ. महेंद्र देव।

उज्ज्वल भविष्य की नींव तैयार करते हैं। वर्तमान समय में शिक्षकों और बच्चों के बीच संवाद और समझ में अंतर देखने को मिल रहा है। बच्चे कई बार शिक्षकों और अभिभावकों की बात सुनने को तैयार नहीं होते। बच्चों के मार्ग में कई तरह की चुनौतियां और रुकावटें आती हैं। ऐसे में विद्यार्थियों को अपने माता-पिता और शिक्षकों के मार्गदर्शन को गंभीरता से लेना चाहिए। उन्होंने अध्यापकों से विद्यालय और विद्यार्थियों को अपना आशीर्वाद और मार्गदर्शन देते रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के सभी परिषदीय एवं माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों व शिक्षकों को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। आयोजकों ने जन प्रतिनिधियों के हाथों शिक्षकों को मोमेंटो व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित कराया। अंत में डॉ. महेंद्र देव एवं उनकी पत्नी मीना देव ने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहभागी सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान संयुक्त शिक्षा निदेशक रामाज्ञा कुमार, भाजपा नगर अध्यक्ष प्रतुल अग्रवाल, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष ओमवीर गुर्जर, रघुवीर सिंह, देवेन्द्र सिंह परमार के अलावा बड़ी संख्या में विद्यालयों के शिक्षक गण उपस्थित रहे।



### उच्च प्रा. वि. लखा के शिक्षक सर्वेश कुमार सम्मानित

**मीरगंज/शीशगढ़।** तहसील बहेड़ी के तहसील सभागार में शिक्षक दिवस पर शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित हुआ। शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया। ब्लॉक शेरगढ़ के उच्च प्राथमिक विद्यालय लखा के शिक्षक सर्वेश कुमार को उत्कृष्ट शिक्षण कार्य, शैक्षणिक नवाचार और विद्यालय विकास में योगदान के लिए सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी और उपजिलाधिकारी ने उन्हें प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह प्रदान किया। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षक समाज की नींव मजबूत करने और विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में अधिकारी, शिक्षक और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## संक्षेप समाचार



### शिक्षकों के सम्मान में गूंजा लक्ष्य मॉडर्न स्कूल

**फतेहगंज पूर्वी।** शिक्षक दिवस पर लक्ष्य मॉडर्न स्कूल में विद्यार्थियों ने भाषण, कविता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर शिक्षकों के प्रति सम्मान व्यक्त किया। विद्यालय के डायरेक्टर महेश राठौर ने बच्चों को शिक्षक दिवस के महत्व बताते हुए कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों के भविष्य और संस्कारों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रिंसिपल सचिन अवस्थी ने भी बच्चों को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सुहानी मिश्रा, अजीत पाल, कोमल मिश्रा, राकेश कुमार, शुभम गुप्ता सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।



### तहसील प्रशासन ने किया शिक्षकों का सम्मान

फरीदपुर (बरेली)। शिक्षक दिवस के अवसर पर तहसील प्रशासन ने शिक्षकों को सम्मानित किया। शनिवार 05 सितम्बर को तहसील सभागार फरीदपुर में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी, फरीदपुर विदुषी सिंह एवं तहसीलदार फरीदपुर प्रशान्त अवस्थी, नायब तहसीलदार कमलेश राजपूत द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले शिक्षकों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षक समाज के निर्माता होते हैं। शिक्षक ही बच्चों के भविष्य को संवारने के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में नन्दन सिंह भण्डारी सहायक अध्यापक कम्पोजिट उ.प्रा.वि. विलहरा मो. जियाउल हसन इंचार्ज प्रधानाध्यापक कम्पोजिट वि. रजनापुर जयपाल कश्यप प्रधानायध्यक प्रा.वि. फैजनगर शशि भूषण पाठक सहायक अध्यापक प्रा.वि. शिवपुरी को सम्मानित किया गया।



### एक पेड़ गुरु के नाम अभियान के तहत हुआ पौधरोपण

**आंवला।** वनविभाग की ओर से शिक्षक दिवस के अवसर पर शनिवार को भमोरा के गांव कुड्डा स्थित शशांक जूनियर हाईस्कूल प्रांगण में एक पेड़ गुरु के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। क्षेत्रीय वनाधिकारी आंवला रेंज, विद्यालय प्रबंधक और छात्र-छात्राओं ने गुरुओं के सम्मान में पौधे लगाए। इस दौरान अंतर्राष्ट्रीय गिद्ध जागरूकता दिवस के अंतर्गत विशाल गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। गोष्ठी में विद्यालय प्रबंधक सुरेश चंद्र गुप्ता और वन विभाग के अधिकारियों ने गिद्धों के संरक्षण एवं पर्यावरण संतुलन में उनकी भूमिका के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में क्षेत्रीय वनाधिकारी आंवला हनुमान प्रसाद, उपक्षेत्रीय वनाधिकारी अवनेश गंगवार, वन दरोगा गौरव पाल सिंह, अजय गंगवार, नितिन, सोनम सेंगर, महेश चंद्र सहित विद्यालय के शिक्षक, छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## शिक्षक दिवस पर चंद्र प्रकाश मेमोरियल इंटर कॉलेज में शिक्षकों का सम्मान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मीरगंज।** शिक्षक दिवस के अवसर पर शनिवार को चंद्र प्रकाश मेमोरियल इंटर कॉलेज धंतिया में शिक्षक दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक भद्रसेन गंगवार ने प्रधानाचार्य समेत सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को अपने हाथों से उपहार देकर सम्मानित किया। उन्होंने शिक्षकों के समर्पण, मेहनत और विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया।समारोह के दौरान स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक एवं मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत कर शिक्षकों के प्रति अपने सम्मान और भावनाओं को व्यक्त किया।



विद्यार्थियों ने भारत के महान शिक्षाविद्, दार्शनिक एवं देश के दूसरे राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला।डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म 5 सितंबर 1888 को तमिलनाडु के तिरुत्तनी में हुआ था। वे प्रख्यात दार्शनिक, शिक्षाविद् और विद्वान थे। शिक्षा और दर्शन के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के सम्मान में उनके जन्मदिन को भारत में शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। वे वर्ष 1962 से 1967 तक भारत के राष्ट्रपति रहे। इससे पहले उन्होंने भारत के उपराष्ट्रपति का दायित्व भी संभाला। उन्हें देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से भी सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में प्रबंधक भद्रसेन गंगवार ने कहा कि शिक्षक केवल पाठ्यक्रम पूरा करने वाला व्यक्ति नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के चरित्र, संस्कार और भविष्य को दिशा देने वाला मार्गदर्शक होता है। उन्होंने कहा कि "गुरु का सम्मान वास्तव में शिक्षा और ज्ञान का सम्मान है।"इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं स्टाफ मौजूद रहा।

## उत्कृष्ट शिक्षकों का हुआ सम्मान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मीरगंज।** शिक्षक दिवस के अवसर पर शनिवार को तहसील मीरगंज स्थित सभागार में उत्कृष्ट एवं मेधावी शिक्षकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मंडलायुक्त शंभू कुमार एवं मुख्य विकास अधिकारी देवयानी ने शिक्षकों को सम्मानित कर उनके योगदान और उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की।



समारोह के दौरान प्राथमिक विद्यालय दियोसास के प्रशांत गुप्ता, प्राथमिक विद्यालय मीरगंज की सायमा अख्तर तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय आनंदपुर की ऋच्या अग्रवाल को उत्कृष्ट शिक्षण कार्य के लिए शॉल ओढ़ाकर एवं प्रशस्ति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।अधिकारियों ने कहा कि शिक्षक समाज के निर्माण और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की नींव तैयार करते हैं। विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण है। उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों का सम्मान अन्य शिक्षकों को भी बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करता है।सम्मान प्राप्त करने वाले शिक्षकों ने अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए शिक्षा की गुणवत्ता और विद्यार्थियों के हित में निरंतर बेहतर कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया। समारोह में शिक्षा विभाग से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी एवं अन्य लोग मौजूद रहे।इस दौरान एसडीएम निधि शुक्ला, तहसीलदार आशीष कुमार सिंह, बीडीओ आनन्द विजय यादव, आशीष पाल, एडीओ समाजकल्याण आसिम अली सहित तमाम अधिकारी मौजूद रहे।

## श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर निकाली गयी पालकी शोभा यात्रा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**आंवला।** शुक्रवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बडे ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शनिवार के विभिन्न स्थानों पर पालकी शोभायात्रा निकाली गयी। शोभायात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया। आंवला नगर के समीपवर्ती गांव मनौना में पालकी यात्रा धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ निकाली गई।

पालकी यात्रा में देवी-देवताओं के स्वरूपों की आकर्षक झांकियां शामिल की गईं। श्रद्धालु भजन-कीर्तन और हाथी घोडा पालकी, जय कन्हैया लाल की आदि जयघोष करते हुए यात्रा के साथ चलते रहे। यात्रा का जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। मुस्लिम समाज के लोगों ने भी पालकी यात्रा का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए आपसी भाईचारे की मिसाल पेश की।

ग्राम प्रशासक मुमत्याज, पूर्व प्रधान रियाज अहमद, पप्पू, डॉक्टर सरफराज निराले अंसारी, इस्लाम आदि के दरवाजों पर यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। यात्रा में हिंदू-मुस्लिम समुदाय के लोगों की सहभागिता देखी गई। पालकी यात्रा कमेटी में पुष्पेंद्र चौहान, सुमित चौहान, डॉक्टर पवन सिंह, आर्येंद्र चौहान, पूर्व प्रधान अजयपुरी, सूरज एडवोकेट, जितेंद्र सिंह, विमल सिंह, कवित समेत भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## 1300 ग्राम हेरोइन के साथ अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार, भाई फरार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मीरगंज।** मीरगंज।थाना मीरगंज पुलिस और बरेली एएनटीएफ (ANTF) की संयुक्त टीम ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक शातिर हेरोइन तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 1300 ग्राम अवैध हेरोइन (स्मैक), एक मोबाइल फोन और 1200 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में जब्त हेरोइन की कीमत लाखों रुपये आंकी जा रही है। वहीं, आरोपी का सगा भाई मौका पाकर फरार होने में सफल रहा। पुलिस प्रेसनोट के अनुसार, 3 सितंबर को एएनटीएफ यूनिट बरेली को मुखबिर खास से सटीक सूचना मिली थी कि फरीदपुर के ग्राम मोहनपुर निवासी जब्बार और उसका सगा भाई सत्तार बड़े पैमाने पर हेरोइन बनाने व तस्करी का कारोबार करते हैं। दोनों उत्तराखंड (देहरादून) की बड़ी पार्टियों को माल सप्लाई करते हैं। सूचना के आधार पर 4 सितंबर को एएनटीएफ यूनिट के उपनिरीक्षक विकास यादव और थाना मीरगंज के उपनिरीक्षक पंकज कुमार ने पुलिस बल (कांस्टेबल अंकुर) के साथ रेबिल अस्पताल के सामने ग्राम परौरा जाने वाले रास्ते पर घेराबंदी की। इस दौरान अभियुक्त जब्बार पुत्र छिद्दन खां (उम्र लगभग 45 वर्ष, निवासी ग्राम मोहनपुर, थाना फरीदपुर/मीरगंज) को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि उसका भाई सत्तार खां मौके से फरार हो गया।

### देहरादून की पार्टियों को सप्लाई करते थे खेप

पूछताछ में गिरफ्तार आरोपी जब्बार ने चौंकाने वाले खुलासे किए। उसने बताया कि वह और उसका भाई सत्तार खुद हेरोइन तैयार करते हैं। वे मुख्य रूप से देहरादून की पार्टियों को सप्लाई देते हैं और कई बार खुद भी माल लेकर वहां जाते हैं। गिरफ्तारी से बचने के लिए वे आपस में केवल व्हाट्सएप कॉल पर बात करते थे और कॉल डिटेल तुरंत डिलीट कर देते थे। आरोपी ने स्वीकार किया कि वह इस वर्ष भी देहरादून जाकर लाखों रुपये की हेरोइन खपा चुका है और इस बार भी देहरादून से आई पार्टी को डिलीवरी देने जा रहा था।

### सपा ने उठाई स्कूल बचाओ आवाज

**आंवला।** आंवला क्षेत्र के ग्राम धर्मपुर, खरगपुर, धौरेला और चंदूपुरा सहित कई प्राथमिक विद्यालयों में सपाइयों ने पहुंचकर विद्यालयों के विलय और बंद किए जाने का विरोध किया। कार्यकर्ताओं ने इसे तानाशाही व जनविरोधी फैसला बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की शिक्षा विरोधी नीतियों से गरीब बच्चों का भविष्य प्रभावित हो रहा है।






समारोह | राधा-कृष्ण की वेशभूषा में सजे नन्हे-मुन्ने बच्चे, मनमोहक प्रस्तुतियों से मोहा मन

## ब्राइट बड्स प्ले स्कूल में धूमधाम से मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**फतेहगंज पूर्वी।** ब्राइट बड्स प्ले स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने राधा-कृष्ण की मनमोहक वेशभूषा में विभिन्न प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में विद्यालय के डायरेक्टर विशाल गुप्ता, प्रधानाचार्या वैशाली गुप्ता, सुधांशी मैम एवं शालिनी मैम उपस्थित रहीं। बच्चों ने श्रीकृष्ण के जीवन एवं लीलाओं से जुड़ी प्रस्तुतियां भी दीं। कार्यक्रम के अंत में बच्चों एवं उपस्थित सभी लोगों को प्रसाद वितरण किया गया। विद्यालय परिवार ने सभी को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दीं।





### शिक्षक दिवस पर शिक्षकों को किया सम्मानित

**बहेड़ी।** सितम्बर माह के पहले शनिवार को आयोजित समाधान दिवस की अध्यक्षता एडीएम प्रशासन पूर्णिमा सिंह ने की जिसमें शिकायतों को सुना गया। इसी अवधि में तहसील सभागार में ही शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया जिसमें उल्लेखनीय तथा कर्तव्य निष्ठ शिक्षकों को सम्मानित किया गया। शिक्षकों का माल्यार्पण कर प्रशस्ति पत्र दिए गए। एडीएम के साथ एसडीएम गोपाल शर्मा, तहसीलदार भानु प्रताप सिंह के अलावा सम्मानित होने वाले शिक्षकों में केदार सिंह, भुजेंद्र कुमार, रिजवान अहमद, मनोज कुमार, शोभित कुमार तथा राम प्रकाश आदि शामिल रहे। समाधान दिवस में कुल 21 शिकायतें दर्ज कराई गयीं जिनमें किसानों के गन्ना मूल्य भुगतान तथा नदेली रोड पर चल रहे निर्माण कार्य की गति बहुत सुस्त होने की शिकायत प्रमुख रही। समाधान दिवस के समापन के बाद एडीएम प्रशासन अपने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ शेरगढ़ मार्ग स्थित कान्हा गौशाला पहुंची। गौशाला की व्यवस्थाओं पर संतुष्टि जताते हुए वहाँ कार्यरत केयरटेकरों से सफाई व्यवस्था और चाक चौबंद रखने के साथ ही गोबर के उचित निस्तारण के निर्देश दिए।

## एक नजर

### सुरेश गंगवार बने विधानसभा अध्यक्ष

मीरगंज। समाजवादी पार्टी ने 119 मीरगंज विधानसभा क्षेत्र में संगठन को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए ग्राम बहरोली निवासी सुरेश गंगवार को पार्टी की 119-मीरगंज विधानसभा क्षेत्र का अध्यक्ष मनोनीत किया है।समाजवादी पार्टी बरेली के जिलाध्यक्ष शुभलेश यादव की ओर से जारी मनोनयन-पत्र में बताया गया है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुमति एवं प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल के अनुमोदन से सुरेश गंगवार को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।पत्र में जिलाध्यक्ष ने उम्मीद जताई है कि सुरेश गंगवार के नेतृत्व में पार्टी को मीरगंज विधानसभा क्षेत्र में नई ऊर्जा और गति मिलेगी। साथ ही उनसे राष्ट्रीय अध्यक्ष की नीतियों एवं विचारों को जन-जन तक पहुंचाने तथा पार्टी संगठन को मजबूत करने की अपेक्षा की गई है।

# झांकी निकाल कर वापस जा रहे ट्रैक्टर पर उतरा करंट, दो की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मीरगंज/ शीशगढ़।** थाना क्षेत्र के एक गांव में जन्माष्टमी पर झांकी निकाल रहे ट्रैक्टर पर बिजली का करंट उतर आने से एक ग्यारह वर्षीय बालक व ट्रैक्टर चालक की मृत्यु हो गई जबकि एक की हालत गंभीर है। सूचना मिलने पर एसपी उत्तरी मुकेश चंद मिश्रा पुलिस के साथ घटना स्थल पर पहुंच गए।

थाना क्षेत्र के ग्राम सराय ( खेड़ा) में आज शाम जन्माष्टमी के मौके पर ट्रैक्टर ट्रॉली से झांकी निकाली जा रही थी। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद ट्रैक्टर चालक वीरेंद्र ट्रैक्टर ट्राली लेकर वापस जा रहे थे। रास्ते में ट्राली में तिरपाल बांधने के लिए बंधा लोहे का पाइप बिजली के तार को छू जाने से ट्रैक्टर ट्राली में करंट उतर आया। करंट उतरने से ट्रैक्टर ट्राली में बैठे दीप ( ग्यारह वर्ष) पुत्र वीरपाल की मौके पर ही मौत हो गई। ट्रैक्टर चालक वीरेंद्र पुत्र ( 25 ( वर्ष) व बंटी ( 13 वर्ष) करंट से झुलस कर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की सहायता दोनों घायलों को एंबुलेंस से इलाज हेतु बरेली दिया जिसमें ट्रैकर चालक वीरेंद्र ने रास्ते में दम तोड़ दिया। वहीं घायल बंटी की हालत गंभीर बनी हुई है।

गांव में अचानक हुई दो मौतों से शोक का माहौल है। गलियों सन्नाटा पसरा हुआ है। सूचना पर निवर्तमान जिला पंचायत सदस्य समीरुद्दीन खां भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने परिवार मृतकों के परिवार को ढाढ़स बंधाया।

## करेंट लगने से राजमिस्त्री की मौत



**बहेड़ी।** नगर के मोहल्ला मोहम्मदपुर में निर्माणाधीन मकान की तीसरी मंजिल पर पाड़ बांधने के दौरान गीला बांस हाइटेंशन लाइन से छू गया। इसके चलते उतरे करेंट की चपेट में आकर एक युवा राजमिस्त्री जमीन पर आ गिरा और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना शनिवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे की बताई जाती है। मोहल्ला मोहम्मदपुर निवासी मो हसन पुत्र अकबर अली अपने ही मोहल्ले में एक निर्माणाधीन मकान की तीसरी मंजिल पर काम कर रहा था । इसी दौरान पाड़ बांधने को प्रयोग किए गए बांस जो कि बरसात में भीग गये थे, हाइटेंशन लाइन से छू गये।। और तभी करेंट के झटके से मो हसन नीचे आ गिरा। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुँच गयी और पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम हाउस भिजवाया। घटना के बाद घर में कोहराम मच गया। मो हसन उर्फ गुड्डा तीन भाई तथा पांच बहनों में सबसे बड़ा था और उसी के सिर पर परिवार चलाने की जिम्मेदारी थी। उसकी बेटी महज दो साल की है जो नहीं जानती कि उसके सिर से पिता का साया उठ गया।

## श्यामगंज में हो रही खुलेआम मीट बिक्री

**बरेली।** श्यामगंज सब्जी मंडी क्षेत्र में खुले में मीट की बिक्री का मामला सामने आया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि दुकानों के बाहर खुले में मीट टांगकर बेचा जा रहा है, जिससे खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता मानकों को लेकर सवाल उठ रहे हैं। लोगों का कहना है कि ऐसी स्थिति पहले भी सामने आ चुकी है, लेकिन प्रभावी कार्रवाई नहीं दिख रही। स्थानीय लोगों ने क्षेत्र में नियमित निरीक्षण की व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए जिम्मेदार अधिकारी, अब तक हुए निरीक्षण और कार्रवाई की जानकारी सार्वजनिक करने की मांग की है। हालांकि, विभागीय अधिकारियों की ओर से किसी लापरवाही या मिलीभगत की पुष्टि नहीं हुई है। लोगों ने प्रशासन और खाद्य सुरक्षा विभाग से जांच कर नियमों का उल्लंघन मिलने पर कार्रवाई की मांग की है।

## संक्षेप समाचार



### शिक्षक दिवस के अवसर पर तहसील क्षेत्र के 6 शिक्षक उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित

**आंवला।** तहसील सभागार में शनिवार को समाधान दिवस के दौरान बेसिक शिक्षा विद्यालयों में शिक्षण प्रतिभा और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले 6 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। एसडीएम आंवला सुशील कुमार मिश्रा की मौजूदगी में आयोजित कार्यक्रम में ब्लॉक आलमपुर जाफराबाद के गांव धर्मपुर स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय की इंचार्ज प्रधानाध्यापक सरिता सागर और सहायक अध्यापक उर्वशी शर्मा, मझगवां ब्लॉक के गांव रहटुईया स्थित उच्चतर प्राथमिक विद्यालय की सहायक अध्यापक निधि श्रीवास्तव, आंवला नगर क्षेत्र के मोहल्ला किला द्वितीय प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक निर्मेश सिंह चौहान, नगर क्षेत्र के शिक्षामित्र हेमंत कुमार, रामनगर ब्लॉक के गांव बरसेर सिकंदरपुर स्थित कंपोजिट विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक गौरव सिंह को शॉल, माला, प्रशस्ति चिह्न और मिठाई भेंट कर पुरस्कृत किया गया। एसडीएम ने कहा कि परिषदीय विद्यालय प्राथमिक शिक्षा की बुनियाद हैं। विद्यार्थियों के भविष्य को लेकर जागरूक और समर्पित शिक्षक समाज का गौरव हैं। कार्यक्रम में न्यायिक एसडीएम आंवला शिव प्रसाद, सीओ आंवला हेमंत उपाध्याय, नायब तहसीलदार आंवला, आदि मौजूद रहे।

### धूमधाम से निकाला गया शोभायात्रा जुलूस



**शीशगढ़।** नवमी पर राधा कृष्ण की मनोहारी झांकियों के साथ भव्य शोभायात्रा जुलूस पुलिस की सुरक्षा में निकाला गया !कस्बे के प्राचीन बगिया बाले शिव मन्दिर से महंत मुरारी लाल राठौर के नेतृत्व में शोभायात्रा जुलूस निकाला गया ! शोभायात्रा में राधा कृष्ण की मनोहारी झँाकियां थी ! जुलूस मंदिर प्रांगण से शुरू होकर अपने परम्परागत रास्ते से गुजरते हुए गिरधरपुर पेट्रोल पम्प पर पहुंचा !पेट्रोल पम्प से वापसी करते हुए बरेली बस अड्डा,पड़ाव चौराहा,थाने के सामने से मोहल्ला साहूकारा आदि जगह से गुजरते हुए मंदिर पर जा कर समापन हुए ! जुलूस में शामिल सैकड़ो की तादात में महिला,पुरुष,बच्चे झांकियों पर पुष्प वर्षा कर राधे कृष्ण के जयकारा लगाते चल रहे थे !जिससे माहौल भक्तिमय नजर आया ! जुलूस में सभासद त्रिमल सिंह राठौर,ठाकुर शिव कुमार सिंह,राजीव कठेरिया,प्रदीप माली,सुनील राजपूत,लालता प्रसाद राठौर,जसवंत राठौर आदि भक्त शामिल रहे।

### शिक्षण संस्थानों में मनाया गया शिक्षक दिवस

**शीशगढ़।** मानपुर के स्वामी सोमनाथ इंटर कालेज, शहपुरा के चौधरी रंजीत सिंह और कनकपुरी के चतुरी प्रसाद शिक्षा निकेतन में शनिवार को शिक्षक दिवस अत्यंत हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती और डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण के साथ हुआ !स्वामी सोमनाथ इंटर कालेज मे समारोह के मुख्य अतिथि प्रवंधक डॉ.धर्म सिंह ने अपने संबोधन में सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और राष्ट्र निर्माण में गुरुओं के अमूल्य योगदान पर प्रकाश डाला ! कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अध्यक्ष गजय सिंह ने विद्यार्थियों को शिक्षकों के बताए मार्ग पर चलने और उनके सम्मान का संकल्प लेने की प्रेरणा देते हुए कहा कि एक अच्छा शिक्षक ही समाज को सही दिशा और ऊर्जा प्रदान करता है ! समारोह के दौरान प्रधानाचार्य अजीत यादव ने भी अपने विचार रखे और सभी का मार्गदर्शन किया ! कार्यक्रम के अंतिम चरण में प्रवंधक डॉ धर्म सिंह ने शिक्षकों को शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया ! इस दौरान विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### नगर में निकाली गई भव्य नौमी शोभायात्रा

**बहेड़ी।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अगले दिन नगर में भव्य नौमी शोभायात्रा निकाली गई। सायंकाल मोहल्ला शेखूपुर स्थित प्राचीन शिव मंदिर से गाजे बाजे के साथ शोभायात्रा की शुरुआत हुई। वहाँ से गणेश गेट वाले रास्ते से मोहल्ला रामलीला होते हुए शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्ग पर पहुंचीं और मद्धिम चाल से चलते हुए तहसील रोड से पंजाबी कालोनी के रास्ते जाफरी चौराहे से गुजरकर वापस अपने प्रस्थान स्थल पर पहुँच कर समाप्त हुई। शोभायात्रा में विभिन्न हिंदू आराध्यों के अलावा कई अन्य मनमोहक झांकियां थीं। शोभायात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं ने श्री राधाकृष्ण की झांकी में स्वरूपों की आरती उतारकर प्रसाद अर्पित किया। इस दौरान कमेटी के हीरालाल तोमर, वीरेंद्र दीक्षित, सजल अग्रवाल, राजेश दीक्षित, सीताराम दुबे, अनिल मिश्रा आदि के अलावा प्रमुख समाजसेवी तथा व्यवसायी अतुल गर्ग, भाजपा नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता, सुनील रस्तोगी आदि पूरे समय शोभायात्रा के साथ रहे।

# दिल्ली क्राइम ब्रांच ने सीएमओ कार्यालय के कंप्यूटर ऑपरेटर को दबोचा, डॉ. विश्राम ने साधी चुप्पी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** फर्जी दिव्यांग प्रमाणपत्र तैयार किए जाने के आरोपों ने स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। शनिवार को दिल्ली क्राइम ब्रांच की टीम ने बरेली के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) कार्यालय में तैनात कंप्यूटर ऑपरेटर कुलदीप को गिरफ्तार कर लिया। टीम कार्यालय पहुंची और पूछताछ के बाद उसे अपने साथ ले गई। सीएमओ कार्यालय में हुई इस कार्रवाई से अधिकारियों और कर्मचारियों में खलबली मच गई। पूरे दिन कार्यालय में गिरफ्तारी की चर्चा होती रही, जबकि जिम्मेदार अधिकारी मामले पर बोलने से बचते नजर आए। जानकारी के मुताबिक, कुलदीप सीएमओ कार्यालय में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर तैनात है। दिव्यांग प्रमाणपत्र से संबंधित ऑनलाइन कार्य में भी उसकी भूमिका बताई जा रही है। आरोप है कि ENT विभाग से जुड़े कुछ कर्मचारियों के साथ मिलकर एक व्यक्ति का कथित फर्जी दिव्यांग प्रमाणपत्र तैयार किया गया। इसी मामले की शिकायत दिल्ली क्राइम ब्रांच से हुई थी। जांच आगे बढ़ने के बाद क्राइम ब्रांच की टीम शनिवार को बरेली पहुंची और सीएमओ कार्यालय से कुलदीप को गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई। कंप्यूटर ऑपरेटर की गिरफ्तारी के बाद सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह से मामले में सवाल किया गया। उनसे पूछा गया कि उनके कार्यालय में तैनात कर्मचारी पर फर्जी प्रमाणपत्र तैयार करने का आरोप है और दिल्ली क्राइम ब्रांच उसे गिरफ्तार करके ले गई है, इस पर उनका क्या कहना है। इस पर सीएमओ ने कोई जवाब नहीं दिया और हाथ जोड़कर प्रतिक्रिया देने से बचते रहे। क्राइम ब्रांच अब यह पता लगाने में जुटी है कि कथित प्रमाणपत्र कैसे तैयार हुआ, इसमें किन कर्मचारियों की भूमिका रही और किसी तरह का आर्थिक लेन-देन हुआ या नहीं। कुलदीप के साथ जुड़े कर्मचारियों और रिकॉर्ड की भी जांच की जा सकती है। दिल्ली क्राइम ब्रांच की कार्रवाई के बाद स्वास्थ्य विभाग में सवाल उठने लगे हैं कि यदि प्रमाणपत्र प्रक्रिया में अनियमितता हुई तो उसकी निगरानी और सत्यापन की जिम्मेदारी किसकी थी। जांच के बाद ही पूरे मामले में शामिल लोगों और कथित नेटवर्क की तस्वीर साफ होगी।

# 2.60 करोड़ की हेरोइन के साथ गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** बरेली से उत्तराखंड तक फैले नशे के नेटवर्क के खिलाफ एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने बड़ी कार्रवाई की है। मीरगंज क्षेत्र में टीम ने फरीदपुर निवासी जब्बार खां को 1 किलो 300 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया। बरामद हेरोइन की अनुमानित कीमत करीब 2.60 करोड़ रुपये बताई गई है।

आरोपी कथित तौर पर खेप लेकर देहरादून डिलीवरी देने जा रहा था। एएनटीएफ बरेली यूनिट को हेरोइन की बड़ी खेप ले जाए जाने की सूचना मिली थी। टीम ने मीरगंज क्षेत्र में निगरानी बढ़ाकर परौरा कट स्थित रेबिल हॉस्पिटल के सामने संदिग्ध को पकड़ लिया। तलाशी में हेरोइन के अलावा मोबाइल फोन और 1,200 रुपये बरामद होने का दावा किया गया है। पूछताछ में आरोपी ने कथित तौर पर बताया कि वह अपने भाई के साथ मिलकर हेरोइन की सप्लाई करता था। दोनों कम कीमत में नशे की खेप खरीदकर देहरादून की पार्टियों तक पहुंचाते थे। अब एएनटीएफ मोबाइल और संपर्कों के आधार पर सप्लायर से लेकर खरीदार तक नेटवर्क की कड़ियां खंगाल रही है। आरोपी के भाई की भूमिका की भी जांच की जा रही है। जब्बार के खिलाफ मीरगंज थाने में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21/29 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। कार्रवाई एएनटीएफ बरेली यूनिट प्रभारी उपनिरीक्षक विकास यादव की टीम ने मीरगंज पुलिस और लखनऊ मुख्यालय की सर्विलांस टीम के सहयोग से की।

## नाबालिग बहन के अपहरण का आरोप

**बरेली।** बारादरी थाना क्षेत्र के जोगी नवादा निवासी असलम ने अपनी नाबालिग बहन के अपहरण का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। तहरीर के मुताबिक घटना दो सितंबर की रात करीब दो बजे हुई। आरोप है कि ईशारिव पुत्र सद्दन निवासी एरवारा, बिनावर, बदायूं तथा पड़ोसी अशफाक, उसकी पत्नी कमसरी और पुत्र शमशाद नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले गए। घर से 83 हजार रुपये नकद और सोने-चांदी के जेवर ले जाने का आरोप भी लगाया गया है। विरोध करने पर गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की बात कही गई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

# बी.फार्मा के छात्रों का भविष्य फंसा, कॉलेज पर फर्जी मार्कशीट देने का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** खुसरो कॉलेज से बी.फार्मा करने वाले छात्रों ने कॉलेज प्रबंधन पर कथित फर्जी मार्कशीट देने का आरोप लगाते हुए प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। शनिवार को छात्रों ने अपर नगर मजिस्ट्रेट प्रथम को शिकायती पत्र सौंपकर मामले की जांच कराने और दोषी लोगों पर कार्रवाई की मांग की।

छात्रों का कहना है कि उन्होंने वर्ष 2020 में बी.फार्मा में प्रवेश लिया था, लेकिन बाद में मार्कशीट की जांच कराने पर उसकी वैधता को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए। छात्रों के अनुसार, फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI) में रजिस्ट्रेशन कराने के दौरान उन्हें मार्कशीट से जुड़ी कथित गड़बड़ी की जानकारी हुई। इसके बाद उन्होंने कॉलेज के एमडी शेर अली जाफरी से शिकायत की। आरोप है कि समाधान करने के बजाय उन्हें धमकाया गया और कॉलेज छोड़ने को कहा गया। छात्रों ने बताया कि मामले की शिकायत पुलिस और प्रशासन से भी की गई थी। उनका दावा है कि जांच के बाद कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ और शेर अली जाफरी को जेल भेजा गया। इसके बावजूद उनकी पढ़ाई और प्रमाणपत्रों की समस्या दूर नहीं हुई। छात्रों का कहना है कि फरवरी 2025 में अधिकारियों की मौजूदगी में कॉलेज की ओर से समाधान का आश्वासन दिया गया था। कुछ छात्रों को दूसरे संस्थानों में स्थानांतरित करने की प्रक्रिया भी हुई, लेकिन सभी को लाभ नहीं मिला। छात्रों ने प्रशासन से जल्द समाधान और फीस समेत हुए नुकसान की भरपाई की मांग की।

## रोटरी क्लब ऑफ बरेली साउथ ने धूमधाम से मनाया शिक्षक दिवस

**बरेली।** रोटरी क्लब ऑफ बरेली साउथ द्वारा रोटरी पब्लिक स्कूल, रजऊ में शिक्षक दिवस बड़े उत्साह और गरिमापूर्ण माहौल में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के 22 शिक्षकों को उनके समर्पण और सेवाओं के लिए उपहार देकर सम्मानित किया गया। वहीं, विद्यालय की 2 शिक्षिकाओं नेहा मिश्रा और दीपिका तिवारी को उनके विशेष एवं उल्लेखनीय योगदान के लिए डिस्ट्रिक्ट 3110 द्वारा प्रदान किए गए प्रमाण-पत्र से सम्मानित किया गया। क्लब अध्यक्ष रोहित जिंदल ने सभी शिक्षकों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षक बच्चों के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्हें इसी समर्पण और सकारात्मक भावना के साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करते रहने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष रोहित जिंदल, रोटरी सोसाइटी अध्यक्ष अनुपम कपूर, स्कूल चेयरमैन शरद गुप्ता, सचिव शिशिर पांडे, क्लब सर्विस डायरेक्टर डी.सी. खंडेलवाल, अजय जसोरिया सहित क्लब के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

भक्ति

जन्माष्टमी पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, आधी रात गूंजे श्रीकृष्ण के जयकारे

# कान्हा के जन्म पर भक्ति में सराबोर हुआ राधा-कृष्ण मंदिर

जागरण मोर्चा कार्यालय



**फतेहगंज पश्चिमी।** रबर फैक्ट्री परिसर स्थित श्री राधा-कृष्ण मंदिर में शुक्रवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े उत्साह और धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाया गया। जन्माष्टमी को लेकर मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी सजावट से सजाया गया था। भगवान श्री राधा-कृष्ण और बाल गोपाल के दर्शन के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था। दिनभर मंदिर में भजन-कीर्तन का दौर चलता रहा। श्रद्धालु कृष्ण भजनों पर झूमते और नृत्य करते नजर आए। जैसे-जैसे रात बढ़ती गई, मंदिर में भक्तों की संख्या भी बढ़ती गई। आसपास के क्षेत्रों के साथ दूर-दराज से भी श्रद्धालु भगवान के दर्शन के लिए पहुंचे, जिससे मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा। रात्रि 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के साथ ही मंदिर परिसर में उत्साह चरम पर पहुंच गया। श्रद्धालुओं ने "जय श्रीकृष्ण" और "नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की" के जयकारों से वातावरण को भक्तिमय कर दिया। बाल स्वरूप भगवान के दर्शन कर श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की और आशीर्वाद लिया। इसके बाद लोग प्रसाद ग्रहण कर शांतिपूर्वक अपने घरों को लौटे। मंदिर के पुजारी पं. बृजप्रफुल्ल नंदन ने बताया कि जन्माष्टमी के अवसर पर मंदिर में प्रत्येक वर्ष विशेष आयोजन किया जाता है। इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान श्री राधा-कृष्ण के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन की ओर से भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। थाना प्रभारी प्रवीण कुमार, कस्बा चौकी प्रभारी आदेश कुमार, और स्नेहलौर सहित पुलिसकर्मी मंदिर परिसर में तैनात रहे। पुलिसकर्मियों ने भीड़ को व्यवस्थित रखने और श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए लगातार निगरानी की।




# पुलिस लाइन में धूमधाम से मनाई गई जन्माष्टमी

## डीएम और एसएसपी ने विधि-विधान से की पूजा-अर्चना, पुलिस परिवार के बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां

जागरण मोर्चा कार्यालय



जन्माष्टमी महोत्सव में मौजूद एसएसपी अंकिता शर्मा। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** रिजर्व पुलिस लाइन स्थित मंदिर परिसर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। जिलाधिकारी अवनीश राय और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने पुलिस परिवार के साथ भगवान श्रीकृष्ण की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में पुलिस परिवार के बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति से ओतप्रोत गीतों पर मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। कलाकारों ने भजनों पर नृत्य प्रस्तुत करने के साथ रासलीला का मंचन किया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। पूरे परिसर में भक्ति और उत्सव का माहौल बना रहा। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी गामिनी सिंगला, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ. ह्रदेश कठेरिया, अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभिषेक कुमार सिंह, एसडीएम सदर साई आश्रित शाखमुरी, संयुक्त मजिस्ट्रेट/एसडीएम सहसवान शौर्य अरोड़ा, क्षेत्राधिकारी नगर (सहायक पुलिस अधीक्षक) सुमेध मिलिंद जादव, समस्त क्षेत्राधिकारी, प्रतिसार निरीक्षक इंद्रजीत सिंह समेत पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।



कार्यक्रम का शुभारंभ करते डीएम अवनीश राय व एस एसपी अंकिता शर्मा।



पुलिस लाइन में जन्माष्टमी महोत्सव पर पूजा अर्चना करते अधिकारी।



कृष्ण स्वरूप में नन्हे मुन्ने बच्चे को गोद लिए एसएसपी अंकिता शर्मा।



पुलिस लाइन में प्रसाद वितरण करते अधिकारी। -जागरण मोर्चा

# श्रीकृष्ण के जयकारों से गूंजा आसफपुर शोभायात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब

जागरण मोर्चा कार्यालय





झांकियां के साथ निकलती पालकी। -जागरण मोर्चा

**आसफपुर।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर सोमवार को आसफपुर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। श्री सनातन धर्म सेवार्थ समिति के तत्वावधान में करीब 40 वर्षों से चली आ रही परंपरा इस बार और भव्य रूप में नजर आई। शोभायात्रा के दौरान पूरा कस्बा भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों और बैंड की धुनों से गूंजता रहा। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया।

शोभायात्रा का शुभारंभ विकासखंड क्षेत्र की पुरानी पुलिस चौकी से हुआ। विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी शोभायात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीण और श्रद्धालु शामिल हुए। बाहर से आए कलाकारों ने भगवान श्रीकृष्ण और विभिन्न पौराणिक प्रसंगों पर आधारित आकर्षक झांकियां प्रस्तुत कीं। झांकियों को देखने के लिए मार्गों पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। बच्चों में भी विशेष उत्साह दिखाई दिया।

**शान बैंड प्रथम, इंडिया बैंड को मिला दूसरा स्थान :** शोभायात्रा में शान बैंड और इंडिया बैंड ने शानदार प्रस्तुतियां दीं। समिति की ओर से किए गए मूल्यांकन में शान बैंड को प्रथम और इंडिया बैंड को द्वितीय स्थान मिला। दोनों बैंडों को प्रमाणपत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

**थानाध्यक्ष की मुस्तैदी से शांतिपूर्ण रहा आयोजन:** सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थाना फैजगंज बेहटा पुलिस भी मुस्तैद रही। थानाध्यक्ष कपिल कुमार पुलिस बल के साथ शोभायात्रा के साथ मौजूद रहे और भीड़ व यातायात व्यवस्था पर नजर बनाए रखी। उनकी निगरानी में शोभायात्रा शांतिपूर्ण ढंग से रामलीला मैदान पहुंची, जहां इसका समापन हुआ। समिति ने बताया कि अगले वर्ष से जन्माष्टमी के अवसर पर आसफपुर में मेले का आयोजन भी किया जाएगा। इससे धार्मिक आयोजन को और भव्य स्वरूप देने की तैयारी है। शोभायात्रा में पंकज पाराशरी, कृष्णवीर मिश्रा, राजेश दीक्षित, रामेंद्र दीक्षित, राघवेंद्र शर्मा, प्रवीण दीक्षित समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# आकाशीय बिजली से ट्रांसफार्मर फुंका, कई मोहल्लों की बिजली गुल

जागरण मोर्चा कार्यालय

> **बारिश के बीच रातभर बिजली के लिए परेशान रहे लोग, पानी की सप्लाई भी प्रभावित जेई ने उच्चाधिकारियों को दी सूचना, नया ट्रांसफार्मर लगाने का किया जा रहा प्रयास**

**बदायूं।** सैदपुर कस्बे शुक्रवार रात तेज बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से एसबीआई बैंक के सामने लगा 400 केवीए का ट्रांसफार्मर फुंक गया। ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त होने से नगर के कई मोहल्लों की बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई। देर रात तक बारिश के बीच बिजली विभाग के कर्मचारियों ने ट्रांसफार्मर को ठीक करने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली।

बिजली गुल होने से मेन रोड, नूरी चौक, ख्वाजा चौक, हकीम टोला, खांची समेत कई मोहल्लों के लोगों को रातभर परेशानी का सामना करना पड़ा। बिजली आपूर्ति बाधित होने से सबसे बड़ी समस्या पेयजल को लेकर सामने आई। घरों में पानी की व्यवस्था प्रभावित होने के कारण लोगों को काफी दिक्कत हुई।

जेई जसवीर सिंह ने बताया कि रात करीब 9:10 बजे दैवीय आपदा के कारण आकाशीय बिजली गिरने से वजीरगंज और सैदपुर उपकेंद्र से संबंधित एक ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गया। इसकी जानकारी उपजिलाधिकारी समेत उच्चाधिकारियों को दे दी गई है। नया ट्रांसफार्मर लगाकर जल्द से जल्द बिजली आपूर्ति बहाल कराने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं, मामले में जानकारी के लिए एसडीओ बिल्सी को फोन किया गया, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

# जन्माष्टमी पर सिसरका के प्राचीन देवी मंदिर में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

जागरण मोर्चा कार्यालय



कार्यक्रम में मौजूद ग्रामीण। -जागरण मोर्चा

**ओरछी।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर शनिवार को क्षेत्र के गांव सिसरका स्थित प्राचीन देवी माता मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। धार्मिक अनुष्ठान में आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और माता के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया। देर रात तक मंदिर परिसर में भंडारा चलता रहा।

सुबह से ही मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठानों का सिलसिला शुरू हो गया। माता रानी का विशेष श्रृंगार कर आरती की गई। इसके बाद महाप्रसाद के रूप में विशाल भंडारे का शुभारंभ हुआ। श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर परिसर में दिनभर भक्तिमय भजनों की गूंज रही। श्रद्धालु 'जय माता दी' और 'हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की' के जयकारे लगाते रहे।

भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए गांव के युवाओं और अन्य सेवादारों की टोलियों ने व्यवस्था संभाली। सेवादार देर रात तक श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित करने और अन्य व्यवस्थाओं में जुटे रहे। ग्रामीणों के सहयोग से आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

ग्रामीणों ने बताया कि प्राचीन देवी माता मंदिर पर हर वर्ष भंडारे का आयोजन आपसी सहयोग और सौहार्द से किया जाता है। इस परंपरा में गांव के सभी वर्गों के लोग बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं। आयोजन में बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे, युवा और आसपास गांव के लोग मौजूद रहे।

# श्रीकृष्ण की पालकी शोभायात्रा में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब कस्बे में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं ने किया स्वागत

जागरण मोर्चा कार्यालय



श्री कृष्ण भगवान की पालकी निकलती श्रद्धालु। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में शनिवार को कस्बे के श्रीराधाकांत मंदिर से भगवान श्रीकृष्ण की पालकी शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। मंदिर के महंत बाबा ऋषिदास के नेतृत्व में निकली शोभायात्रा ने पूरे कस्बे का भ्रमण किया। इस दौरान श्रद्धालुओं में खासा उत्साह दिखाई दिया और भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया।

शोभायात्रा के कस्बे के विभिन्न मार्गों से गुजरने के दौरान लोगों ने जगह-जगह पालकी पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण की पालकी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में कस्बावासी शामिल रहे।

मंदिर के महंत बाबा ऋषिदास ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के अवसर पर प्रतिवर्ष पालकी शोभायात्रा निकाली जाती है। इसी परंपरा के तहत इस वर्ष भी शोभायात्रा पूरे कस्बे में भ्रमण कराई गई। श्रद्धालुओं के सहयोग और उत्साह से आयोजन भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। कस्बे में भ्रमण के बाद शोभायात्रा वापस श्रीराधाकांत मंदिर पहुंची, जहां इसका विधिवत समापन किया गया।

इस अवसर पर कल्लू कश्यप, शिव प्रताप सिंह, अश्वनी कुमार गुप्ता, पूर्व प्रधान कादरचौक दिनेश चंद्र गुप्ता उर्फ पप्पू प्रधान, सत्यवीर वर्मा, महेंद्र पाल शाक्य, मनिंदर शाक्य समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

**समारोह** भव्य शोभायात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब, जगह-जगह हुआ स्वागत

# शर्मा डीजे बहजोई की धुनों पर झूमे श्रद्धालु, कृष्णमय हुआ बगरैंन

जागरण मोर्चा कार्यालय



श्री कृष्णा शोभायात्रा में मौजूद श्रद्धालु। -जागरण मोर्चा

**बगरैंन।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर शनिवार को कस्बा बगरैंन में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। आकर्षक धार्मिक झांकियों, सजी-धजी पालकियों और भक्ति गीतों से सजी शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। शर्मा डीजे बहजोई की भक्ति धुनों पर युवा और श्रद्धालु जमकर झूमे। पूरे कस्बे में 'जय श्रीकृष्ण' और 'राधे-राधे' के जयकारे गूंजते रहे।

शोभायात्रा में भगवान श्रीकृष्ण और राधारानी की मनमोहक झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। इसके अलावा भगवान शिव-पार्वती, श्रीराम दरबार, हनुमान जी, भगवान गणेश समेत विभिन्न देवी-देवताओं की आकर्षक झांकियां सजाई गईं। झांकियों में कलाकारों ने धार्मिक स्वरूपों का सजीव प्रदर्शन किया, जिसे देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।

शोभायात्रा के मार्ग में जगह-जगह लोगों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग भी बड़ी संख्या में शोभायात्रा देखने के लिए मार्ग के दोनों ओर मौजूद रहे। कई स्थानों पर श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद और पेयजल की व्यवस्था भी की गई।

शर्मा डीजे बहजोई की ओर से बजाई जा रही भक्ति धुनों ने माहौल को और भक्तिमय बना दिया। 'राधे-राधे', 'जय श्रीकृष्ण' समेत अन्य भक्ति गीतों पर युवाओं ने जमकर उत्साह दिखाया। ढोल और डीजे की धुन के बीच श्रद्धालु नाचते-गाते हुए शोभायात्रा के साथ आगे बढ़ते रहे।

शोभायात्रा में शामिल झांकियों और पालकियों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। जगह-जगह उमड़ी भीड़ और जयकारों से ऐसा प्रतीत हो रहा था, मानो पूरा कस्बा भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति में डूब गया हो। देर तक चले धार्मिक आयोजन से बगरैंन का माहौल पूरी तरह कृष्णमय बना रहा।

# ब्रज क्षेत्र के महामंत्री राजेश्वर सिंह पटेल का भाजपा नेता डॉक्टर शैलेश पाठक ने किया जोरदार अभिनंदन

जागरण मोर्चा कार्यालय



स्वागत करते भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉक्टर शैलेश पाठक। -जागरण मोर्चा

**बदायूं** भारतीय जनता पार्टी के ब्रज क्षेत्र के नवनियुक्त महामंत्री राजेश्वर सिंह पटेल का उनके निवास पर पहुंचकर भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने हार्दिक अभिनंदन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उन्हें नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने कहा कि राजेश्वर सिंह पटेल के अनुभव और संगठनात्मक क्षमता का लाभ पार्टी को मिलेगा।

अभिनंदन कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा कि भाजपा संगठन को मजबूत करने में प्रत्येक कार्यकर्ता की महत्वपूर्ण भूमिका है। आगामी समय में पार्टी की नीतियों और केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के साथ ही संगठन को बूथ स्तर पर और अधिक मजबूत करने की दिशा में कार्य किया जाएगा।

राजेश्वर सिंह पटेल ने सम्मान के लिए सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का आभार जताया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, उसका पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे। कार्यकर्ताओं के सहयोग और मार्गदर्शन से संगठन को और मजबूत बनाने के लिए निरंतर प्रयास किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि भाजपा की मजबूती उसके समर्पित कार्यकर्ताओं से है। सभी कार्यकर्ता आपसी समन्वय के साथ पार्टी के अभियानों और कार्यक्रमों को सफल बनाएं तथा केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाएं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन, धर्मपाल सिंह, पंकज चौधरी, पूरन लाल लोधी, बीएल वर्मा, दुर्विजय सिंह शाक्य, राजेश यादव, राजीव कुमार गुप्ता, विनोद तावड़े सहित भाजपा के वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों के प्रति भी आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त महामंत्री के उज्ज्वल कार्यकाल की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

## संक्षेप समाचार

### शादी का झांसा देकर युवती से संबंध बनाने का आरोप, पंचायत भी नहीं करा सकी समझौता

**बिसौली।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में संभल जिले की युवती ने एक युवक पर शादी का झांसा देकर उसके साथ यौन संबंध बनाने और अश्लील वीडियो व फोटो बनाने का आरोप लगाया है। युवती ने अपने पिता और मामा के साथ कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी और आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले की जांच के बाद कार्रवाई का भरोसा दिया है। युवती के अनुसार, वह कुछ समय पहले अपनी ननिहाल में आई थी। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाली एक युवती से उसकी दोस्ती हो गई। सहेली के घर आने-जाने के दौरान उसकी मुलाकात उसके भाई से हुई। आरोप है कि युवक ने उसे प्रेम जाल में फंसाकर शादी करने का भरोसा दिया और इसी दौरान उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद दोनों दिल्ली समेत अलग-अलग शहरों में मिलते रहे। युवती का आरोप है कि इस दौरान युवक ने उसके अश्लील वीडियो और फोटो भी बना लिए। युवती के मुताबिक करीब एक सप्ताह पहले उसने युवक से शादी करने की बात कही, लेकिन उसने शादी से साफ इनकार कर दिया। युवती को जानकारी हुई कि युवक का रिश्ता दूसरी जगह तय हो चुका है और दहेज में थार गाड़ी की मांग की गई है। इसके बाद वह अपने ननिहाल के लोगों के साथ युवक के घर पहुंची, लेकिन युवक वहां से चला गया। मामले को सुलझाने के लिए युवक के परिजनों की ओर से दो दिन का समय मांगा गया। बाद में पंचायत भी हुई, लेकिन उसमें कोई समाधान नहीं निकल सका। इसके बाद युवती ने कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी। तहरीर में उसने युवक पर गंभीर आरोप लगाने के साथ ही उसके परिजनों पर भी आरोप लगाए हैं। युवक के मुंबई में हत्या के एक मामले में आरोपी होने की बात भी युवती की ओर से कही गई है। हालांकि इन आरोपों की पुलिस स्तर से पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच में सामने आए तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### शहर से देहात तक बिजली की ट्रिपिंग से लाखों लोग परेशान

**बदायूं।** जिले में बिजली की ट्रिपिंग और अघोषित कटौती ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। शहर से लेकर देहात तक उपभोक्ता घंटों बिजली गुल रहने से परेशान हैं। उमस और गर्मी के बीच बार-बार बिजली जाने से लोगों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। वहीं, शिकायत के बावजूद समस्या का समाधान नहीं होने और अधिकारियों व कर्मचारियों के फोन नहीं उठाने से उपभोक्ताओं में विभाग के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है। शहर क्षेत्र में पनबड़िया बिजलीघर की स्थिति भी इन दिनों उपभोक्ताओं के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। यहां आए दिन तकनीकी खराबी और ट्रिपिंग के कारण बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है। कई बार घंटों तक आपूर्ति बहाल नहीं हो पाती। इससे घरों के साथ ही दुकानदारों और छोटे कारोबारियों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि बिजली कटौती की कोई स्पष्ट सूचना भी नहीं दी जाती, जिससे उन्हें पहले से तैयारी करने का मौका नहीं मिलता। देहात क्षेत्र में भी हालात बेहतर नहीं हैं। ग्रामीण इलाकों में बार-बार बिजली गुल होने से लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है। किसानों को सिंचाई में परेशानी हो रही है, जबकि घरेलू उपभोक्ता भी गर्मी और उमस में बेहाल हैं। कई गांवों में फाल्ट होने के बाद आपूर्ति बहाल होने में लंबा समय लग रहा है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि बिजलीघर और संबंधित अधिकारियों के फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया जाता है, लेकिन कई बार अधिकारी और कर्मचारी फोन उठाने तक को राजी नहीं होते। इससे लोगों को यह पता नहीं चल पाता कि बिजली कब तक आएगी और समस्या का समाधान कब होगा। खास बात यह है कि जिले में बिजली व्यवस्था सुधारने को लेकर प्रभारी मंत्री की ओर से भी अधिकारियों को निर्देश दिए जा चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद स्थिति में अपेक्षित सुधार दिखाई नहीं दे रहा है। लोगों का कहना है कि सरकार बिजली व्यवस्था को बेहतर बनाने के दावे कर रही है, लेकिन विभागीय लापरवाही उन दावों पर पानी फेर रही है। उपभोक्ताओं ने प्रशासन और बिजली विभाग के उच्चाधिकारियों से ट्रिपिंग और अघोषित कटौती पर तत्काल रोक लगाने, जर्जर व्यवस्थाओं को दुरुस्त कराने और शिकायतों का समय से निस्तारण कराने की मांग की है।

### जन्माष्टमी पर सीएचसी में गूंजी किलकारियां, चार कन्हैया और एक राधा ने लिया जन्म

**बदायूं।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर कस्बा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में पांच परिवारों की खुशियां दोगुनी हो गईं। जन्माष्टमी के दिन अस्पताल में चार बच्चों के रूप में कन्हैया ने जन्म लिया, जबकि एक परिवार में बेटी के जन्म से खुशी का माहौल रहा। सीएचसी में कमलेश कुमारी, हेमलता, आरती और ऋतु ने पुत्रों को जन्म दिया। जन्माष्टमी के दिन बेटे के जन्म की खबर मिलते ही परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गई। सुबह परिजनों ने अस्पताल में मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया। उन्होंने नर्सों और अन्य तीमारदारों को भी मिठाई खिलाई। वहीं अंशिका ने बेटी को जन्म दिया। बेटी के जन्म पर भी परिजनों में खासा उत्साह नजर आया। अस्पताल में मौजूद लोगों ने नवजात बच्चों और उनके परिजनों को बधाई दी। जन्माष्टमी के दिन एक साथ पांच बच्चों के जन्म से सीएचसी परिसर में दिनभर उत्साह और खुशी का माहौल बना रहा।

### जन्माष्टमी पर गूंजे कन्हैया के जयकारे, मटकी फोड़ से लेकर पालकी यात्रा तक दिखा उल्लास

**बदायूं।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व जिलेभर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाने के साथ ही जगह-जगह झांकियां, पालकी यात्राएं, संकीर्तन और मटकी फोड़ प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। आधी रात को भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के साथ ही मंदिर परिसर जय श्रीकृष्ण और राधे-राधे के जयकारों से गूंज उठे। दहगवां के श्रीराम मंदिर में देर रात मटकी फोड़ प्रतियोगिता हुई। युवाओं ने मानव मीनार बनाकर मटकी फोड़ने का प्रयास किया। कार्यक्रम देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटे। वहीं नगर में कल्लू दादा की आढ़त से राधा-कृष्ण की भव्य पालकी यात्रा निकली, जो मुख्य बाजार और विभिन्न मार्गों से होते हुए मंदिर पहुंची। बगरैन में प्राचीन शिव मंदिर से निकली श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शोभायात्रा आकर्षण का केंद्र रही। भगवान कृष्ण के जन्म, माखन चोरी और राधा-कृष्ण के प्रेम पर आधारित झांकियां सजाई गईं। बहजोई के शर्मा डीजे की धुनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। जगह-जगह यात्रा का पुष्प वर्षा और जलपान कर स्वागत किया गया।

## एक नजर

### कचहरी-कलेक्ट्रेट समेत कई क्षेत्रों में छह घंटे बिजली रहेगी बाधित

**बदायूं।** विद्युत विभाग की ओर से 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र कचहरी पर तकनीकी कार्य कराया जाएगा। इसके चलते सात सितंबर को रात एक बजे से सुबह छह बजे तक करीब पांच घंटे विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। अधिशासी अभियंता विकास शर्मा ने बताया कि 05 एमवीए पावर परिवर्तक के स्थान पर नया 10 एमवीए पावर परिवर्तक स्थापित किया जाएगा। साथ ही अन्य महत्वपूर्ण तकनीकी कार्य भी किए जाएंगे। सुरक्षा की दृष्टि से इस दौरान शटडाउन लिया जाएगा। इससे वन विभाग, गांधी नगर से जुड़े कृष्णापुरी, शिवपुरम, गांधीनगर, कचहरी, कलेक्ट्रेट परिसर, जालंधरी सराय, चित्रांश नगर और पुलिस लाइन समेत कई क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। विभाग ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए असुविधा के लिए खेद जताया है।

# शिक्षक दिवस पर पौधरोपण, शिक्षकों को किया सम्मानित

## 'एक पेड़ गुरु के नाम' अभियान के तहत कंपोजिट विद्यालय हर्रायपुर में वन विभाग ने कराया पौधरोपण

- **गिद्धों के संरक्षण की दी जानकारी, विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति किया जागरूक**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** शिक्षक दिवस के अवसर पर कंपोजिट विद्यालय हर्रायपुर में वन विभाग बिसौली रेंज की टीम की ओर से विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान शिक्षकों को सम्मानित करने के साथ ही 'एक पेड़ गुरु के नाम' अभियान के तहत विद्यालय परिसर में पौधरोपण कराया गया। विद्यार्थियों और शिक्षकों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी लिया।

कार्यक्रम में वनविद पुष्पेंद्र गंगवार ने अंतरराष्ट्रीय गिद्ध संरक्षण दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्र-छात्राओं को गिद्धों के पर्यावरण में महत्व के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि गिद्धों को प्रकृति का सफाईकर्मी कहा जाता है। उन्होंने गिद्धों की घटती संख्या के कारणों और उनके संरक्षण के उपायों के बारे में भी विद्यार्थियों को बताया।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक कुंवर सिंह ने पूर्व राष्ट्रपति एवं महान शिक्षाविद डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन और शिक्षाओं पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को उनसे प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजन के लिए वन विभाग की टीम का आभार जताया।

इस मौके पर श्रीमती चित्रा, श्रीमती हेमलता, वालंटियर विकास और प्रधानाध्यापक कुंवर सेन को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वनरक्षक कृष्ण कुमार यादव, सुमित चौधरी, अनिकेत सिंह समेत विद्यालय के शिक्षक और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



शिक्षकों का सम्मान करते छात्र-छात्राएं। –जागरण मोर्चा

### शिक्षक दिवस पर भी वेतन से वंचित रहे शिक्षक, वित्त एवं लेखाधिकारी की कार्यप्रणाली पर जताया रोष

**बदायूं।** शिक्षक दिवस के अवसर पर भी जनपद के प्राथमिक शिक्षकों को वेतन न मिलने से शिक्षकों में रोष है। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश, जनपद बदायूं के पदाधिकारियों ने वेतन भुगतान में हो रही देरी के लिए वित्त एवं लेखाधिकारी (बेसिक) की कार्यप्रणाली को जिम्मेदार ठहराते हुए नाराजगी जताई है। शिक्षकों का कहना है कि शासन की मंशा के अनुरूप प्राथमिक शिक्षकों का वेतन प्रत्येक माह 31 जुलाई तक आहरित हो जाना चाहिए था, लेकिन इस बार शिक्षक दिवस पर भी वेतन खाते में नहीं पहुंच सका। संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने इस संबंध में 24 अगस्त और दो सितंबर को वित्त एवं लेखाधिकारी (बेसिक) से वार्ता की थी। उस दौरान अधिकारियों की ओर से वेतन समय से उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया था। इसके बावजूद वेतन भुगतान में देरी होने से शिक्षकों में असंतोष है। इसी मुद्दे को लेकर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की बैठक जिला संयोजक दुष्यंत रघुवंशी के निवास पर आयोजित की गई। बैठक में वित्त एवं लेखाधिकारी मुनीष कुमार श्रीवास्तव की कार्यप्रणाली को लेकर पदाधिकारियों ने रोष व्यक्त किया। शिक्षकों ने कहा कि समय पर वेतन मिलना उनका अधिकार है और बार-बार वेतन भुगतान में देरी से उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बैठक में निर्णय लिया गया कि यदि अगले माह भी वेतन भुगतान में इसी प्रकार देरी दोहराई गई तो संगठन की ओर से अगले माह की दो तारीख को वित्त एवं लेखाधिकारी कार्यालय पर धरना दिया जाएगा। पदाधिकारियों ने कहा कि शिक्षकों के वेतन भुगतान में अनावश्यक देरी किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी।

## संक्षेप समाचार

### बाल संरक्षण समिति की बैठक में नशे और बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता

**बदायूं।** ब्लॉक दातागंज और समरेर में ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक आयोजित की गई। इसमें महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन के साथ ही नशे, बाल विवाह और बाल श्रम के खिलाफ जागरूक किया गया। जेएस हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन की प्रीति चौहान ने मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव बताते हुए बच्चों को नशे से दूर रखने की अपील की। उन्होंने साइबर अपराध से बचाव और साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी दी। वन स्टॉप सेंटर की डोली ने महिलाओं व बच्चों के लिए संचालित 112, 1090, 181, 102, 108 और 1098 हेल्पलाइन की जानकारी दी। जिला बाल संरक्षण इकाई के सामाजिक कार्यकर्ता भमरपाल सिंह ने पॉक्सो एक्ट और बाल कल्याण एवं संरक्षण समितियों की भूमिका समझाई। उन्होंने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला, बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप और निराश्रित महिला पेंशन समेत विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाने की अपील की। जिला मिशन समन्वयक छवि वैश्य ने बाल विवाह के दुष्परिणाम बताते हुए कहा कि बाल विवाह कराने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। संरक्षण अधिकारी रवि कुमार ने मिशन वात्सल्य योजना, बाल श्रम व भिक्षावृत्ति में लगे बच्चों के रेस्क्यू और पुनर्वास की जानकारी दी। मुख्य सेविका सोनम गौतम ने चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के बारे में बताया।

### एसडीएम कार्यालय घेराव पर अड़े कांग्रेस जिलाध्यक्ष, पुलिस ने आवास पर रोका



कांग्रेस जिला अध्यक्ष अजीत सिंह को रोकती पुलिस। –जागरण मोर्चा

**बदायूं।** पुलिस हिरासत में मारे गए दलित युवक राजेश कोरी को न्याय दिलाने और जेल में बंद तीन कांग्रेस कार्यकर्ताओं की रिहाई की मांग को लेकर दातागंज जा रहे कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव को शनिवार को पुलिस ने नेकपुर स्थित उनके आवास के बाहर रोक दिया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच काफी देर तक नोकझोंक हुई। जेल में बंद कार्यकर्ताओं की रिहाई के आश्वासन के बाद कांग्रेसी शांत हुए। अजीत यादव ने कहा कि यदि तीनों कार्यकर्ताओं की जल्द रिहाई नहीं हुई तो छह सितंबर को दातागंज एसडीएम कार्यालय का घेराव किया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि राजेश कोरी की मौत के मामले में न्याय की आवाज उठाने पर कांग्रेसियों का उत्पीड़न किया जा रहा है। उन्होंने राजेश कोरी की मौत की हाईकोर्ट के न्यायाधीश से न्यायिक जांच कराने, दोषी पुलिसकर्मियों पर मुकदमा दर्ज करने, विधवा रूपवती कोरी को सरकारी नौकरी व आवास देने, परिवार को एक करोड़ रुपये मुआवजा और बच्चों की निशुल्क शिक्षा की मांग की। इस दौरान आलोक सिंह, सलीम अंसारी, राजीव पटेल, शहजादा रिजवान समेत दर्जनों कांग्रेसी मौजूद रहे।

### पिकअप में दो भैंस लादकर ले जा रहे दो पशु चोर गिरफ्तार

**बदायूं।** उघैती थाना पुलिस ने गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर दो पशु चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से सफेद रंग की पिकअप में लदी दो भैंस और 5200 रुपये बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपी पहले भी पशु चोरी की कई घटनाओं में शामिल रहे हैं। पुलिस के मुताबिक शनिवार को गश्त के दौरान सूचना मिली कि दो भैंस चोर पिकअप में चोरी की भैंसें लादकर सहसवान–बिसौली मार्ग से जा रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने ग्राम शरह बघौली के पास घेराबंदी कर पिकअप को रोक लिया। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें दो भैंस मिलीं। पुलिस ने मौके से यासीन पुत्र अब्दुल्ला निवासी नई बस्ती, थाना कोतवाली बदायूं और युसुफ पुत्र उसमान निवासी रोहटा, थाना अरनिया, बुलंदशहर को गिरफ्तार कर लिया। दोनों के कब्जे से 5200 रुपये भी बरामद हुए। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि करीब डेढ़ माह पहले उन्होंने थाना सहसवान क्षेत्र के गांव तिगरा और करीब ढाई माह पहले थाना बिसौली क्षेत्र के गांव मुबारकपुर से भैंस चोरी की थी। चोरी की कुछ भैंसों को राहगीरों को बेचकर मिली रकम दोनों ने आपस में बांटकर खर्च कर दी। बरामद भैंसों को भी बेचने के लिए ले जाया जा रहा था।

# सचिवालय जाने वाले सार्वजनिक रास्ते पर खींच दी दीवार, ग्रामीणों में आक्रोश, परिक्रमा मार्ग बंद होने से आवागमन प्रभावित

- **डीएम-सीएम से शिकायत लेखपाल पर मिलीभगत का आरोप, पैमाइश कराकर रास्ता खुलवाने की मांग**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**आसफपुर।** विकासखंड आसफपुर क्षेत्र के ग्राम नूरनगर कौड़िया में सार्वजनिक रास्ते पर दीवार खड़ी कर कथित कब्जा किए जाने का मामला सामने आया है। गांव के बीच से होकर ग्राम पंचायत सचिवालय तक जाने वाला परिक्रमा मार्ग बंद होने से ग्रामीणों के आवागमन में परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने मामले की शिकायत जिलाधिकारी, मुख्यमंत्री और उपजिलाधिकारी बिसौली से करते हुए रास्ते को कब्जामुक्त कराने की मांग की है।

गांव निवासी धान सिंह, अजयपाल, भुवनेश पुत्र अनोखे लाल आदि ने अधिकारियों को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि गांव के बीच से होकर गुजरने वाला परिक्रमा मार्ग सार्वजनिक रास्ता है। इसी रास्ते से ग्रामीणों का आवागमन होता है और यह ग्राम पंचायत सचिवालय तक भी जाता है। आरोप है कि गांव निवासी देशराज पुत्र बट्टू सिंह ने सार्वजनिक रास्ते पर पक्की दीवार खड़ी कर मार्ग को अवरुद्ध कर दिया है। इससे ग्रामीणों को आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि रास्ते पर निर्माण शुरू होने की जानकारी संबंधित अधिकारियों और राजस्व कर्मचारियों को समय रहते दे दी गई थी। इसके बावजूद मौके पर पहुंचकर कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों ने स्थानीय लेखपाल पर भी कब्जे में कथित मिलीभगत का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि यदि समय रहते राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर जांच और पैमाइश करती तो सार्वजनिक रास्ते पर दीवार खड़ी नहीं हो पाती। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से राजस्व और पुलिस टीम भेजकर मौके की पैमाइश कराने की मांग की है। साथ ही अवैध कब्जा पाए जाने पर दीवार हटवाकर रास्ता खुलवाने और सार्वजनिक मार्ग अवरुद्ध करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने कहा कि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे उच्चाधिकारियों से शिकायत के साथ आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# आरटीओ प्रशासन मेरठ ने किया परिवहन कार्यालय का औचक निरीक्षण

- **जन सुविधाओं और कार्यालय की व्यवस्थाओं की समीक्षा, पेंडेंसी दूर करने के दिए निर्देश**
- **कार्मिकों को पहचान पत्र और लिपिकों को नेम प्लेट लगाने की हिदायत**

जागरण मोर्चा कार्यालय



कार्यालय का निरीक्षण करती आरटीओ अनीता सिंह।

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश शासन और परिवहन आयुक्त के निर्देश पर संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) मेरठ अनीता सिंह ने परिवहन कार्यालय बदायूं का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय में जनसुविधाओं और विभागीय व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान आरटीओ प्रशासन ने कार्यालय में पेयजल, बैठने की व्यवस्था, साफ-सफाई, पटल पर होने वाले कार्य, सीसीटीवी कैमरों, रिकॉर्ड रूम तथा लंबित प्रकरणों की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने विभिन्न पटल पर किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली और समयबद्ध तरीके से आवेदनों का निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने कुछ आवेदकों से कार्यालय में मिलने वाली सुविधाओं और उनके कार्य के संबंध में फीडबैक भी लिया। आवेदकों ने कार्यप्रणाली पर संतोष व्यक्त किया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय में साफ-सफाई, पेयजल और जनसामान्य से संबंधित कार्य सामान्य रूप से संचालित पाए गए।

आरटीओ प्रशासन ने कार्यदायी संस्था के कुछ कार्मिकों के पहचान पत्र नहीं लगाने पर नाराजगी जताते हुए भविष्य में अनिवार्य रूप से पहचान पत्र पहनने की हिदायत दी। साथ ही पटल पर कार्य करने वाले लिपिकों को नेम प्लेट लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी कार्य की अनावश्यक पेंडेंसी न रखी जाए और शासन व विभाग की ओर से जारी निर्देशों के अनुसार समयबद्ध तरीके से कार्यों का निस्तारण किया जाए। निरीक्षण के दौरान यात्री/मालकर अधिकारी बदायूं अभिनव चौधरी, प्रधान सहायक असीम रजा, परिवर्तन कार्मिक समेत परिवहन कार्यालय के समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।

# लूट की वारदात का खुलासा, लूटी गई अपाचे बाइक समेत दो आरोपी गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय



पुलिस हिरासत में बिसौली कोतवाली में खड़े लूट के दोनों आरोपी। –जागरण मोर्चा

**बिसौली।** थाना बिसौली पुलिस ने लूट की घटना का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से लूटी गई नीले रंग की अपाचे मोटरसाइकिल भी बरामद की है। आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूं अंकिता शर्मा के निर्देशन में अपराध की रोकथाम और वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ. हृदेश कठेरिया के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी बिसौली अंशुमन श्रीवास्तव के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक बिसौली की टीम ने कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार, तीन सितंबर की रात आसफपुर रोड स्थित बिजलीघर के पास एक अपाचे मोटरसाइकिल लूट ली गई थी। इस मामले में थाना बिसौली में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस टीम ने जांच के दौरान घटना का अनावरण करते हुए कुआडांडा गांव निवासी नरेन्द्र कुमार पुत्र मटरू सिंह और ब्रजेश पुत्र कृपाल सिंह को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की निशानदेही पर लूटी गई नीले रंग की अपाचे मोटरसाइकिल बरामद हुई है। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में लूट की धारा की बढ़ोतरी की गई है। पुलिस के मुताबिक नरेन्द्र कुमार के खिलाफ वर्ष 2024 में आर्म्स एक्ट का भी मुकदमा दर्ज है। वहीं ब्रजेश का इस मामले के अलावा कोई अन्य आपराधिक इतिहास पुलिस ने नहीं बताया है।

# 25 हजारी इनामी बदमाश गिरफ्तार, पुलिस को देखते ही बाइक मोड़कर भागा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**आसफपुर।** फैजगंज बेहटा थाना पुलिस ने शनिवार को 25 हजार रुपये के इनामी वांछित बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष कपिल कुमार को मिली गोपनीय सूचना के बाद पुलिस ने हड्डी गोदाम रेलवे अंडरपास तिराहे पर घेराबंदी की। इसी दौरान बाइक से पहुंचे बदमाश ने पुलिस को देखकर बाइक मोड़कर भागने का प्रयास किया। पुलिस टीम ने पीछा कर उसे दबोच लिया। तलाशी में उसके पास से 315 बोर का तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने बाइक को भी कब्जे में ले लिया।

गिरफ्तार आरोपित की पहचान विष्णु पुत्र नरेश निवासी ग्राम परसौरा, थाना बिसौली के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार विष्णु कई आपराधिक मामलों में वांछित था और उस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। उसके खिलाफ फैजगंज बेहटा, इस्लामनगर और बिसौली थानों में लूट समेत गंभीर धाराओं में पांच मुकदमे दर्ज हैं।

थानाध्यक्ष कपिल कुमार को शनिवार को सूचना मिली कि इनामी बदमाश क्षेत्र में घूम रहा है। सूचना मिलते ही उन्होंने पुलिस टीम को सक्रिय करते हुए संभावित रास्तों पर निगरानी और घेराबंदी के निर्देश दिए। आसफपुर चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक जुगमेंद्र बालियान ने पुलिसकर्मियों के साथ हड्डी गोदाम रेलवे अंडरपास तिराहे पर मोर्चा संभाल लिया। कुछ देर बाद एक युवक हीरो एचएफ डीलक्स बाइक से वहां पहुंचा। पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो उसने बाइक मोड़कर भागने का प्रयास किया। पुलिस टीम ने पीछा कर कुछ दूरी पर उसे घेर लिया और दबोच लिया। तलाशी के दौरान तमंचा और दो कारतूस बरामद हुए। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार विष्णु के खिलाफ फैजगंज बेहटा थाने में दो, इस्लामनगर में दो और बिसौली थाने में एक मुकदमा दर्ज है। इनमें लूट समेत बीएनएस की गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत हैं। पुलिस आरोपित के आपराधिक इतिहास और पूर्व की वारदातों के संबंध में भी जानकारी जुटा रही है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक जगवीर सिंह, हेड कांस्टेबल वीरेंद्र कुमार, हेड कांस्टेबल जोगेंद्र सिंह, कांस्टेबल अजित बालियान और कांस्टेबल एविजमान शामिल रहे। थानाध्यक्ष कपिल कुमार ने बताया कि आरोपित के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### 21 सितंबर तक होगी ईवीएम-वीवीपैट की एफएलसी

**बदायूं।** आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 की तैयारियों के तहत ईवीएम और वीवीपैट की प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी) शुरू हो गई है। दो सितंबर से शुरू हुई यह प्रक्रिया 21 सितंबर तक कलेक्ट्रेट स्थित ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस में चलेगी। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश राय ने बताया कि एफएलसी इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया के अधिकृत अभियंताओं द्वारा उनकी देखरेख में कराई जा रही है। जांच में निर्धारित मानकों पर खरी उतरने वाली मशीनों का ही चुनाव में उपयोग किया जाएगा।


## क्लासीफाइड

### सूचना

सर्वजनिक सूचना में प्रशांत अरोरा पुत्र मनोहर लाल अरोरा निवास गली नंबर 3 नेकपुर बदायूं। अपनी संपत्ति स्थित नेकपुर बाहर चुंगी परगना तहसील एवं जिला बदायूं। (वसीयत दिनांक 17/02/2023) से मालिक हूँ, पर फ्यूजन फाइनेंस से लोन ले रहा हूँ।

**किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 7 दिन में सूचित करें।**

**निम्न पते पर**

**–अनुपम कुमार एड., चैंबर नंबर 47, कलेक्ट्रेट बदायूं, मोबाइल नंबर–8411010960, 9411 010960**

### बिकाऊ है

तीन मंजिल दुकान ब्लॉक रोड मुथूट फाइनेंस के सामने गली में रोड से दूसरी दुकान जिसका एरिया 12 फीट रोड फ्रंट और गहराई 9 :30 फिट है। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें मोबाइल नंबर 9627 739 857

### संबंध विच्छेद

मैं श्रीमति अनोखी देवी पत्नी स्व. कमल सिंह निवासी दबतोरी थाना व तहसील बिसौली जिला बदायूं की रहने वाली हूं। मैं अपने पुत्र रामकेश भारती एवं उसकी पत्नी मनीषा को उनके गलत व्यवहार से परेशान होकर दादलाई सम्पत्ति स्थित ग्राम पुरुवा खेड़ा व हरदासपुर व दबतोरी परगना व तहसील बिसौली जिला बदायूं की सम्पूर्ण सम्पत्ति से दोनों को बेदखल करती हूं। अब मेरा उसके व उसकी पत्नी के किसी भी कृत्य से कोई लेना-देना नहीं है। वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा।

**–श्रीमति अनोखी देवी पत्नी स्व. कमल सिंह निवासी दबतोरी थाना व तहसील बिसौली, जनपद बदायूं।**


**समारोह** — नगर पालिका परिसर में शिक्षक सम्मान समारोह, पूर्व मंत्री आबिद रजा और पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा ने शिक्षकों को किया सम्मानित

# शिक्षक विद्यार्थियों को बेहतर इंसान बनने की प्रेरणा दें : आबिद रजा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** शिक्षक दिवस के अवसर पर शुक्रवार को नगर पालिका परिसर में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों और सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री आबिद रजा रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा और अध्यक्षता सीनियर प्राचार्य गुलफाम सिंह यादव ने की। आदित्य यादव के प्रतिनिधि अनिल भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व मंत्री आबिद रजा और पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा ने शिक्षक दिवस के संस्थापक एवं महान शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस दौरान शिक्षकों को सम्मानित किया गया।




शिक्षकों का सम्मान करते पूर्व मंत्री आबिद रजा व नगर पालिका अध्यक्ष फात्मा रजा।

पूर्व मंत्री आबिद रजा ने कहा कि शिक्षक समाज में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनका दायित्व केवल विद्यार्थियों को शिक्षा देना नहीं, बल्कि उन्हें बेहतर इंसान बनने के लिए प्रेरित करना भी है। देश की तरक्की में शिक्षकों का योगदान महत्वपूर्ण है। विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ मानवता, भाईचारे और संवेदनशीलता का संदेश दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश में मजहब और बिरादरी के नाम पर राजनीति के बजाय इंसानियत की राजनीति होनी चाहिए, तभी देश सही मायने में आगे बढ़ सकेगा।

पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा ने कहा कि वह शिक्षकों का बेहद सम्मान करती हैं। आज वह जिस मुकाम पर हैं, उसमें शिक्षा और शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने समारोह में पहुंचे सभी शिक्षकों का आभार जताते हुए कहा कि शिक्षकों के सम्मान में किसी तरह की कमी नहीं आने दी जाएगी। अध्यक्षता कर रहे गुलफाम सिंह यादव ने कहा कि तकनीकी बदलाव, इंटरनेट और डिजिटल माध्यमों ने बच्चों के लिए ज्ञान के नए रास्ते खोले हैं, लेकिन गलत और भ्रामक जानकारी की चुनौती भी बढ़ी है। ऐसे में शिक्षकों को विद्यार्थियों को सही जानकारी पहचानने और उसका सकारात्मक उपयोग करने के लिए तैयार करना होगा। सेवानिवृत्त शिक्षक राजीव राज ने भारतीय शिक्षा परंपरा की समृद्धता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा को केवल रोजगार का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्ति के संपूर्ण विकास से जोड़कर देखा जाता था। सेवानिवृत्त शिक्षक अनवार उद्दीन ने कहा कि शिक्षक बच्चों के भविष्य को संवारने में अपना महत्वपूर्ण समय लगाते हैं और वर्षों बाद विद्यार्थियों की सफलता ही उनकी मेहनत का सबसे बड़ा सम्मान होती है।

इस अवसर पर प्रोफेसर कमला माहेश्वरी, मास्टर जमील, आचार्य प्रताप सिंह, ममता नौगरिया, प्राचार्या सुषमा कथूरिया, पूर्व प्राचार्य खिजर साहब, पूर्व प्राचार्य सुबुर साहब, प्राचार्य गिन्दो देवी, एचएफ चंद्र, मजहर शब्बीर, मोहम्मद मियां, सीमा यादव, शहनाज बानो, कन्हैया लाल, मार्क्स नजम, वेदमित्र आर्य सहित बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

# स्वाइन फ्लू से बचाव को मेडिकल कॉलेज में स्वास्थ्यकर्मियों का टीकाकरण

- **मौसम में बदलाव को देखते हुए चलाया गया विशेष अभियान, चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ को लगी वैक्सीन**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** मौसम में बदलाव के साथ स्वाइन फ्लू और अन्य श्वसन संक्रमणों से बचाव के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज में विशेष टीकाकरण अभियान चलाया गया। अभियान के तहत आकस्मिक विभाग, टीबी एंड चेस्ट मेडिसिन, बाल रोग और माइक्रोबायोलॉजी विभाग में कार्यरत चिकित्सकों व स्वास्थ्यकर्मियों को स्वाइन फ्लू से बचाव की वैक्सीन लगाई गई।

अस्पताल प्रशासन के अनुसार इन विभागों के स्वास्थ्यकर्मी प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीजों के सीधे संपर्क में रहते हैं। प्रधानाचार्य डॉ. शिव कुमार ने कहा कि स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा अस्पताल की प्राथमिकता है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रितुज अग्रवाल ने बताया कि संक्रमण से बचाव के लिए टीकाकरण के साथ अन्य जरूरी सावधानियां भी जारी रहेंगी। उन्होंने मास्क लगाने, हाथों की स्वच्छता रखने और फ्लू जैसे लक्षण होने पर चिकित्सकीय परामर्श लेने की अपील की।



टीका लगाते कर्मचारी। –जागरण मोर्चा

# गर्रा के बढ़ते जलस्तर को लेकर प्रशासन अलर्ट

## संवेदनशील इलाकों में निगरानी तेज, 65 बाढ़ चौकियां और 54 शरणालय तैयार

जागरण मोर्चा कार्यालय



गर्रा के बढ़ते जल स्तर का निरीक्षण करती अधिकारियों की टीम। -जागरण मोर्चा



बाढ़ का पानी रोकने के लिए लगी जेसीबी। -जागरण मोर्चा

**शाहजहांपुर।** गर्रा नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए जिला प्रशासन ने बाढ़ की संभावित स्थिति से निपटने की तैयारियां तेज कर दी हैं। संवेदनशील क्षेत्रों में अधिकारियों की निगरानी बढ़ा दी गई है। गुरुवार को अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अरविंद कुमार ने गर्रा नदी से सटे विभिन्न क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने बाढ़ से बचाव के लिए किए जा रहे सुरक्षात्मक कार्यों का जायजा लेकर अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए। मनफूल कॉलोनी में गर्रा नदी से जुड़े नाले पर आबादी की ओर पानी का बैकफ्लो रोकने के लिए फ्लैप गेट लगाने का काम स्थानीय पार्षद मनीष गुप्ता की मौजूदगी में पूरा कराया गया। अधिकारियों के अनुसार नदी का जलस्तर बढ़ने पर फ्लैप गेट बैकफ्लो को नियंत्रित करने में मदद करेगा और आबादी में जलभराव की संभावना कम होगी। इसके बाद एडीएम ने अजीजगंज स्थित ककरा पुल पर पहुंचकर गर्रा नदी के जलस्तर का जायजा लिया। उन्होंने जलस्तर में हो रही वृद्धि पर लगातार नजर रखने के निर्देश दिए। शहवेजपुर क्षेत्र में भी उन्होंने निरीक्षण किया। यहां गर्रा का पानी आबादी की ओर आने की आशंका को देखते हुए कलवर्ट पर मिट्टी डलवाकर उसे बंद करा दिया गया। जिले की सभी प्रमुख नदियों का जलस्तर फिलहाल खतरे के निशान से नीचे है। गंगा नदी भैसार ढाई घाट पर 142.980 मीटर है, जबकि खतरे का निशान 143.650 मीटर है। रामगंगा डबरी घाट पर 136.670 मीटर है, खतरे का निशान 137.300 मीटर है। गर्रा नदी अजीजगंज पुल पर 146.750 मीटर है, जबकि खतरे का निशान 148.800 मीटर है। खन्नौत नदी लोधीपुल पर 143.500 मीटर है, जबकि खतरे का निशान 148.750 मीटर है।निरीक्षण के दौरान सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता सुनील कुमार भास्कर, सहायक अभियंता सतपाल सिंह, लोक निर्माण विभाग के अभियंता, तहसीलदार सदर रिसी दीक्षित समेत राजस्व प्रशासन और संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। जिला प्रशासन ने लोगों से नदी और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में अनावश्यक रूप से न जाने की अपील की है। बच्चों और बुजुर्गों को नदी व जलभराव वाले स्थानों से दूर रखने तथा प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करने को कहा गया है ।

### 65 बाढ़ चौकियां सक्रिय, 54 शरणालय चिन्हित, एनडीआरएफ की 40 सदस्यों की टीम मौजूद

**शाहजहांपुर।** बाढ़ की आशंका को देखते हुए जिले में 65 बाढ़ चौकियां सक्रिय कर दी गई हैं। इनमें सदर तहसील में 17, तिलहर में 25, कलान में 10 और जलालाबाद में 13 चौकियां शामिल हैं। राहत एवं बचाव के लिए कलान में 13 मैनुअल नाव और चार मोटर बोट तथा जलालाबाद में आठ मैनुअल नाव उपलब्ध कराई गई हैं। सदर क्षेत्र में 6 मैनुअल व चार . मोटर बोट उपलब्ध कराई गई है। बाढ़ प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के लिए जिले में 54 बाढ़ शरणालय चिन्हित किए गए हैं। इनमें सदर में 40, तिलहर में सात, कलान में तीन और जलालाबाद में चार शरणालय शामिल हैं। वहीं प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए 12 मेडिकल टीमें गठित की गई हैं। एडीएम ने अधिकारियों को नदी के जलस्तर और संवेदनशील क्षेत्रों पर लगातार नजर रखने के निर्देश दिए हैं। आबादी की ओर बाढ़ का पानी आने की आशंका वाले स्थानों पर तत्काल सुरक्षात्मक उपाय करने को कहा गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बाढ़ की स्थिति में राहत और बचाव कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही या देरी नहीं होनी चाहिए। सभी विभाग आपसी समन्वय से पूरी तत्परता के साथ कार्य करें।

## संक्षेप समाचार

### समाधान दिवस में अधिकारियों ने सुनीं फरियादें, समयबद्ध निस्तारण के निर्देश



तिलहर में समाधान दिवस में समस्याएं सुनते अधिकारी। -जागरण मोर्चा

**शाहजहांपुर।** तिलहर तहसील में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में विधायक सलोना कुशवाहा, मुख्य विकास अधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्साधिकारी और उपजिलाधिकारी तिलहर ने पहुंचकर आमजन की समस्याएं सुनीं। अधिकारियों ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतों का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। समाधान दिवस में दूर-दराज क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने राजस्व, पुलिस, स्वास्थ्य सहित विभिन्न विभागों से जुड़ी शिकायतें अधिकारियों के सामने रखीं। अधिकारियों ने प्रत्येक समस्या के संबंध में जानकारी ली। साथ ही शिकायतों का स्थलीय परीक्षण कर निर्धारित समय सीमा में निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को प्राथमिकता से सुना। उन्होंने संबंधित पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का निष्पक्षता और संवेदनशीलता के साथ संज्ञान लेकर नियमानुसार त्वरित कार्रवाई की जाए। अधिकारियों ने विभागीय स्तर पर होने वाली कार्रवाई की नियमित समीक्षा करने पर भी जोर दिया।

### राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक पदम सिंह का नागरिक अभिनंदन



शिक्षक पदम सिंह अभिनंदन समारोह में शामिल लोग। -जागरण मोर्चा

**शाहजहांपुर।** शिक्षक दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के तत्वावधान में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित पदम सिंह का राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्ति की 25वीं वर्षगांठ पर भव्य नागरिक अभिनंदन किया गया। समाज के लोगों ने उन्हें माल्यार्पण कर स्मृति चिह्न और अंगवस्त्र भेंट किया। समारोह की अध्यक्षता अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष विजय प्रताप सिंह चंदेल ने की। संचालन जिला महामंत्री कुंवर मुनीश सिंह परिहार एडवोकेट ने किया। इससे उन्हें अपने दायित्वों का और अधिक ऊर्जा व उत्साह के साथ निर्वहन करने की प्रेरणा मिलेगी। कार्यक्रम में मुकेश सिंह परिहार, विजय प्रताप सिंह चंदेल, धर्मेंद्र प्रताप सिंह, ओम सिंह, उदय प्रताप सिंह और रामकुमार चौहान मुनीश सिंह परिहार इस अवसर पर अभिषेक त्रिवेदी, सचिन पाठक, सत्येंद्र सिंह, धर्मवीर सिंह, वेद प्रकाश, अर्पण गुप्ता, सिया शर्मा, राजीव मिश्रा, नितिन सिंह चौहान, स्नेहा, अपर्णा सिंह सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक और क्षत्रिय समाज के लोग मौजूद रहे। अंत में उदित प्रताप सिंह ने सभी अतिथियों और उपस्थित लोगों का आभार जताया।

### धूमधाम से मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी



वी आई पी ग्रुप द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मनोरम झांकियां। -जागरण मोर्चा

**पुवायां।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर तिराहा बाजार स्थित श्री ठाकुर जगमोहन लाल जी के मंदिर में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन श्रद्धा और उल्लास के साथ किया गया। मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया और भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव को लेकर पूरे परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा। शुक्रवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व के ठाकुर जी के दर्शन करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन और धार्मिक आयोजनों से वातावरण भक्तिमय हो गया। उसके बाद श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण से परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उसी के साथ भक्तों ने भगवान श्रीकृष्ण के जयकारे लगाए। कार्यक्रम में मनोज कुमार गुप्ता, संजीव कुमार गुप्ता, राजीव कुमार गुप्ता, मनीष कुमार गुप्ता, अनुराग गुप्ता, रजत गुप्ता सहित मंदिर के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग रहा। उसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

### विद्युत करंट से बच्ची कीमौत

**खुदागंज।** दुकान पर जा रही बच्ची की खंभे में उतरे करंट के चपेट में आने से मौत हो गई पुलिस ने सब को कब्जे में लिया। खुदागंज थाना क्षेत्र के ग्राम खेड़ा मझखेड़ा निवासी अजय वीर सिंह की पुत्री राधिका 8 वर्ष सुबह घर से दुकान पर कुछ सामान खरीदने जा रही थी की रास्ते में लगे विद्युत पोल पर करंट उतरने से वह उसकी चपेट में आ गई जिससे बच्ची की दर्दनाक मौत हो गई जिसकी सूचना पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के सब को कब्जे में लेकर पीएम हेतु भेज दिया है।

# जन्माष्टमी पर राधा-कृष्ण बने बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां

जागरण मोर्चा कार्यालय



राधा-कृष्ण बने बच्चे। -जागरण मोर्चा

**शाहजहांपुर।** जन्माष्टमी की पूर्व संध्या पर वीआईपी ग्रुप विद हेल्पिंग हैंड्स की ओर से विजन इंटरनेशनल स्कूल (डोरेमोंस इंटरनेशनल स्कूल) में धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। महानगर अध्यक्ष दीपमाला रस्तोगी के नेतृत्व में हुए कार्यक्रम में बच्चों ने राधा-कृष्ण की वेशभूषा में धार्मिक गीतों और भजनों पर प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्रीकृष्ण के पूजन और जयघोष के साथ हुई। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने आकर्षक वेशभूषा में नृत्य प्रस्तुत किया। इसके बाद दही हांडी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें बच्चों ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता से पहले वीआईपी ग्रुप के पदाधिकारियों और सदस्यों ने भी बच्चों के साथ भजनों पर नृत्य किया। श्रीकृष्ण के जयघोष से कार्यक्रम स्थल भक्तिमय हो गया। ग्रुप के संस्थापक एवं क्रिएटर अभिनय गुप्ता ने कहा कि आयोजन का उद्देश्य बच्चों को जन्माष्टमी के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व से परिचित कराना तथा भारतीय पर्व-परंपराओं से जोड़ना है। जिला उपाध्यक्ष मनोरमा सिंह ने कहा कि बच्चों की प्रस्तुतियां सराहनीय रहीं। ऐसे आयोजनों से बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम के बाद वीआईपी ग्रुप के सदस्य मिश्रीपुर स्थित श्री गोपाल गौशाला पहुंचे। यहां गायों का विधि-विधान से पूजन कर उन्हें हरा चारा खिलाया गया। जिलाध्यक्ष नीतू गुप्ता ने कहा कि जन्माष्टमी भगवान श्रीकृष्ण के प्रेम, करुणा और सेवा के संदेश को जीवन में उतारने का पर्व है। इसी भावना के साथ गौ-सेवा की गई। महानगर अध्यक्ष एवं विद्यालय की प्रधानाचार्य दीपमाला रस्तोगी ने कहा कि बच्चों को जन्माष्टमी की परंपराओं और धार्मिक महत्व से जोड़ने के लिए कार्यक्रम कराया गया। भगवान श्रीकृष्ण का गायों से विशेष लगाव रहा है, इसलिए जन्माष्टमी पर गौशाला में सेवा को आयोजन का हिस्सा बनाया गया। कार्यक्रम में अंशिका बाथम, मानसी रोहरा, चारू अग्निहोत्री, नीलम यादव, फिजा खान, नैंसी बाथम, सुनैना, इफरा, चेताली, यूसरा, वंशिका, श्रुति, अग्रिमा गुप्ता, अर्शिफा, फरहीन, वैष्णवी यादव, अंकुर और सतीश समेत विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे। कोषाध्यक्ष ज्योति गुप्ता ने सहयोग के लिए पदाधिकारियों, सदस्यों, विद्यालय परिवार, बच्चों और अभिभावकों का आभार जताया। समापन श्रीकृष्ण के जयघोष और प्रसाद वितरण के साथ हुई।

# स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में मनाया गया शिक्षक दिवस

जागरण मोर्चा कार्यालय



**पुवायां।** स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय, में शिक्षक दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के डॉ. रानी त्रिपाठी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती व डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम में प्रो. राजीव लोचन गुप्ता ने छात्र-छात्राओं को गुरु के महत्व और शिक्षक के प्रति सम्मान की भावना के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों के जीवन को सही दिशा देने के साथ उनके व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने भी शिक्षक दिवस के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। विद्यार्थियों ने शिक्षकों के प्रति अपने अपने विचार प्रस्तुत किए इसके अलावा कुछ विद्यार्थियों ने कविता, पाठ प्रस्तुत किए। महाविद्यालय के प्रबंधक राजीव गुप्ता व प्राचार्य मोहित निगम ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस बीच महाविद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# नेशनल हाईवे 30 फिर हुआ मामा भांजे के खून से लाल

जागरण मोर्चा कार्यालय



सोमेश का फाइल फोटो।



मोहित का फाइल फोटो।

**तिलहर, शाहजहांपुर।** उत्तराखंड के प्रसिद्ध कैंची धाम के दर्शन के लिए जा रहे मामा-भांजे की शनिवार सुबह दर्दनाक सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसा तिलहर थाना क्षेत्र में भेदपुर गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर सुबह करीब छह बजे हुआ। कुत्ते को बचाने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। इसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार डबल डेकर बस ने दोनों को कुचल दिया। हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान हरदोई जिले के मल्लावां क्षेत्र के नेवादा राघौपुर निवासी मोहित (23) और शाहजहांपुर के सेहरामऊ दक्षिणी क्षेत्र के कनेंग गांव निवासी सोमेश शुक्ला (22) के रूप में हुई है। दोनों रिश्ते में मामा-भांजे थे। मोहित बीएससी नर्सिंग की पढ़ाई पूरी कर चुका था, जबकि सोमेश स्नातक था। परिजनों के मुताबिक मोहित शुक्रवार दोपहर बाइक से कैंची धाम जाने के लिए घर से निकला था। रास्ते में वह अपनी बहन के घर रुक गया। शनिवार तड़के उसने भांजे सोमेश को भी साथ लिया और दोनों बाइक से कैंची धाम के लिए रवाना हो गए। भेदपुर गांव के पास हाईवे पर अचानक बाइक के सामने कुत्ता आ गया। उसे बचाने के प्रयास में मोहित ने बाइक को मोड़ा, जिससे बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। इसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार डबल डेकर बस दोनों के ऊपर से निकल गई। गंभीर रूप से कुचले जाने के कारण दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही तिलहर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मोहित चार बहनों का इकलौता भाई था। उसके पिता विजय शंकर अवस्थी सेवानिवृत्त शिक्षक हैं। वहीं सोमेश अपने परिवार का सबसे बड़ा बेटा था। दोनों युवकों की मौत की खबर मिलते ही हरदोई और शाहजहांपुर स्थित उनके गांवों में मातम छा गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# आधुनिकता की चमक में गुम हो गई तिलहर की श्री कृष्ण जन्मोत्सव की झांकियां

अनुराग मिश्रा, जागरण मोर्चा कार्यालय

- प्रतियोगिता उत्साह और श्रद्धा पर भारी पड़ी महंगाई की मार
- महीनों पहले जन्माष्टमी की होने लगती थी तैयारी

**तिलहर शाहजहांपुर।** सुदर्शन चक्रधारी योगेश्वर भगवान श्री कृष्ण की जन्माष्टमी का पावन त्यौहार तिलहर के लिए पहले कभी एक उत्सव का संदेश लेकर आता था जिसे मनाने के लिए नगर के छोटे बड़े गरीब अमीर कामकाजी व्यवसाय और सरकारी सेवक विशिष्ट बनाने के लिए अपना रात दिन एक कर देते थे। आज से लगभग 5 दशक पूर्व की पृष्ठभूमि में जाएं तो नगर में विरियागंज और दातागंज उन मोहल्ले के नाम है जहां श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर भगवान के स्वरूप और उनकी लीलाओं को सजीव ढंग से दरसाने के लिए महीनों पहले तैयारी होने लगती थी और मनोरम झांकियां सजाने के लिए सज्जा कौशल को विशिष्ट बनाने के लिए आयोजक सारी सीमाएं पार कर देते थे। यदि कलातीत समय में जाएं तो विरियागंज के दिनेश चंद गुप्ता सुदेश गुप्ता नगर के रिक्शा चालक रामस्वरूप दातागंज के सुभाष पांडे अखिलेश अग्रवाल मौजपुर के राजाराम और तमाम ऐसे नाम है जो कि श्री कृष्ण जन्मोत्सव के आयोजन को एक चुनौती के रूप में लेते थे। और संजीव चित्रांकन के लिए पूरी दमखम लगा देते थे। द्रोपदी का चीर हरण, ताड़का वध, कंस की जेल, यमुना में कालिया नाग से कृष्ण की लड़ाई ऐसे विषय थे जिनकी सजीव झांकिया की लोक तारीफ करते नहीं थकते थे। एक बार तो विरियागंज में हाथी को झांकी में सजाकर दिनेश चंद गुप्ता ने झांकी सजा प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। पुराने समय में जहां लोगों के पास इस सबके लिए समय भी था और भावना भी जिससे पुरानी स्मृतियों में नगर की श्री कृष्ण जन्माष्टमी झांकियां आज भी जनमानस में जीवंत हैं। शुक्रवार को नगर में रस्तोगी धर्मशाला, बालाजी धाम, गोसाई मंदिर, दातागंज के मठिया मंदिर, प्राचीन ठाकुरद्वारा मंदिर आदि स्थलों पर पर धूमधाम से श्री कृष्ण जन्माष्टमी का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर कान्हा के स्वागत के लिए दुल्हन की तरह सजाए जा रहे हैं। इन्हें देखकर आम जनमानस के मन में 5 दशक पुरानी स्मृतियां एक बार फिर जीवंत हो रही हैं।

उदघाटन

करीब 9 .6 किमी सड़कों पर खर्च होंगे 9 .34 करोड़ रुपये, ग्रामीणों को मिलेगी बेहतर आवागमन की सुविधा

# सात संपर्क मार्गों का वित्त मंत्री ने किया शिलान्यास

जागरण मोर्चा कार्यालय



संपर्क मार्गों के शिलान्यास के दौरान वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना।

**शाहजहांपुर।** ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन को सुगम बनाने के लिए सात संपर्क मार्गों के नवनिर्माण कार्यों का शिलान्यास शुक्रवार को वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार सड़क और संपर्क मार्गों समेत मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता के आधार पर बेहतर कर रही है। निगोही मार्ग से शाहबाजनगर निवाड़ी मार्ग स्थित गन्ना सेंटर तक 2.800 किमी सड़क का निर्माण 252.63 लाख रुपये की लागत से होगा। हनुमानमूर्ति शाहबाजनगर मार्ग से बेहटा रोड होते हुए बड़े मोहल्ले तक 0.770 किमी मार्ग पर 170.93 लाख, राईखुर्द से रज्जबनगर शाहबाजनगर फाटक तक 0.515 किमी मार्ग पर 87.66 लाख रुपये खर्च होंगे। इसी तरह शाहबाजनगर में खेड़ा मोहल्ले से गर्रा नदी तक 1.800 किमी सड़क का निर्माण 184.72 लाख, बड़ा बेहटा रोड/रिंग रोड से मोहल्ला कछियाना तक 0.410 किमी मार्ग पर 49 लाख, रज्जबनगर में रामदयाल की बगिया से आंगनबाड़ी होते हुए बारातघर तक 0.650 किमी सड़क पर 63.50 लाख और शाहबाजनगर आइटीआइ से ज्ञानी अमरीक सिंह व हरभजन सिंह के झाले तक 1.200 किमी मार्ग पर 125.83 लाख रुपये खर्च होंगे। मंत्री ने कहा कि इन मार्गों के बनने से ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन सुगम होगा और विकास को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग के अलावा अन्य विभागों से जुड़ी जनसमस्याओं का भी प्राथमिकता से समाधान कराया जाएगा। क्षेत्रवासी अपनी समस्याओं को लेकर उनसे संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य बड़े विकास कार्यों के साथ स्थानीय जरूरतों को पूरा करना भी है। साथ ही क्षेत्रवासियों से विकास कार्यों में सहयोग करने की अपील की। मंत्री ने आगामी चुनाव को लेकर भी क्षेत्रवासियों से सोच-समझकर मतदान करने और विकास व सुशासन के आधार पर निर्णय लेने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन इंदु अजनबी ने किया। इस दौरान सफाई आयोग के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र वाल्मीकि, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अजय यादव, संबंधित ग्राम सभाओं के प्रधान, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता महेंद्र कुमार पाल, सहायक अभियंता सुरेंद्र कुमार व महेश सिंह, अवर अभियंता मनोज कुमार व राकेश कुमार समेत बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

## जन्माष्टमी पर कृष्णमय हुआ शहर, आधी रात गूंजे जयकारे

**शाहजहांपुर।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर शुक्रवार को पूरा शहर कान्हा की भक्ति में डूबा रहा। शाम होते ही प्रमुख मंदिर रंग-बिरंगी रोशनी और फूलों से सज उठे। प्राचीन शिव बड़ा मंदिर, लाल तेली बजरिया समेत अन्य मंदिरों में राधा-कृष्ण, गोकुल-वृंदावन और बाल गोपाल की आकर्षक झांकियां सजाई गईं।लाल तेली बजरिया स्थित प्राचीन शिव बड़ा मंदिर में राधा-कृष्ण का झूला, माखन खाते बाल कृष्ण, यशोदा का वात्सल्य, शिव-पार्वती और देवकी-वसुदेव की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। शेषनाग पर विराजमान भगवान श्रीकृष्ण की झांकी देखने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी। लोगों ने झांकियों के दर्शन करने के साथ मोबाइल में तस्वीरें भी कैद कीं। मंदिर परिसर में मटकी फोड़ कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

# यूजीसी रोलबैक आंदोलन के समर्थन में ढाल बनेंगे एनडी त्रिपाठी

जागरण मोर्चा कार्यालय



नारायण दत्त त्रिपाठी। -जागरण मोर्चा

**शाहजहांपुर।** सेंट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता नारायण दत्त त्रिपाठी गुल्लू बाबू ने यूजीसी रोलबैक आंदोलन के समर्थन में जरूरतमंद सवर्ण छात्रों और परिवारों को निश्शुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि एससी-एसटी एक्ट के तहत दर्ज कथित झूठे मुकदमों में फंसे लोगों को कानूनी प्रक्रिया में हरसंभव सहयोग दिया जाएगा। वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा कि यदि किसी छात्र, परिवार या व्यक्ति के विरुद्ध एससी-एसटी एक्ट के तहत झूठा मुकदमा दर्ज कराया गया है अथवा न्यायालय में वाद या परिवाद विचाराधीन है तो वह दस्तावेज और तथ्यों के आधार पर विधिक सलाह ले सकता है। आर्थिक कारणों से कोई व्यक्ति सक्षम कानूनी पैरवी से वंचित न रहे, इसके लिए वह अपनी ओर से निश्शुल्क पैरवी करेंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी कानून का उद्देश्य पीड़ित को न्याय दिलाना है। यदि किसी मामले में झूठी शिकायत के माध्यम से किसी व्यक्ति को कानूनी रूप से परेशान किए जाने के तथ्य सामने आते हैं तो कानून के दायरे में शिकायतकर्ता के विरुद्ध उपलब्ध विधिक विकल्पों पर भी कार्रवाई की जा सकती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रत्येक मामले में कार्रवाई तथ्यों और न्यायालयीन प्रक्रिया के अनुरूप ही होगी। यूजीसी रोलबैक आंदोलन को लेकर उन्होंने कहा कि प्रतिभाशाली सवर्ण युवा और छात्र अपनी मांगों के लिए लोकतांत्रिक एवं कानूनी तरीके से संघर्ष कर रहे हैं। अपने अधिकारों और न्यायसंगत मांगों के लिए शांतिपूर्ण ढंग से आवाज उठाना प्रत्येक नागरिक का अधिकार है। उन्होंने आंदोलन से जुड़े युवाओं का समर्थन करते हुए संघर्ष जारी रखने का आह्वान किया। नारायण दत्त त्रिपाठी ने पीड़ित परिवारों से अपील की कि किसी मामले में घबराने के बजाय मुकदमे से संबंधित दस्तावेज और तथ्य लेकर विधिक सलाह लें

**एक नजर**

## सम्भल में स्ट्रॉबेरी की खेती को मिलेगा बढ़ावा, 10 हेक्टेयर का लक्ष्य निर्धारित

**चंदौसी।** सम्भल में स्ट्रॉबेरी की खेती को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री राज्य औद्यानिक विकास योजना के तहत उद्यान विभाग को 10 हेक्टेयर का लक्ष्य मिला है। इसमें सात हेक्टेयर सामान्य व अन्य पिछड़ा वर्ग तथा तीन हेक्टेयर अनुसूचित जाति/जनजाति के कृषकों के लिए निर्धारित है। जिला उद्यान अधिकारी सौरभ बंसल ने बताया कि पात्र किसानों को पौध काइंड डीबीटी के माध्यम से अनुदान दिया जाएगा। योजना का लाभ पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर पंजीकरण क्रम में मिलेगा। जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल ने किसानों से योजना का लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने विभाग को लाभार्थियों तक योजना पारदर्शी व समयबद्ध तरीके से पहुंचाने के निर्देश दिए।

# धूमधाम से बनाया गया शिक्षक दिवस

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** न्यू सत्यम अकादमी, कैथल गेट में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास, उत्साह एवं गरिमापूर्ण वातावरण में भव्य रूप से मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में शिक्षकों के प्रति सम्मान, कृतज्ञता एवं आदर की भावना विकसित करना तथा शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षकों के महत्वपूर्ण योगदान को सम्मानित करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की मैनेजिंग डायरेक्टर नमिता चौधरी, जाह्नवी चौधरी, प्रधानाचार्य सतीश चंद्र गंगवार, उप-प्रधानाचार्य अमित कुमार गुप्ता एवं एकेडमिक कॉर्डिनेटर श्वेता मनचंदा एवं दामोदर सिंह द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में उत्साह, उमंग एवं सम्मान की भावना का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। शिक्षक दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा अपने गुरुजनों के सम्मान में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियाँ प्रस्तुत की गईं। विद्यार्थियों ने गीत, नृत्य, कविताओं, भाषण एवं अन्य रंगारंग प्रस्तुतियों के माध्यम से शिक्षकों के प्रति अपने प्रेम, सम्मान एवं आभार को व्यक्त किया। बच्चों ने अपने गुरुजनों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके मार्गदर्शन एवं योगदान को सराहा। इस अवसर पर शिक्षकों के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा गया कि एक शिक्षक केवल विद्यार्थियों को विषयगत ज्ञान ही नहीं देता, बल्कि उनके व्यक्तित्व, चरित्र एवं भविष्य के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मंच का सफल एवं प्रभावी संचालन विद्यालय के विद्यार्थियों रितिश, वान्या, प्रखर, करिश्मा एवं अविका द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। विद्यार्थियों ने पूरे आत्मविश्वास, उत्साह एवं आकर्षक अंदाज में कार्यक्रम का संचालन करते हुए समारोह को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाया। उनके शानदार मंच संचालन ने उपस्थित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों को प्रभावित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री एससी गंगवार ने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि शिक्षक समाज के निर्माण की आधारशिला हैं। उन्होंने शिक्षकों से विद्यार्थियों को बेहतर संस्कार, ज्ञान एवं जीवन-मूल्यों से जोड़ते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में निरंतर योगदान देने का आह्वान किया। विद्यालय की मैनेजिंग डायरेक्टर नमिता चौधरी ने भी सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए उनके समर्पण एवं मेहनत की सराहना की। कार्यक्रम का समापन हर्षोल्लास एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के सभी विद्यार्थियों, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं समस्त विद्यालय परिवार ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। समारोह ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के बीच प्रेम, सम्मान और आत्मीयता के भाव को और अधिक मजबूत किया। विद्यालय प्रबंधन ने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य एवं निरंतर सफलता की कामना की। साथ ही विद्यार्थियों को अपने गुरुजनों का सदैव सम्मान करने तथा उनके मार्गदर्शन से जीवन में आगे बढ़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मैनेजिंग डायरेक्टर नमिता चौधरी, सत्यम चौधरी, जाह्नवी चौधरी, प्रधानाचार्य एस.सी. गंगवार, उप-प्रधानाचार्य अमित कुमार गुप्ता, एकेडमिक कॉर्डिनेटर्स श्वेता मनचंदा एवं दामोदर सिंह तथा समस्त अध्यापक-अध्यापिकाओं एवं विद्यालय के समस्त स्टाफ का योगदान सराहनीय रहा।


चंदौसी के न्यू सत्यम एकेडमी में शिक्षक दिवस कार्यक्रम में गेम्स खेलती शिक्षकाएं।

# अधिवक्ताओं ने धूमधाम से मनाया शिक्षा दिवस

▸ साक्षी चंदौसी एडवोकेट यूनिटी ने किया कार्यक्रम का आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** साक्षी चंदौसी एडवोकेट यूनिटी के तत्वाधान में 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ चंदौसी बार एसोसिएशन की पूर्व कोषाध्यक्ष रंजना शर्मा द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। शिक्षक दिवस के अवसर पर समाज में महिला अधिवक्ता की जिम्मेदारी एवं भूमिका विषय पर परिचर्चा आयोजित की गई। विनीता सिंह, सफिया कादिर, आरती रुस्तगी, मेना कुलसुम, दीपा सिंह, प्रिया चौहान ने परिचर्चा में सहभागिता की। रंजना शर्मा ने बताया कि शिक्षक का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है। बिना शिक्षक के हम अपने ध्येय को प्राप्त नहीं कर सकते हैं। उनके द्वारा ही हमें शिक्षा का ज्ञान मिलता है। 5 सितम्बर को हमारे पूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी का जन्मदिवस होता हैं। डॉ राधाकृष्णन ने लगभग 40 साल शिक्षक के रूप में देश को समर्पित किए थे। उन्होंने शिक्षकों के सम्मान पर जोर दिया।इस दिन शिक्षकों को उनकी सेवा के लिए राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित भी किया जाता है। शिक्षक या गुरु को ईश्वर से भी ऊपर का दर्जा दिया गया है क्योंकि ईश्वर तक पहुंचने का मार्ग भी शिक्षा ही बताते हैं। शिक्षक का स्थान ईश्वर से भी पहले बताया गया। शिक्षक ही हमें ईश्वर के बारे ज्ञान दे सकते हैं। प्रत्येक व्यक्ति की प्रथम शिक्षक उसकी मां होती हैं। इससे भी इनकार नहीं किया जा सकता।हमारे माता पिता हमें सही राह पर चलने की शिक्षा देते हैं। वही शिक्षक विद्यालय में हमारी योग्य एवं सफल जीवन यापन में सहायता प्रदान करते हैं। शिक्षक को भी अपने जीवन में सुंदर आदर्श प्रस्तुत करके सदाचारी जीवन का मार्गदर्शन देना चाहिए।जितने उत्तम शिक्षक होगे। उतने ही उत्तम विद्यार्थी जन्म लेंगे। इसके साथ ही उपस्थित विधि प्रशिक्षुओं राखी, रहिला, प्रज्ञा शर्मा, वर्षा, सबा आदि को धारा 144 बीएनएस की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में दीपा सिंह द्वारा वरिष्ठ अधिवक्ता रंजना शर्मा को उपहार देकर सम्मानित किया गया।


चंदौसी मे शिक्षक दिवस मनातें साक्षी एडवोकेट यूनिटी के पदाधिकारी।

# किसानों को बाउंड्री करने से रोकने पर फूटा आक्रोश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** बहजोई थाना क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर शरीफ नगर में पैतृक भूमि पर बाउंड्रीवॉल का निर्माण करा रहे किसानों को प्रॉपर्टी डीलर द्वारा जबरन रोकने का मामला सामने आया है। पीड़ित किसान इंद्रेश कुमार, दिनेश कुमार, देवेश कुमार, नागेश कुमार, योगेश कुमार और चंद्रकेश ने तहसील चंदौसी के गाटा संख्या 228 में 0.943 हेक्टेयर पैतृक भूमि होने का दावा किया है। किसानों के मुताबिक वे राजस्व अभिलेखों में दर्ज वैध भूमिधर और काबिज मालिक हैं। उनका कहना है कि भूमि को लेकर न कोई पारिवारिक विवाद है और न ही न्यायालय में कोई वाद या स्थगन आदेश प्रभावी है। आरोप है कि संभल रोड निवासी प्रॉपर्टी डीलर गोविंद कुमार दबंगई के बल पर बाउंड्रीवॉल का निर्माण रुकवा रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार विपक्षी ने कई वर्ष पहले गाटा संख्या 220 में प्लाटिंग कर अपने सभी प्लॉट बेच दिए थे। अब उनकी नजर गाटा संख्या 228 की जमीन पर है। निर्माण रोके जाने के बाद आसपास के किसान और ग्रामीण पीड़ितों के समर्थन में एकत्र हो गए। पीड़ितों ने उप जिलाधिकारी और मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने तहसील प्रशासन और पुलिस से मौके पर सुरक्षा उपलब्ध कराने, निर्माण कार्य शांतिपूर्वक पूरा कराने तथा दबंगई करने वालों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की मांग की है। किसानों ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर शीघ्र न्याय दिलाने की मांग की।

# पंजाबी मंदिर में धूमधाम से मनाया गया कृष्ण जन्मोत्सव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** मोहल्ला कागजी स्थित श्री सनातन धर्म पंजाबी सभा मंदिर में शुक्रवार को भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसके साथ ही मंदिर में एक माह से चल रहे श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का भव्य समापन हुआ। कार्यक्रम शाम सात बजे शुरू होकर देर रात 12 बजे तक चला। भजन संध्या में वृंदावन से आए कवि चंद्र दास जी महाराज ने मधुर भजनों की प्रस्तुति दी। भक्ति गीतों पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूमते नजर आए। रात 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव पर विशेष पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान छोटे बच्चों को भगवान श्रीकृष्ण के स्वरूप में सजाकर पल्ले में विराजमान किया गया। श्रद्धालुओं को मावे केक, फल, चूरमा, चरणामृत, गोले, मिश्री तथा माखन-मिश्री का प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सचिन मग्गो ने किया। इस अवसर पर सुधीर मल्होत्रा, बुद्धिश छाबड़ा, विजय अरोरा, मोनू अदलखा, रोहित मग्गो, अमन मल्लन, गगन अरोरा, नीतू ओहरी, बिट्टू अदलखा, गुलशन खत्री, अर्पित मेहरोत्रा, मनमोहन भसीन, संजय मदान सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।


भजन सुनाते महाराज कवि चन्द्र दास।

## समारोह पूर्वक मनाई डॉ. राधाकृष्णन की जयंती

**चंदौसी।** महाजन मोहल्ला स्थित लाला सोहनलाल सरस्वती शिशु मंदिर जूनियर हाईस्कूल में भारतीय मानव कल्याण समिति ने शिक्षक दिवस पर डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती मनाई और शिक्षक-शिक्षिकाओं को सम्मानित किया। मुख्य अतिथि राजश्री अग्रवाल, सभासद अमन कोरी, प्रभात कृष्णा, कुलदीप वार्ष्णेय व दिनेश चंद्र गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समिति प्रबंधक डॉ. टीएस पाल ने राधाकृष्णन के योगदान पर प्रकाश डाला। अतिथियों ने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों को ज्ञान के साथ संस्कार, अनुशासन और सही दिशा देते हैं। प्रधानाचार्य सुरेंद्र सिंह राजपूत ने कहा कि शिक्षक का प्रोत्साहन विद्यार्थी का जीवन बदल सकता है। संचालन डॉ. जयशंकर दुबे ने किया।

# अधिवक्ता 19 तक जमा कराएं सदस्यता शुल्क

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** चंदौसी बार एसोसिएशन की बैठक जिला न्यायालय स्थित बार रूम में संपन्न हुई जिसमें चुनाव वर्ष 2026-27 के सम्पन्न कराये जाने पर चर्चा की गई जिसकी अध्यक्षता एल्डर कमेटी के चेयरमैन अनिल कुमार गुप्ता ने की जिसमें सभी सम्मानित एल्डर कमेटी के सदस्य शकील अहमद वारसी. मौ सगीर सैफी, राजबहादुर व लोकेन्द्र शर्मा मौजूद थे। एल्डर कमेटी द्वारा आपसी विचार विमर्श के बाद निर्णय लिया कि चुनाव सम्पन्न कराये जाने हेतु सदस्यता शुल्क 7 से 19 सितंबर तक दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक बार रूम में एल्डर कमेटी द्वारा लिया जायेगा। जिसने बताया गया कि नेट खोल दो, जो प्रथम वर्ष को सदस्यता लेना चाहते हैं, उनको अपना बार कौंसिल ऑफ उप्र का पंजीकरण प्रमाण पत्र लाना होगा तथा उसकी छायाप्रति एल्डर कमेटी को देनी होगी। जो द्वितीय वर्ष को सदस्यता लेना चाहते हैं, जो वर्ष 2025 में बार के प्रथम वर्ष के सदस्य हों, उनको प्रथम वर्ष की शुल्क की पर्ची (रसीद) साथ लानी होगी ताकि उनको द्वितीय वर्ष की सदस्यता आवश्यक शुल्क लेकर ग्रहण करायी जा सके। जो वर्ष 2024-2025 में इस बार के सदस्य अधिवक्ता रह चुके हैं और उनको अपना सीओपी बार कौंसिल ऑफ उप्र, इलाहाबाद से प्राप्त हो चुका है, की प्रति मय शुल्क रसीद वर्ष 2024-2025 साथ में लानी होगी, जो एल्डर कमेटी को जमा करके व शुल्क जमा कराके उनको इस वर्ष 2026 में चन्दौसी बार एसोसिएशन के चुनाव में भाग लेने को मतदाता बनाया जायेगा। जो पूर्व से बार के सदस्य हैं, उनसे नम्रतापूर्वक आग्रह किया जाता है वे पिछले वर्ष की अधिवक्ता सूची में अपने नाम का क्रमांक संख्या एल्डर कमेटी को अवश्य बता दें ताकि उनके क्रमांक पर सदस्यता शुल्क आसानी से जमा कराया जा सके। इस वर्ष भी सदस्यता शुल्क मात्र 200/- रूपये वार्षिक ही होगा, जो प्रत्येक अधिवक्ता को जमा कराना होगा। इस वर्ष 2026-27 चन्दौसी बार एसोसिएशन के चुनाव में महिला अधिवक्तागण का 30 प्रतिशत आरक्षण होगा, जिसमें एक पद कोषाध्यक्ष का पूर्णतया आरक्षित होगा, शेष पद की सूचना चुनाव सम्पन्न कराये जाने से पूर्व प्रदान कर दी जायेगी। अधिवक्तागण समय व स्थान बार रूम चन्दौसी पर आकर अपना शुल्क जमा कर हमें सहयोग प्रदान करें। इस अवसर पर कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

## किसानों का 17वें दिन भी धरना प्रदर्शन

**चंदौसी।** राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन का धरना जिलाध्यक्ष कुलदीप चौधरी के नेतृत्व में 17वें दिन भी जारी रहा। चौधरी विजयपाल सिंह की अगुवाई में किसानों ने गन्ना भुगतान के ब्याज का हिसाब स्पष्ट नहीं होने पर नाराजगी जताई। किसानों का आरोप है कि प्रशासन उनकी समस्या पर ध्यान नहीं दे रहा है। संगठन ने सोमवार को जिला गन्ना अधिकारी के विरोध में अर्धनग्न प्रदर्शन की चेतावनी दी है। किसानों ने कहा कि सरकार तक आवाज पहुंचाने के लिए बड़ा आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने जिलाधिकारी से विलंबित गन्ना भुगतान पर ब्याज का हिसाब स्पष्ट करने की मांग की। किसानों के अनुसार हाईकोर्ट ने 15 अक्टूबर को जिलाधिकारियों को तलब किया है।

**स्वरोजगार** पात्र लाभार्थियों को मिलेगा 90 प्रतिशत तक सरकारी अनुदान

# बकरी पालन योजना से आत्मनिर्भर बनेंगे जरूरतमंद परिवार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** पशुपालन को बढ़ावा देने तथा जरूरतमंद परिवारों को स्वरोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से जनपद में बकरी पालन योजना संचालित की जा रही है। योजना के माध्यम से पात्र लाभार्थी बकरी पालन को व्यवसाय के रूप में अपनाकर अपनी आजीविका को मजबूत कर सकते हैं।

मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि योजना के अंतर्गत विभिन्न श्रेणियों के पात्र लाभार्थियों को बकरी पालन यूनिट स्थापित करने के लिए सरकारी सहायता प्रदान की जाती है। योजना में कुछ यूनिट अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति तथा कुछ यूनिट सामान्य वर्ग एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लाभार्थियों के लिए आरक्षित रहती हैं। पात्र लाभार्थी को परियोजना लागत का 10 प्रतिशत लाभार्थी अंश स्वयं वहन करना होता है, जबकि शेष 90 प्रतिशत धनराशि सरकार द्वारा अनुदान के रूप में प्रदान की जाती है। योजना के अंतर्गत बकरियों का बीमा भी शामिल है। उन्होंने बताया कि योजना का उद्देश्य विशेष रूप से ऐसे जरूरतमंद लोगों को स्वरोजगार का अवसर उपलब्ध कराना है, जो अपनी आजीविका के लिए सीमित संसाधनों पर निर्भर हैं। विधवा, निराश्रित, दिव्यांग, भूमिहीन तथा अन्य पात्र जरूरतमंद व्यक्ति योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं, बशर्ते वे निर्धारित पात्रता एवं विभागीय मानकों को पूरा करते हों। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए पात्र लाभार्थी के पास आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र एवं आय प्रमाण पत्र होना आवश्यक है। विधवा लाभार्थी के मामले में पति का मृत्यु प्रमाण पत्र भी आवश्यक होगा। लाभार्थियों का चयन निर्धारित प्रक्रिया एवं पात्रता के आधार पर किया जाएगा। योजना के लिए आवेदन प्रक्रिया ऑफलाइन है। इच्छुक एवं पात्र लाभार्थी आवश्यक अभिलेखों के साथ संबंधित पशु चिकित्सा अधिकारी/पशुपालन विभाग के कार्यालय में ऑफलाइन आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। डॉ. शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि योजना के अंतर्गत लाभार्थी पांच बकरी एवं एक बकरा खरीदकर बकरी पालन का व्यवसाय शुरू कर सकता है। बकरी पालन के माध्यम से दूध, मांस एवं बकरी के बच्चों की बिक्री से आय का स्रोत विकसित किया जा सकता है। इस प्रकार योजना ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार को बढ़ावा देने के साथ ही आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की आय बढ़ाने में सहायक सिद्ध हो सकती है। जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनपद में संचालित स्वरोजगार एवं आजीविका से जुड़ी योजनाओं का लाभ पात्र एवं जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। बकरी पालन जैसी योजनाएं कम संसाधनों में ग्रामीण परिवारों को स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता से जोड़ने का प्रभावी माध्यम हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए पात्र लाभार्थियों को योजना की जानकारी उपलब्ध कराई जाए तथा पारदर्शी एवं नियमानुसार प्रक्रिया के तहत पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाए।

## श्रद्धापूर्वक मनाई डॉ. राधाकृष्णन जयंती

**चंदौसी।** मोहल्ला सेमरटोला स्थित राजेश कुमार पब्लिक स्कूल में महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती और शहीद नीरजा भनोट का बलिदान दिवस मनाया गया। मुख्य वक्ता कवि माधव मिश्र ने दोनों के चित्रों पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने राधाकृष्णन के शिक्षक, दार्शनिक और शिक्षाविद के रूप में योगदान पर प्रकाश डाला। साथ ही नीरजा भनोट के साहस और बलिदान को याद किया। वक्ताओं ने शिक्षा की गुणवत्ता और बदलते दौर में तकनीक के बढ़ते प्रभाव पर भी विचार रखे। इस दौरान ज्योति शर्मा, सुरेश चंद्र शर्मा, रामकिशोर अग्रवाल समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

**संक्षेप समाचार**


सम्पूर्ण समाधान दिवस पर लोगों की शिकायतों का निस्तारण करते एडीएम।

## समाधान दिवस : 66 शिकायतों में 5 का निस्तारण

**चंदौसी।** तहसील सभागार में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें एडीएम ने फरियादियों की शिकायत सुनी और समस्या का समाधान किया। शनिवार को तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान एडीएम सत्यप्रिय सिंह, एसडीएम आशुतोष तिवारी ने फरियादियों की शिकायतें सुनी जिसमें राजस्व की 20, पुलिस की 12, चकबंदी की आठ, विकास की 10, खाद्य एवं रसद विभाग की पांच, समाज कल्याण की तीन व अन्य आठ शिकायत है प्राप्त हुई कल 66 शिकायत में से पांच शिकायतों का निस्तारण मौके पर कर दिया गया शेष बची शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को देखकर शीघ्र समाधान के निर्देश दिए इस अवसर पर तहसीलदार रविंद्र विक्रम सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## सुंदरकांड में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**चंदौसी।** स्वामी भूमानन्द सेवा ट्रस्ट द्वारा शनिवार को सीता रोड स्थित श्री गणेश मंदिर परिसर में संगतिमय सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य यजमान ललित किशोर गुप्ता रहे उन्होंने पाठ अपनी धर्मपत्नी स्व मुरखा की स्मृति में कराया जिसमें सर्वप्रथम पं अनिल शर्मा ने पूजन सम्पन्न कराया तदोपरांत केजी शर्मा व राजेश शंखधार ने गणेश–वन्दना, सरस्वती बन्दना, हनुमान चालीसा व बजरंग बाण का मनोहारी वाचन किया। इसके पश्चात अजय सक्सेना व विशाळ शर्मा नै सुन्दरकाण्ड की चौपाईयों का विस्तार से वर्णन किया सुन्दरकाण्ड के उपरान्त मनमोहक भजनों में केजी शर्मा ने फूलों में सज रहे हैं, श्री वृन्दावन बिसरी, गीता ने मोहन से दिल क्यो लगाया हैं, ये मैं जानें या वो जाने सुनाया। इस अवसर पर मुश्रांत गुप्ता, सुधार गुप्ता, मनोज कुमार गुप्ता, राजीव गुप्ता, मनीष गुप्ता, डा शेखर गुप्ता, वरदान गुप्ता, लोकेन्द्र शर्मा, मुकेश, प्रजीत गुप्ता, शशिकांत गुप्ता, सुशील भोलेनाथ, सतीश किराना, योजना गुप्ता, राहुल चौधरी आदि मौजूद रहे।


चंदौसी के गणेश मंदिर पर 101 किलो घंटा लगातें श्रद्धालु।

## गणेश मंदिर को 101 किलो का घंटा किया भेंट

**चंदौसी।** श्री गणेश मंदिर के परिसर में श्रद्धालुओं की आस्था को समर्पित करते हुए 101 किलो का विशाल घंटा भेंट किया गया। यह घंटा डॉ. शेखर वार्ष्णेय एवं सुशांत वार्ष्णेय (सनी) द्वारा अपने पूर्वजों रामकिशोर रम्मू स्वामी, सरस्वती देवी, स्वर्गीय राजू किशोर, नवल किशोर गुप्ता, कस्तूरी देवी एवं प्रीति देवी की स्मृति में गणेश मंदिर परिसर को समर्पित किया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में धार्मिक वातावरण के बीच विधिवत पूजा–अर्चना के साथ विशाल घंटे की स्थापना की गई। इस पुनीत कार्य के माध्यम से दोनों परिवारों ने अपने पूर्वजों को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए उनकी स्मृति को मंदिर परिसर से जोड़ने का भावपूर्ण प्रयास किया। मंदिर परिसर में स्थापित किया गया विशाल घंटा श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। इस अवसर पर श्रद्धालुओं एवं मंदिर ट्रस्ट से जुड़े पदाधिकारी एवं सदस्यों ने सराहना करते हुए डॉ. शेखर वार्ष्णेय एवं सुशांत वार्ष्णेय (सनी) के प्रति आभार व्यक्त किया।

## दो ग्रामीणों की मौत के बाद मचा कोहराम

**चन्दौसी।** थाना बनियाठेर क्षेत्र के गांव में दो ग्रामीणों ने आत्महत्या कर ली। जिसके बाद परिवार व गांव में मातम छा गया। वहीं परिजनों ने बिना किसी कार्रवाई के दोनों का अंतिम संस्कार कर दिया। गांव सराय सिकंदर में शुक्रवार की रात 8 बजे 50 वर्षीय ग्रामीण ने घर से 500 मीटर दूर अपने खेत में लगे आम के पेड़ से लटक कर आत्महत्या कर ली। खेत पर गए ग्रामीणों ने शव को पेड़ से लटका देखा और मृतक के परिजनों को जानकारी दी। इसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया बिना किसी कार्रवाई के शनिवार को अंतिम संस्कार कर दिया गया। बताते हैं कि मृतक के ऊपर कर्ज था। जिससे वह लंबे समय से परेशान चल रहा था। वहीं दूसरी ओर शनिवार की सुबह 6 बजे ग्रामीण ने छत से कूद कर आत्महत्या कर ली। परिजनों की जानकारी के अनुसार मृतक की छत से कूद कर मौत नहीं हुई है। बल्कि बीमारी के चलते मौत हुई है।

## हरे रामा हरे कृष्णा के संकीर्तन से किया गुणगान

**चन्दौसी।** मेला गणेश चौथ के आयोजन को लेकर गणेश मंदिर परिसर में धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रमों का क्रम निरंतर जारी है। इसी क्रम में गणेश चतुर्थी तक प्रतिदिन रामकिशोर रम्मू स्वामी एवं सरस्वती देवी गणेश मंदिर वालों की स्मृति में महिलाओं द्वारा संगीतमय महामंत्र कीर्तन हरे रामा हरे कृष्णा का आयोजन किया जा रहा है। महिलाओं ने भक्ति एवं श्रद्धा के साथ महामंत्र का सामूहिक संकीर्तन किया। संगीतमय कीर्तन से गणेश मंदिर परिसर का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। इस दौरान महिलाओं ने भजनों एवं संकीर्तन में बढ़–चढ़कर सहभागिता करते हुए धार्मिक आयोजन को सफल बनाया। कीर्तन में गीता गुप्ता, वीना गुप्ता, रजनी चौधरी, अंजू गुप्ता, सीमा वार्ष्णेय, संध्या वार्ष्णेय, योजना गुप्ता, विनीता गुप्ता, नीतू गुप्ता, गुंजन गुप्ता, प्रतिभा चौधरी, भावना गुप्ता सहित अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।


चंदौसी के एसएम कॉलेज मे कबड्डी प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी।

## एसएम इंटर कॉलेज की टीम ने जीती कबड्डी प्रतियोगिता

**चंदौसी।** एसएम इंटर कॉलेज में संकुल स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें तीन विद्यालयों की टीम ने प्रतिभाग किया एसएस इंटर कॉलेज नरौली, चंदौसी इंटर कॉलेज और एसएम इंटर कॉलेज की टीमें शामिल रही। प्रतियोगिता की शुरुआत एसएम इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य राजेश गुप्ता द्वारा की गई जिसमें उन्होंने खेल से जुड़ी सावधानी और नियम के बारे में बताया और खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रथम मैच एसएस इंटर कॉलेज नरौली और एसएम इंटर कॉलेज के मध्य हुआ जिसमें 44–30 के स्कोर से एसएम इंटर कॉलेज विजयी रहा। फाइनल मैच चंदौसी इंटर कॉलेज और एसएम इंटर कॉलेज के मध्य हुआ जिसमें एसएम इंटर कॉलेज ने 25–22 के स्कोर से जीत दर्ज की। इस प्रतियोगिता के आधार पर जनपद स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए दो वर्गों U–17 और U–19 में चयन हुआ। इस अवसर पर ए के सिंह, योगेश शर्मा, मनोज कुमार, चंद्रकांत यादव, चंद्र प्रकाश, मोहम्मद सलीम, रूपेश कुमार, संजीव कुमार एवं डिप्टी शंकर उपस्थित रहे।

## गीता सार



पार्थ नैवेह नामुत्र विनाशस्तस्य विद्यते।
न हि कल्याणकृत्कश्चिद्दुर्गतिं तात गच्छति॥

भावार्थ : श्री भगवान ने कहा - हे पृथापुत्र! उस असफल योगी का न तो इस जन्म में और न अगले जन्म में ही विनाश होता है, क्योंकि हे प्रिय मित्र! परम-कल्याणकारी नियत-कर्म करने वाला कभी भी दुर्गति को प्राप्त नहीं होता है।

## सम्पादकीय

# सरकार की नजर

सरकार सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों के सोशल मीडिया इस्तेमाल के लिए नई आचार संहिता लाने पर विचार कर रही है। इसके तहत अनुचित विषयों पर वीडियो या निजी राय पोस्ट करने और अपने पद या काम का महिमामंडन करने वाली सामग्री साझा करने पर रोक लगाई जा सकती है। प्रस्तावित नियम सभी अधिकारियों और कर्मचारियों पर लागू हो सकते हैं। हालांकि, आचार संहिता कब जारी होगी और इसमें क्या प्रावधान होंगे, इसकी आधिकारिक जानकारी अभी सामने नहीं आई है। सरकार के उच्च स्तर पर इस मुद्दे को लेकर चर्चा हो चुकी है। अब एक ऐसी आचार संहिता तैयार करने पर विचार किया जा रहा है, जिसके तहत अधिकारी सोशल मीडिया



प्लेटफॉर्म पर अनुचित या आपत्तिजनक विषयों से जुड़े वीडियो और निजी राय साझा नहीं कर सकेंगे। एक बार सोशल मीडिया आचार संहिता तैयार होने के बाद इसे सभी सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों पर लागू किया जा सकता है। इसमें अधिकारी का पद या रैंक क्या है, इससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा। यानी नियमों का दायरा शीर्ष स्तर के अधिकारियों से लेकर अन्य कर्मचारियों तक हो सकता है। हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं है कि सरकार सोशल मीडिया आचार संहिता को कब तक जारी करेगी। इसमें किन-किन गतिविधियों को प्रतिबंधित किया जाएगा और अधिकारियों के लिए क्या-क्या दिशा-निर्देश तय होंगे, इसकी भी आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। सरकार का यह कदम ऐसे समय में सामने आया है, जब अधिकारियों द्वारा सोशल मीडिया पर अपने काम और पद का महिमामंडन करने वाली सामग्री साझा करने के मामले बढ़ रहे हैं। सरकारी सेवा में रहते हुए इस तरह की सामग्री पोस्ट करना कर्मचारियों से अपेक्षित आचरण के अनुरूप नहीं माना जाता। इसी वजह से सोशल मीडिया के इस्तेमाल को लेकर स्पष्ट आचार संहिता की जरूरत महसूस की जा रही है। सरकार को सोशल मीडिया आचार संहिता की जरूरत इसलिए भी महसूस हुई है क्योंकि मौजूदा समय में सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों के सोशल मीडिया इस्तेमाल को लेकर इस तरह के स्पष्ट और व्यापक नियम मौजूद नहीं हैं। नई आचार संहिता के जरिए इस अंतर को दूर करने की कोशिश की जा सकती है। पिछले महीने सरकार ने संवेदनशील मामलों से जुड़े ऑनलाइन कंटेंट को हटाने की समय-सीमा भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के लिए पहले के 24 घंटे से घटाकर दो घंटे कर दी थी। सरकार का यह कदम ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर आपत्तिजनक और संवेदनशील सामग्री के खिलाफ कार्रवाई को और तेज करने की दिशा में उठाया गया था। डीपफेक और एआई से तैयार की गई सामग्री समेत सिंथेटिकली जेनरेटेड इंफॉर्मेशन से होने वाले नुकसान से निपटने के लिए नियामकीय ढांचे को मजबूत करने के उद्देश्य से इस साल 10 फरवरी को आईटी नियम, 2021 में संशोधन किए गए थे।

## नेपाल आपदा से भारत भी नहीं अछूता

# पीड़ितों की सटीक पहचान का सवाल



**नरेंद्र शर्मा**

काठमांडू के पुलिस अस्पताल के बाहर 100 से अधिक लोग अपना रक्त सैंपल देने के लिए प्रतीक्षा में थे। यह 3 सितंबर 2026 की सुबह की बात है। इनमें प्रकैती जुरंज भी थीं। उनकी माता अभी तक लापता हैं, लेकिन उनके परिवार ने उनके पिता की पहचान कर ली है, अस्पताल के बाहर की दीवार पर लगी मृतकों की तस्वीरों में, जिन्हें पीड़ितों की शिनाख्त करने के उद्देश्य से लगाया गया है। "मेरे माता व पिता दोनों गांव नुकावोट में थे। बाढ़ उन दोनों को बहा ले गई। फ्लैश फ्लड्स की खबर सुनते ही हमने उनसे संपर्क करने का प्रयास किया था, लेकिन अभी तक कोई संपर्क नहीं हो पाया है।

इमेज

हां, मेरे पिता का शव मिल गया है, मेरे भाई ने दीवार पर लगी उनकी फोटो पहचान ली है।" यह जुरंज का कहना है, जो अपनी दादी व भाभी से भी संपर्क करने का प्रयास कर रही हैं, जिनके बारे में उनका ख्याल है कि वे ऊपर पहाड़ी पर रहने के कारण संभवतः बच गई हैं, लेकिन उनका गांव अभी भी ब्लैकआउट में है, जिससे संपर्क करना लगभग असंभव हो गया है। यह आपदा ग्लेशियर के ध्वस्त होने से आई थी, जिसके कारण चीन से लगे नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्र में अत्यधिक तेज वेग से पानी, बर्फ, रॉक व मिट्टी की भयावह बाढ़ आ गई और नेपाल की छह माह पुरानी सरकार के लिए जबरदस्त चुनौती खड़ी हो गई। इस बाढ़ से त्रिशूली नदी के आसपास बसे गांव के गांव साफ हो गए। हालांकि त्रिशूली नदी के किनारे रहने वाले लोग रात में जूते पहनकर और अपने जरूरी कागजात व कीमती समान एक बैग में रखकर सोते हैं कि जैसे ही नदी का पानी खतरे के निशान पर आए तो वह ऊपर पहाड़ों की तरफ दौड़ लगा दें और पानी के उतरने के बाद वापस आ जाएं। लेकिन इस बार मौत ने आने से पहले दस्तक नहीं दी। आधिकारिक तौरपर फिलहाल मृतकों की संख्या 1204 बताई गई है और लापताओं की तादाद 5,000 के करीब है। अब नष्ट हो चुके हाइड्रोपॉवर प्रोजेक्ट्स में जो लगभग 900 श्रमिक काम कर रहे थे उनको रेस्क्यू करने का प्रयास जारी है। बहरहाल, सबसे बड़ी समस्या मृतकों की शिनाख्त को लेकर है, जिनमें से कुछ के तो सिर्फ शरीर के अंग ही मिल सके हैं। इस सिलसिले में किया यह जा रहा है कि मृतकों के शवों की तस्वीरें अस्पताल की दीवारों पर लगाई गई हैं, जिनके परिजन लापता हैं, उनसे उनका रक्त सैंपल लिया जा रहा है व लापता की दो पासपोर्ट साइज फोटो भी। यह सब डीएनए के जरिये पहचान करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। नेपाल की लापता सूची में 592 विदेशी नागरिक भी हैं, जिनका संबंध भारत, अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया व कनाडा से है। ये लोग पर्यटक थे, जो माउंटेन ट्रेकिंग के लिए आए थे या तीर्थयात्री थे, जो तिब्बत के पवित्र कैलाश पर्वत में




आध्यात्मिक शांति के लिए आए थे। इनके विदेशी रिश्तेदारों से आग्रह किया गया है कि वह अधिकृत लैब में अपना डीएनए प्रोफाइलिंग कराएं और 'डीएनए प्रोफाइल की सॉफ्ट कॉपी नेपाल पुलिस के ई-मेल पते पर भेज दें'। गौरतलब है कि नेपाल के कुछ बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सैंकड़ों शवों को सामूहिक दफना दिया गया है, जिनकी पहचान नहीं हो पाई थी; क्योंकि अस्पतालों या मुर्दाघरों में जगह नहीं बची थी और शव सड़ने लगे थे। इन शवों का डीएनए सैंपल ले लिया गया था। भारतीय फोरेंसिक टीम के 19 सदस्य अन्य फोरेंसिक विशेषज्ञों के साथ डीएनए सैंपलों का विश्लेषण कर रहे हैं। भारतीय टीम काठमांडू घाटी के खुमाल्टर क्षेत्र में स्थित नेपाल पुलिस सेंट्रल फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी और नेशनल फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी में कार्य कर रही है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से जो डीएनए सैंपल एकत्र किए गए हैं, उनकी प्रोसेसिंग में तेजी लाने व पीड़ितों व लापता व्यक्तियों की पहचान स्थापित करने के लिए भारतीय टीम, नेपाल व चीन विशेषज्ञों के साथ मिलकर काम कर रही है। भारत जो नेपाल की मदद कर रहा है, उसी के प्रयासों के तहत भारतीय फोरेंसिक टीम को भेजा गया है। नेपाल पुलिस का कहना है कि अभी तक जो शव बरामद हुए हैं, उनमें से 400 के तो सिर्फ शरीर के कुछ अंश ही मिले हैं, जिससे पहचान प्रक्रिया जटिल हो गई है। भविष्य में पहचान प्रयासों की मदद करने हेतु 'लावारिस' शवों के भी डीएनए सैंपल एकत्र किए गए हैं। अब तक सबसे अधिक शव चितवन जिले से मिले हैं। डीएनए सैंपल एकत्र करने के बाद सैंकड़ों शवों को नदी के किनारे खुली जगहों पर दफना दिया गया है। बीती 26 अगस्त 2026 को जो भोटेकोशी-त्रिशूली गलियारे में बाढ़ आई थी, उसमें नेपाल पुलिस के अनुसार 4,858 व्यक्ति लापता हैं। चूंकि बाढ़ की तेज रफ्तार मकानों को गिराते हुए लोगों को कहीं से कहीं ले गई और जगह-जगह मिट्टी व गारे की बहुत मोटी परत जमा गई, इसलिए लापता व्यक्तियों के मिलने की संभावना अब लगभग शून्य हो गई है। शायद यही वजह है कि नेपाल सरकार ने अपना फोकस बचाव (रेस्क्यू) से हटाकर अब राहत व पुनर्वास की ओर कर दिया है। लेकिन खोजी टीमें हाइड्रोपॉवर टनलों में खुदाई जारी रखे हुए हैं, इस उम्मीद में कि शायद श्रमिक चैंबरों या एयर पॉकेट्स में अभी भी जिंदा हों। इस भारी नुकसान के लिए नेपाल अमेरिका, चीन व भारत से क्लाइमेट मुआवजे की मांग कर रहा है; क्योंकि उसके अनुसार ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जक यही देश हैं, जिसकी वजह से तापमान बढ़ रहा है और ग्लेशियर फट रहे हैं। नेपाल की इस मांग का क्या होगा, यह तो मालूम नहीं, लेकिन नेपाल की बाढ़ की वजह से अनेक भारतीय परिवारों में अनिश्चितता पसरी हुई है। नई दिल्ली ने जो अंतिम बार अपनी सूची अपडेट की थी, उसमें बताया गया था कि 275 भारतीय नागरिक व 128 भारतीय मूल के लोग (पीआईओ) नेपाल की बाढ़ में लापता हैं या उनसे संपर्क नहीं हो पा रहा है। बाद में भारत ने कहा कि उसके 163 नागरिकों को नेपाल में बचा लिया गया है, लेकिन संशोधित लापता संख्या जारी नहीं की। सीमा के उस पार तिब्बत में चीनी अधिकारियों ने मृतकों की संख्या 21 व लापता की तादाद 541 बताई। लापताओं में 49 भारतीय भी बताए। तिब्बत का यह डाटा अलग से एकत्र किया गया है।

## श्रीरामचरितमानस



कहि देखा हर जतन बहु रहइ न दच्छकुमारि।
दिए मुख्य गन संग तब बिदा कीन्ह त्रिपुरारि॥

भावार्थ : शिवजी ने बहुत प्रकार से कहकर देख लिया, किन्तु जब सती किसी प्रकार भी नहीं रुकीं, तब त्रिपुरारि महादेवजी ने अपने मुख्य गणों को साथ देकर उनको बिदा कर दिया॥

## सी-लाइफ

# जन्म लेते ही प्रजनन करने वाली समुद्री पर्च

**के.पी.सिंह**



समुद्री पर्च एक वास्तविक अस्थिधारी (बोनी) मछली है। इसे अंग्रेजी में सी पर्च कहते हैं। इसका एक नाम सर्फ पर्च भी है। समुद्री पर्च पूरी तरह ताजे पानी की पर्च की तरह होती है। आज से लगभग सौ वर्ष पूर्व तक समुद्री पर्च को एक असामान्य मछली समझा जाता था, क्योंकि यह जीवित बच्चे को जन्म देती है और इसके बच्चे जन्म लेते ही प्रजनन करने लगते हैं। इसी विलक्षण विशेषता के कारण जीव वैज्ञानिकों का ध्यान इसकी ओर आकर्षित हुआ और उन्होंने इसका गहन अध्ययन किया। समुद्री पर्च की लगभग 25 जातियां हैं। समुद्री पर्च की अधिकांश जातियां उथले सागर तटों पर मिलती हैं, किंतु गुलाबी समुद्री पर्च लगभग 180 मीटर गहरे पानी में रहना अधिक पसंद करती है। यह प्रायः उथले पानी में नहीं आती। समुद्री पर्च की शारीरिक संरचना ताजे पानी की पर्च मछली की तरह होती है। इसकी लंबाई 12 सेंटीमीटर से लेकर 45 सेंटीमीटर तक होती है। कभी-कभी 50 सेंटीमीटर लंबी समुद्री पर्च भी देखने को मिल जाती है, किंतु 50 सेंटीमीटर से अधिक लंबी समुद्री पर्च अभी तक देखने को नहीं मिली। समुद्री पर्च के शरीर का रंग मुख्य रूप से चांदी जैसा रुपहला होता है, किंतु ऊपर और नीचे के रंग में साधारण सा अंतर होता है। समुद्री पर्च की पीठ और ऊपर का भाग गहरे रुपहले रंग का होता है तथा पेट और नीचे का भाग हल्के रुपहले रंग का होता है। समुद्री पर्च का शरीर अगल-बगल से चपटा होता है, जिससे यह बड़ी सुंदर दिखाई देती है। इसका मुंह बड़ा होता है एवं होंठ मांसल होते हैं। समुद्री पर्च में नर और मादा की शारीरिक संरचना लगभग एक जैसी होती है, किंतु इनके प्रजनन अंगों में पर्याप्त अंतर होता है। नर समुद्री पर्च के प्रजनन अंगों की संरचना अन्य नर समुद्री मछलियों से पूरी तरह भिन्न होती है। नर समुद्री पर्च के नितंब के मीनपंख के आगे के सिरे पर एक विशिष्ट प्रकार का प्रजनन अंग होता है, जिससे यह मादा समुद्री पर्च के शरीर में शुक्राणु डालता है। समुद्री पर्च की अधिकांश जातियों में नर समुद्री पर्च मादा से बड़ा होता है, किंतु इसकी कुछ जातियां ऐसी भी हैं, जिनमें नर का आकार मादा से छोटा होता है। समुद्री पर्च का समागम और प्रजनन काल गर्मियों के आरंभ से ही शुरू हो जाता है और पूरी गर्मियों भर चलता है। इसके अंडे शरीर के भीतर ही फूटते हैं, अर्थात् यह जीवित बच्चों को जन्म देती है। मादा समुद्री पर्च 3 से 80 बच्चों को जन्म दे सकती है। ये जन्म लेने के मात्र दो दिन के भीतर ही समागम आरंभ कर देते हैं।

## तिथि विशेष

# अंतरराष्ट्रीय चैरिटी दिवस

हर वर्ष 5 सितंबर को अंतरराष्ट्रीय चैरिटी दिवस मनाया जाता है। यह दिन समाज में जरूरतमंद लोगों की सहायता करने, मानवता की सेवा करने और परोपकार की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से समर्पित है। चैरिटी केवल धन या वस्तुओं का दान करना नहीं है, बल्कि किसी जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का माध्यम है। अंतरराष्ट्रीय चैरिटी दिवस की स्थापना संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2012 में की थी। 5 सितंबर की तारीख का चयन मदर टेरेसा की पुण्यतिथि के अवसर पर किया गया, जिन्होंने अपना पूरा जीवन गरीबों, बीमारों और असहाय लोगों की सेवा में समर्पित किया। यह दिवस उनके सेवा और करुणा के आदर्शों को याद करने का अवसर भी प्रदान करता है।



दुनिया में आज भी बड़ी संख्या में लोग गरीबी, भूख, बीमारी, अशिक्षा और प्राकृतिक आपदाओं जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं। ऐसे में सरकारों के साथ-साथ सामाजिक संस्थाओं और आम नागरिकों की भूमिका भी महत्वपूर्ण हो जाती है।




## शिक्षक दिवस पर

# डिजिटल बोर्ड के बीच आज भी याद ब्लैक बोर्ड

**लोकमित्र गौतम**

कक्षा की दीवारों पर टंगा डिजिटल बोर्ड आज सचमुच किसी चमत्कार से कम नहीं है। एक स्पर्श में दुनिया का नक्शा सामने आ जाता है। कठिन से कठिन विज्ञान प्रयोग आंखों के सामने होने लगते हैं। इतिहास के पात्र तस्वीरों और वीडियो में जीवंत हो उठते हैं। रंग, आवाज, एनीमेशन और इंटरनेट ने आज पढ़ाई को उस दौर से कहीं आगे पहुंचा दिया है, जिसकी कल्पना कभी ब्लैक बोर्ड और चॉक से भरी कक्षाओं में नहीं की जा सकती थी। फिर भी न जानें क्यों इन चमकती स्क्रीन के बीच मन कभी-कभी उसी पुराने ब्लैक बोर्ड पर लौट जाता है, जहां चॉक की किरकिराती आवाज, शिक्षक की लिखावट और धीरे-धीरे भरती सफेद लकीरों में पूरी कक्षा की कहानी लिखी जाती थी।

इमेज



वहां पाठ सिर्फ दिखाया नहीं जाता था, बनता था। शिक्षक सवाल पूछते हुए लिखता था, बच्चे जवाब देते थे, गलती होती थी तो उसी के सामने मिटाई जाती थी। बोर्ड पर बचा कोई आधा सूत्र, कोने में छूटा कोई शब्द और चॉक की धूल तक जैसे सीखने की गहन स्मृतियां बन जातीं। डिजिटल बोर्ड ने आज बहुत कुछ आसान किया है, लेकिन उस पुराने ब्लैक बोर्ड ने पुरानी पीढ़ियों को सीखने की जो गर्माहाट दी थी, उसे कोई स्क्रीन पूरी तरह नहीं दे सकती। उस जमाने में ब्लैक बोर्ड केवल जानकारियां लिखने की जगह नहीं था। वह शिक्षक और छात्रों के बीच विचारों के धीरे-धीरे बनने का एक मंच था। स्मार्ट डिजिटल बोर्ड बहुत कुछ दिखा सकता है, लेकिन ब्लैक बोर्ड पर शिक्षक और छात्र मिलकर जो कुछ बनाते थे, शायद वह यह बोर्ड नहीं बना सकता। शायद इसी फर्क की वजह से डिजिटल क्रांति के बावजूद ब्लैक बोर्ड न तो पुरानी पीढ़ियों के दिलो-दिमाग से निकला है और न ही सही मायनों में पूरी तरह से अप्रसांगिक हुआ है। ब्लैक बोर्ड पर उत्तर तैयार होते थे, लेकिन स्क्रीन पर उत्तर तैयार नहीं होते बल्कि तैयार मिलते हैं। ब्लैक बोर्ड की सबसे बड़ी खूबी उसकी गति थी, वह उतना ही आगे बढ़ता था, जितना अध्यापक और विद्यार्थी उस क्षण सोच रहे होते थे। अध्यापक गणित का सवाल लिखता, फिर रुकता, किसी विद्यार्थी से अगला कदम पूछता और फिर उसी के बताये के उत्तर के आधार पर आगे लिखता। अगर इसमें कोई गलती होती तो उसे सबके सामने लिखकर मिटाया जाता। इससे गलत उत्तर बताने वाले की तो गलती सुधरती ही, वैसा ही जवाब कक्षा के अगर अन्य छात्रों के दिमाग में भी होता, तो वह भी उसे सुधार लेते। इससे फायदा यह होता था कि विद्यार्थियों की आंखों के सामने ही उत्तर लिखने की एक पूरी प्रक्रिया पूरी होती थी, जिससे यह पता चलता था कि सवाल का सही उत्तर कैसे तैयार होता है और कैसे उसकी जांच परख होती है कि वह सही है। डिजिटल बोर्ड पर न तो छात्रों और न ही अध्यापकों को सीखने, समझने या प्रक्रिया के हिस्सा होने की सुविधा नहीं है। बस डिजिटल बोर्ड का आकर्षण उसमें मौजूद तैयार सामग्री, ग्रॉफिक्स, एनीमेशन और प्रेजेंटेशन है। लेकिन इस सारे रेडीमेड के चलते न तो अध्यापक और न छात्र ही उत्तर बनने या तैयार होने की प्रक्रिया से खुद को जुड़ा हुआ पाते हैं। कहने की जरूरत नहीं है कि इससे उन्हें उत्तर तो मिल जाता है, लेकिन यह उत्तर कैसे मिला या इस सवाल का यही उत्तर क्यों है, यह बात पूरी तरह से दोनों को समझ में नहीं आती। हां, एक झटके में सब काम हो जाता है और टाइम बच जाता है, यही इसकी सबसे बड़ी खूबी है। लेकिन अगर ध्यान से देखें तो डिजिटल बोर्ड की यही खूबी न सिर्फ छात्रों को सीखने की प्रक्रिया से काट देती है बल्कि अध्यापकों को उत्तर के सही होने के आत्मविश्वास से वंचित कर देती है। ब्लैक बोर्ड कहता था- 'देखो, यह उत्तर कैसे धीरे-धीरे एक प्रक्रिया से बन रहा है।' डिजिटल स्मार्ट स्क्रीन कहती है- 'लो ये रहा तुम्हारा जवाब।' इस तरह देखें तो इस स्मार्ट डिजिटल बोर्ड ने छात्रों के सीखने की प्रक्रिया को और अध्यापकों को सिखाने की आत्मसंतुष्टि से वंचित कर दिया है। निःसंदेह डिजिटल बोर्ड उपयोगी है, लेकिन वह हमारे सीखने की प्रक्रिया को हाईजैक कर लेता है और किसी और के सीखे गए जवाब को हम पर थोप देता है। याद रखिए ब्लैक बोर्ड में लिखे हुए को डस्टर से मिटाने की प्रक्रिया भी सीखने की एक प्रक्रिया थी। उस जमाने में जब कोई शिक्षक ब्लैक बोर्ड पर कोई शब्द या सूत्र लिखता अथवा धीरे-धीरे कोई चित्र बनाता, तो छात्र सिर्फ वो शब्द, सूत्र या चित्र से रूबरू नहीं होते बल्कि वो कैसे बने और उस बनने की प्रक्रिया में क्या मजेदार रहा, उससे भी जुड़ते थे। आज भी पुरानी पीढ़ी के कई लोगों को किसी शब्द या किसी संख्या के ट्रिक से अनेक जानवर या पक्षी बनाने का कौशल मौजूद है। यह कौशल देखकर नहीं आया बल्कि अध्यापकों द्वारा ब्लैक बोर्ड में बनाकर दिखाने की प्रक्रिया के चलते दिमाग में हमेशा-हमेशा के लिए बसा है। डिजिटल स्मार्ट बोर्ड सीखने की इस पूरी कला को छात्रों से छीन लिया है और अध्यापकों को सिखाने की संतुष्टि से दूर कर दिया है। वो पुराने जमाने का ब्लैक बोर्ड एक तरह का जीवित नोटबुक हुआ करता था। जबकि डिजिटल बोर्ड में अनडू, इरेज, सेव और प्रीवियस स्क्रीन जैसे शब्दावलियों ने हमारे लिखने, पढ़ने और सोचने की प्रक्रिया को भले रफ्तार दिया हो, लेकिन इन शब्दावलियों ने हमारी समझने की प्रक्रिया को गोल कर दिया है।

## वायरल

# शख्स ने खोली खुजली की दुकान, महीने के कमा रहा 14 लाख रुपए



आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में जहां हर कोई तनाव से जूझ रहा है, वहीं चीन के 32 साल के झांग शियाओचियाओ ने खुजली करने की दुकान खोलकर तहलका मचा दिया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, चीन के शेनझेन शहर में रहने वाले झांग शियाओचियाओ ने इस साल मई की शुरुआत में बाओआन जिले में अपनी पहली 'इचिंग शॉप' खोली थी। इस दुकान का सेटअप किसी हाई-फाई मसाज सेंटर जैसा है। यहां ग्राहक बेड पर पेट के बल लेट जाते हैं और दुकान के कर्मचारी खास डिजाइन के नुकीले नेल्स पहनकर उनके शरीर पर धीरे-धीरे खुजली करते हैं। इस अनोखी सेवा के लिए ग्राहकों से 1 घंटे के 300 युआन यानी करीब 3,500 भारतीय रुपए वसूले जाते हैं। झांग का दावा है कि यह सिर्फ खुजली मिटाने का जरिया नहीं है, बल्कि इससे लोगों को मानसिक तनाव कम करने और गहरी नींद लेने में मदद मिलती है। हैरान करने वाली बात यह है कि इस दुकान पर आने वाले करीब 70 प्रतिशत ग्राहक पुरुष हैं, जो दिनभर के काम के बाद यहां सुकून तलाशने आते हैं। झांग इससे पहले ई-कॉमर्स और सोशल मीडिया की दुनिया में हाथ आजमा चुके थे, लेकिन उन्हें मनमुताबिक सफलता नहीं मिली थी। फिर एक दिन सोशल मीडिया पर शॉर्ट वीडियो देखते हुए उनकी नजर एक ऐसे वीडियो पर पड़ी जिसमें एक महिला अपने पति की पीठ खुजा रही थी। कमेंट सेक्शन में जब उन्होंने लोगों को यह कहते देखा कि अगर कोई हमारे लिए ऐसा करे तो हम पैसे देने को तैयार हैं।

## X का एक्सरे

जॉर्जिया मेलोनी का लगातार लंबे समय तक प्रधानमंत्री बने रहना इटली के लोगों के भरोसे का प्रतिबिंब है। उनके नेतृत्व और दोस्ती ने भारत और इटली के बीच विशेष रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मेलोनी की दोस्ती भारत-इटली विशेष रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने में अहम रही है।



**नरेंद्र मोदी**

केरल के ग्रैंड मुफ्ती के असंवैधानिक और घिनौने बयान पर पूरे धर्मनिरपेक्ष समुदाय के नेताओं की चुप्पी इस बात का स्पष्ट सबूत है कि वे भी इन महिला-विरोधी तत्वों की गिरफ्त में बुरी तरह फंसे हुए हैं। महिलाओं के प्रति ऐसी सोच रखने वाले व्यक्ति को जेल भेजा जाए और राष्ट्रीय महिला आयोग को भी इस मामले का संज्ञान लेना चाहिए।



**विनोद बंसल**

भारत ने साबित कर दिया कि वह अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने में सक्षम है। भारत को जितनी जरूरत होगी, हम उतने तेल की आपूर्ति करने के लिए तैयार हैं। दुर्भाग्य से प्रतिबंध और टैरिफ लगाने वाले देशों ने सहयोग की बजाय दबान बनाने की रणनीति बनाई है। ये देश भारत को तेल के मामले में हमसे बेहतर डील नहीं दे पा रहे हैं।



**डेनिस अलीपोव**

उत्तम कुमार की जन्म शताब्दी का जश्न सांस्कृतिक जगत के अलग-अलग वर्गों की भागीदारी से मनाया जा रहा है। हम उन्हें दिल और दिमाग से प्यार करते हैं। इस प्यार में कोई बंटवारा या राजनीतिक रंग नहीं है। हर कोई महानायक से प्यार करता है। आयोजन सांस्कृतिक जगत से जुड़े लोगों के सहयोग से हो रहा है।



**शुभेंदु अधिकारी**

एक नजर

## उत्तर प्रदेश की 2238 ग्रामीण बस्तियों में बनेंगी पक्की सड़कें

**लखनऊ (एजेंसी)।** ग्रामीण क्षेत्रों की 2238 छोटी आबादी वाली बस्तियों को इसी वितीय वर्ष में पक्के संपर्क मार्गों से जोड़ा जाएगा। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) और मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना (सीएमजीएसवाई) के तहत इन बस्तियों के कच्चे मार्गों को पक्का किया जाएगा। लोक निर्माण विभाग ने सीएमजीएसवाई के तहत 250 से अधिक आबादी वाली 1864 बस्तियों को पक्की सड़क से जोड़ने की योजना को मंजूरी दे दी है। वहीं, पीएमजीएसवाई के तहत प्रदेश की 374 बस्तियों को जोड़ने की कार्ययोजना केंद्र सरकार को भेजी गई है। विभाग ने इस वितीय वर्ष में सीएमजीएसवाई के लिए 2006 बस्तियों का चयन किया था। इनमें 1864 में कच्चे मार्ग या भूमि उपलब्ध है। शेष 142 बस्तियों को भूमि मिलने पर जोड़ा जाएगा।

# हिंद पब्लिक स्कूल में मनाया शिक्षक दिवस



शिक्षक दिवस पर मौजूद शिक्षक शिक्षिकाएं। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** हिंद पब्लिक स्कूल मेंआज शिक्षक दिवस धूमधाम से बनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंध निदेशक नीरज कुमार एवं शिक्षकगण द्वारा डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया।

कक्षा 12 के विद्यार्थियों ने अपने गुरुओं के प्रति सम्मान और आभार प्रकट करने के लिए कई सुंदर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, भाषण और रोचक गतिविधियां आयोजित की। छात्रों ने शिक्षकों की भूमिका निभाकर कक्षाओं का संचालन भी किया। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक नीरज कुमार ने छात्रों के प्रयासों की सराहना की और सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों के जीवन को सही दिशा देने का कार्य करते हैं। छात्रों द्वारा अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान और प्रेम गर्व की बात है। अंत में कक्षा 12 के छात्रों ने सभी गुरुजनों को स्मृति चिन्ह व उपहार भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। विद्यालय प्रशासिका मंजू खन्ना, प्रधानाचार्य भुवन चंद्र जोशी, उपप्रधानाचार्या पूजा जोशी ने छात्र-छात्राओं को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में नीमा कन्याल, उपासना बिष्ट, रेनू सिंह, रोली सक्सेना, डिक्सी बेस्टियन, रंजीत मेहरा, विष्णु भास्कर त्रिपाठी, पुष्पा धामी, ब्रजेश कुमार, विपिन चंद्र गहतोड़ी, गीता कन्याल, योगेश गुप्ता, पूनम गुम्बर, पूजा गुलाटी, ममता बिष्ट, शशि कश्यप, दीपा नेगी, पायल जोशी, चंद्रप्रभा, पूजा पाण्डे, कविता बिष्ट, निकिता राय, विनीता पाठक, रोहित सिंह, नीतू कन्याल, प्रिया भट्ट, हिमांशु भट्ट, राधिका कुंवर, श्वेता नेगी, रूबी खान, योगिता पांडे, इफ्त यासमीन आदि मौजूद रहे।

## क्षेत्र में कृष्ण जन्मोत्सव हर्षोल्लाह से संपन्न

**खटीमा।** कृष्ण जन्माष्टमी के पर्व पर नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कृष्ण का जन्मदिन जन्म उत्सव धूमधाम से बनाया गया। धार्मिक स्थलों पर श्रद्धांनवत श्रद्धालु मध्य रात्रि तक कृष्ण के अवतार समय तक भजन कीर्तन एवं पूजा अर्चना करते रहे। सनातन श्री रामलीला पात्र परिषद द्वारा रामलीला मैदान में श्री कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। स्थानीय कलाकारों एवं राकेश डांस एकेडमी द्वारा श्री कृष्ण जन्मोत्सव की झलकियां द्वराधा कृष्ण नृत्य, कृष्ण रासलीला एवं विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। रामलीला कमेटी के स्थानीय कलाकारों द्वारा श्री कृष्ण लीला का सुंदर मंचन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक भुवन कापड़ी, वरिष्ठ भाजपा नेता दान सिंह रावत, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश जोशी, रामलीला कमेटी के अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल सचिव इंदेश गुंबर मीडिया प्रभारी मनोज वाधवा भगवानदास गुप्ता, राजेश राणा, विनोद भारती, विशाल अग्रवाल, सौरव अग्रवाल, मनोज श्रीवास्तव, पं भानु प्रकाश शास्त्री आदि उपस्थित थे। पंजाबी मंदिर, निर्वाण आश्रम कुटिया, हनुमान मंदिर, सिद्धेश्वर मंदिर कांगबाग रोड आदि धार्मिक स्थलों पर भी बड़ी धूमधाम से श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। ग्रामीण क्षेत्र के धार्मिक स्थलों पर श्री कृष्ण जन्म पर अनेक कार्यक्रम संपन्न हुए। पीलीभीत रोड चारुबेटा कॉलोनी स्थित बिल्वेश्वर महादेव मंदिर परिसर पर मध्य रात्रि तक भजन कीर्तन एवं झांकियों का प्रदर्शन हुआ। ग्रामीण क्षेत्र के मंदिरों में देर रात तक श्रद्धालुओं की खासी भीड़ रही। प्राचीन पशुपतिनाथ मंदिर, काली मंदिर, हनुमान मंदिर सहित अन्य मंदिरों में देर रात तक पूजा अर्चना का माहौल रहा।

# सरस्वती एकेडमी में जन्माष्टमी के अवसर पर झांकियों ने खूब जमाया रंग

जागरण मोर्चा कार्यालय


कृष्ण जन्माष्टमी पर बच्चों द्वारा प्रस्तुत की गई झांकियां। -जागरण मोर्चा

**खटीमा।** सरस्वती एकेडमी बिगराबाग में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी हर्षोल्लास से मनाई गई। इस दौरान विद्यालय में मटकी सजाओ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए विद्यालय के चेयरपर्सन ज्योति पाल एवं प्रधानाचार्य रामयश द्वारा मां सरस्वती एवं भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए दीप प्रज्वलित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चे राधा-कृष्ण के आकर्षक परिधानों में सजधजकर झांकियां प्रस्तुत की। बच्चों के मनमोहक स्वरूप ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। वहीं मटकी सजाओ प्रतियोगिता को लेकर बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। बच्चों द्वारा प्रस्तुत झांकियां में कृष्ण- सुदामा, राधा - कृष्ण, श्री कृष्ण ग्वाल वालों के साथ कृष्ण लीला करते, गोवर्धन पर्वत उठाते, माखन चोरी करना आदि सम्मिलित रहीं। विद्यालय की चेयरपर्सन ज्योति पाल व प्रधानाचार्य रामयश मैं विद्यालय परिवार छात्र-छात्राओं व उनके अभिभावकों को कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

# डायनेस्टी गुरुकुल छिनकी में श्रद्धाभाव से मनाया गया राष्ट्रीय शिक्षक दिवस

जागरण मोर्चा कार्यालय



डायनेस्टी गुरुकुल छिनकी का प्रबंधन एवं शिक्षक शिक्षिकाएं। -जागरण मोर्चा

**खटीमा।** डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी छिनकी फार्म खटीमा में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर शिक्षक दिवस आयोजन पर उन्हें माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए गए। शिक्षा के क्षेत्र में उनके अमूल्य योगदान का स्मरण करते हुए विद्यालय प्रबंध निदेशक धीरेन्द्र चंद्र भट्ट ने कहा कि शिक्षकों की पहचान विद्यार्थियों के नए आयाम स्थापित करने से होतीहै। शिक्षक जीवन के मार्गदर्शक हैं, जो हमें सही रास्ते पर चलना सिखाते हैं। शिक्षकों का सम्मान करना हमारा कर्तव्य है, क्योंकि वे हमें ज्ञान और बुद्धिमत्ता की ओर ले जाते हैं। इस अवसर पर शैक्षिक सत्र 2025-26 में हिन्दी, विज्ञान कंप्यूटर साइंस, एआई, कला,विषय में विद्यार्थियों को शत- प्रतिशत अंक दिलाने वाले अध्यापकों ऊषा चौसाली, रजनीश राना, करम सिंह ज्याला, रुचि चौहान, अरुण पाल व अरुण कुमार को डायनेस्टी गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा अनेक शिक्षाप्रद कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री चंद्रकांत पनेरु, डायरेक्टर प्रेमा भट्ट, प्रशासनिक अधिकारी मनीष चंद, एकेडमिक डायरेक्टर विक्टर आइवन, हरीश भट्ट, सुरेश ओली, अशोक जोशी, दिगंबर भट्ट, मनीष ठाकुर, सुरेंद्र रावत, शिल्पा सक्सेना, लिंसी त्यागी, ऊषा चौसाली, हेमलता बोरा, कल्पना चंद, ऊषा भट्ट, रमेश जोशी, पूरन पांडेय, राहुल कुमार, प्रमोद कुमार, विजय कुमार, केशव जोशी, विशन सिंह आदि रहे।

# महिला पत्रकारों के साथ मारपीट पर पत्रकारों में रोष

जागरण मोर्चा कार्यालय


राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार वीरेंद्र सिंह सजवाण सौंपते खटीमा के पत्रकार।

▸ राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन निष्पक्ष जांच की मांग

**खटीमा।** राजधानी दिल्ली के साकेत क्षेत्र में कार्यक्रम की कवरेज के दौरान महिला पत्रकारों के साथ पुलिस द्वारा की गई मारपीट, दुर्व्यवहार, गाली-गलौज एवं अभद्रता को लेकर खटीमा के पत्रकारों में रोष है। पत्रकारों ने शनिवार को उपजिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर मामले की निष्पक्ष जांचकर दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

ज्ञापन में कहा गया है कि साकेत क्षेत्र में एक कार्यक्रम की कवरेज के दौरान 4 पीएम न्यूज नेटवर्क की महिला पत्रकार शाहीन खान एवं नफीसा खान को पुलिस द्वारा हिरासत में लेकर उनके साथ कथित रूप से मारपीट, दुर्व्यवहार, गाली-गलौज एवं अभद्र व्यवहार किया गया। पत्रकारों ने इस घटना को बेहद चिंताजनक एवं निंदनीय बताते हुए स्वतंत्र पत्रकारिता और लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए घातक बताया है। पत्रकारों ने कहा है कि पत्रकार लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में समाज और शासन के बीच की महत्व कड़ी का कार्य करते हैं। उनका दायित्व जनहित से जुड़े सवालों को शासन-प्रशासन के समक्ष रखना और आम जनता तक सही एवं निष्पक्ष जानकारी पहुंचाना है। पत्रकारों के साथ इस तरह हिंसा, दुर्व्यवहार तथा उनके पत्रकारिता संबंधी कार्य में अनुचित हस्तक्षेप प्रेस की स्वतंत्रता के लिए गंभीर विषय है। ज्ञापन के माध्यम से राष्ट्रपति से घटना की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच कराने, घटना में संलिप्त पुलिसकर्मियों की तत्काल गिरफ्तारी, दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कठोर कानूनी कार्रवाई करने, दोषी पुलिसकर्मियों का तत्काल निलंबन करने, पत्रकारों की सुरक्षा एवं सम्मानजनक व्यवहार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने तथा पत्रकारों को स्वतंत्र रूप से कवरेज करने का अधिकार सुरक्षित किए जाने की मांग की गई। ज्ञापन सौंपने वालों में बड़ी संख्या में पत्रकार सम्मिलित थे।

# स्टेट जूनियर एथलेटिक्सः डायनेस्टी गुरुकुल छिनकी का दबदबा कायम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी, छिनकी फॉर्म खटीमा के छात्र-छात्राओं ने देहरादून के रायपुर स्थित महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज में 27 से 28 अगस्त तक आयोजित उत्तराखंड राज्य स्तरीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में एकेडमी के खिलाड़ियों ने कई स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीतकर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। अंडर-16 बालिका वर्ग में दिव्या कापड़ी ने 80 मीटर हर्डल और हाई जंप में स्वर्ण पदक जीते। अंडर-14 वर्ग में ज्योति जोशी ने जैवलिन थ्रो में स्वर्ण पदक हासिल किया। दिया भट्ट ने ट्राइएथलॉन-ए में रजत और खुशी चौहान ने जैवलिन थ्रो में कांस्य पदक जीता। बालक वर्ग में दीप दिगारी ने हाई जंप में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। आदित्य भाट ने शॉट पुट में रजत और नयन भट्ट ने जैवलिन थ्रो में रजत पदक हासिल किया। स्वर्ण व रजत पदक विजेता खिलाड़ियों का चयन 14 से 16 सितंबर तक देहरादून में होने वाली 37वीं नॉर्थ जोन जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए हुआ है। ये खिलाड़ी 23 से 27 अक्टूबर तक चेन्नई में होने वाली 42वीं जूनियर नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

सम्मान समारोह | बीरेंद्र सिंह, राजेन्द्र पंत और मधुमिता मुखर्जी की निष्ठा और मेहनत को स्कूल प्रबंधन ने सराहा

# नोजगे पब्लिक स्कूल हैप्पी में केक काटकर मनाया शिक्षक दिवस

जागरण मोर्चा कार्यालय



केक काटकर शिक्षक दिवस मनाते नोजगे पब्लिक स्कूल हैप्पी प्रबंधन एवं शिक्षक शिक्षिकाएं।

**खटीमा।** नोजगे पब्लिक स्कूल हैप्पी में शिक्षक दिवस केक काटकर धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के मार्गदर्शन पर चलने का आह्वान किया। शिक्षक दिवस पर विद्यालय में 25 वर्षों से निष्ठा, लगन और मेहनत से कार्य पूर्ण करने वाले बीरेंद्र सिंह, राजेन्द्र प्रसाद पंत, मधुमिता मुखर्जी तीनों को आभूषण देकर प्रबंधक सुरेन्द्र कौर हैप्पी व चेयरमैन सरदार राजपाल सिंह तथा प्रधानाचार्य एचसी पंत ने सम्मानित किया। शिक्षक दिवस की विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी गई। शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षाविद पूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की 138वीं जयंती पर शिक्षक दिवस समारोह का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक सुरेंद्र कौर हैप्पी अध्यक्ष, सरदार राजपाल सिंह एवं प्रधानाचार्य एचसी पंत ने डॉ राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान डॉ राधाकृष्णन के जीवन एवं उनके शिक्षा के प्रति समर्पण का स्मरण करते हुए विद्यार्थियों को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। इस दौरान डा०अनिल शर्मा,राजू भट्ट, हरप्रीत कौर, संजय सिंह, जसप्रीत कौर, कुसुम शर्मा,नीता कापड़ी,कमला कापड़ी,ममता चंद,विनय नागरकोटी आदि सभी शिक्षक उपस्थित रहे।


निष्ठा पूर्वक कार्य पूर्ण करने पर सम्मानित होते वीरेंद्र सिंह।

## मुख्यमंत्री छात्रवृत्ति के लिए चुने गए 32 मेधावी

**खटीमा।** मुख्यमंत्री मेधावी छात्र प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना के सत्र 2026-27 में राणा प्रताप इंटर कॉलेज के 32 छात्र-छात्राओं का चयन हुआ है। इनमें कक्षा छह के नौ और कक्षा नौ के 23 विद्यार्थी शामिल हैं। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद उत्तराखंड की लिखित परीक्षा के आधार पर विद्यार्थियों का चयन किया गया। योजना के तहत कक्षा छह में 600, सात में 700, आठ में 800, नौ में 900 और कक्षा दस में 1,000 रुपये प्रतिमाह छात्रवृत्ति दी जाएगी। विद्यालय प्रबंध समिति एवं प्रधानाचार्य रवीन्द्र प्रकाश पन्त ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

संक्षेप समाचार


चोक नाली खुलवाने बाबत विधायक को ज्ञापन सौंपते वार्ड वासी।

## विधायक से चोक नाली खुलवाने की मांग

**खटीमा।** नगर के वार्ड संख्या 11 व 12 वासियों ने नानक के विधायक गोपाल सिंह राणा को ज्ञापन सौंप कर भूड वाले कब्रिस्तान में आबादी क्षेत्र से भरने वाले गंदे पानी को रोकने की मांग की। विधायक राणा को सौंपे ज्ञापन में वार्ड वासियों ने कहा है कि वार्ड की नाली चोक होने से गंदा पानी कब्रिस्तान में भरने लगता है। विधायक राणा ने इस संबंध में उप जिला अधिकारी तुषार सैनी को निर्देशित करते हुए उचित कार्रवाई करने को कहा है। ज्ञापन में नाजिम रेहान आमिर सलमान विशाल जय हिंद मीन साबिर आदि के हस्ताक्षर हैं।


नगर पालिका अध्यक्ष वार्ड वासियों की समस्याओं पर चर्चा करते।

## नगर पालिका अध्यक्ष जोशी ने वार्ड छह का किया भ्रमण, वार्डवासियों की समस्याएं सुनीं

**खटीमा।** नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने नगर के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया। उन्होंने वार्ड छह के भ्रमण के दौरान वार्डवासियों की समस्याओं एवं व्यवस्थाओं पर चर्चा की। नगर पालिका अध्यक्ष जोशी ने वार्डवासियों की समस्याओं को सुना और उनके समाधान का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि नगर पालिका द्वारा वार्ड वासियों की समस्याओं के समाधान के लिए सीधे संवाद किया जा रहा है। ताकि समस्याओं की वास्तविक जानकारी मिल सके। इस दौरान सभासद दौलत सिंह राणा, मनोहर सिंह, भीम जोशी, कमला देवी, किशन चंद, द्रौपदी देवी, आशा धामी, मधुबाला सहित वार्ड के अन्य नागरिक मौजूद रहे।


सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं।

## रामकुमारी अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में शिक्षक दिवस पर भव्य कार्यक्रम

**खटीमा।** शिक्षक दिवस के अवसर पर रामकुमारी अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य डॉ .भगत सिंह बोरा, आचार्यगण एवं अतिथियों द्वारा डॉ . सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर भैया-बहनों ने अपने गुरुजनों के सम्मान में भाषण, कविता, गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। भैया-बहनों ने शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहां कि उनके जीवन को सही दिशा देने और उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। संचालन कार्यक्रम अधिकारी चंद्रपाल ने किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विद्यालय के आचार्य विजय पाल सिंह जी रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ बोरा ने शिक्षक दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान प्रदान करने वाले नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण और संस्कारों के मार्गदर्शक भी होते हैं। उन्होंने अच्छे संस्कारों को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सुनील रैदानी, रंजन अग्रवाल विद्यालय प्रबंध समिति ने शिक्षकों को सम्मानित कर उनके प्रति आभार व्यक्त किया।


डॉ राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित करते महाविद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षक।

## एचएनबी महाविद्यालय में डॉ राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित करते प्राचार्य एवं शिक्षक

**खटीमा।** हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शिक्षाविद पूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की 138वीं जयंती पर शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य डॉ विनोद कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य ने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षक ही विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण, ज्ञान विकास व उज्जवल भविष्य की आधारशिला है। उन्होंने डॉ राधाकृष्णन के जीवन एवं उनके शिक्षा के प्रति समर्पण का स्मरण करते हुए विद्यार्थियों को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के सम्मान में शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उनके योगदान को सराहा। समारोह में समस्त शिक्षक, कर्मचारी तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## जर्जर मा. विद्यालयों के लिए 15.43 करोड़ जारी

**लखनऊ (एजेंसी)।** प्रोजेक्ट अलंकार के तहत प्रदेश के जर्जर, निष्प्रयोज्य और अधूरे माध्यमिक विद्यालय भवनों के पुनर्निर्माण के लिए 15 .43 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि जारी की गई है। बिजनौर के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सरकड़ा के भवन पुनर्निर्माण के लिए 6 .97 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज मानिकपुर के लिए 5 .75 करोड़ रुपये मंजूर हुए हैं, जिसकी पहली किस्त 2 .75 करोड़ रुपये जारी हुई है। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज राजापुर के अधूरे भवन को पूरा करने के लिए 4 .11 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इसके अलावा इटावा और गोरखपुर के नौ विद्यालयों को पहली किस्त के रूप में कुल 1 .59 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं।

## एक नजर

### गैंगस्टर में एक दोषी को सवा दो साल कैद

**पीलीभीत।** अपर सत्र न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट अनु सक्सेना ने गैंगस्टर एक्ट के एक आरोपी को दोषी पाते हुए पांच हजार रुपए जुर्माना सहित दो साल दो माह पन्द्रह दिन की सजा सुनाई। अभियोजन के मुताबिक बीसलपुर के एसएचओ विजय सिंह यादव छह दिसम्बर 12 को पुलिस बल के साथ थाना क्षेत्र में गश्त पर थे। तभी पता चला कि ग्राम कितनापुर का शामा ग्राम जसोली निवासी अपने साथी अहसान, फरियाद, देवदत्त, ग्राम मीरपुर वाहनपुर निवासी अकील उर्फ रंगीला, बरेली के थाना भुता के ग्राम शेखापुर निवासी लल्लू उर्फ लालू के साथ मिलकर एक गिरोह संचालित करता है। शामा संगठित गिरोह का लीडर है। पुलिस ने बाद विवेचना आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। सुनवाई के दौरान अकील उर्फ रंगीला ने जुर्म का इकबाल करने का प्रार्थना पत्र न्यायालय में दिया। न्यायालय ने जुर्म इकबाल के आधार पर आरोपी अकील उर्फ रंगीला को सजा सुनाई।

# जनप्रतिनिधियों, डीएम, सीडीओ सहित सभी ने देखा एवं सुना शिक्षक दिवस के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** आज शिक्षक दिवस के अवसर पर माध्यमिक बेसिक शिक्षा के शिक्षकों को पुरस्कार दिए जाने का सजीव प्रसारण बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह गोरखपुर से किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य, ब्लाक प्रमुख अमरिया, जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सतीश प्रसाद मिश्र, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रोशनी सिंह सहित कार्यक्रम में उपस्थित प्रधानाचार्यो एवं शिक्षक शिक्षकाओं द्वारा सजीव प्रसारण देखा एवं सुना गया। मुख्यमंत्री द्वारा डॉ0 राधाकृष्ण सर्वपाली को नमन किया एवं शिक्षकों को शिक्षक दिवस की बधाई दी। गोरखपुर में आयोजित कार्यक्रम में जिले के प्राथमिक स्कूल पिपरिया अगरू की प्रधानाध्यापक सैयदा



शिक्षक सम्मान समारोह में मौजूद जिलाधिकारी, सीडीओ, जनप्रतिनिधि और गुरुजन। -जागरण मोर्चा

को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 25 हजार रूपये की धनराशि का डेमो चेक और राज्य शिक्षक पुरस्कार प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, रोजगार, कृषि आदि के क्षेत्र में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। राज्य स्तर चयनित उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को चेक, प्रशस्ति पत्र व शाल ओढाक़र सम्मानित किया। शिक्षक दिवस के अवसर पर गांधी सभागार में सजीव प्रसारण को देखा एवं सुना गया। जिलाधिकारी , मुख्य विकास अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, ड्रमण्ड राजकीय इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य ने जिले के चुनिंदा उन शिक्षकों का माल्यार्पण कर उन्हे प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह और शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। शिक्षा, खेल नवाचार, छात्र नामांकन, बालिका शिक्षा, स्वच्छता के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले शिक्षक सोनिल कुशवाहा उच्च प्राथमिक विद्यालय पिपरिया मंडन, प्रीति सिंह प्रधानाध्यापक प्रा.वि. सैदपुर, मीना गंगवार सहायक अध्यापक उप्रवि गाजीपुर कुण्डा, मीना गंगवार सहायक अध्यापक उप्रवि गाजीपुर कुण्डा, रजनी जौहरी प्रधानाध्यापिका पीएम श्री विद्यालय गनेशपुर गौटिया, विभव सक्सेना प्रधानाध्यापक प्रावि टाह पौटा, खुर्शीद आलम प्रधानाध्यापक प्रावि महादेवा बीसलपुर, नीरजा शुक्ला सहायक अध्यापक कम्पोजिट विद्यालय देवीपुरा, दुर्गेश आर्य सहायक अध्यापक वैदिक जूनियर हाईस्कूल जतीपुर, प्रभा पाण्डेय वार्डेन के0जी0बी0वी0 बिलसण्डा, नीतू त्रिवेदी वार्डेन के0जी0बी0वी0 मरौरी, रामदास विशेष शिक्षक समग्र शिक्षा अभियान, जयप्रकाश बघेल अंककालिक खेल अनुदेशक उ0प्रा0वि0 दियूरी, प्रधानाचार्य ड्रमण्ड राजकीय इण्टर कालेज अनुपम शर्मा, डॉ0 आर.पी.सिंह व रमेश चन्द्र, वीरांगना अवंती बाई बालिका इंटर कालेज प्रधानाचार्य अजय चैहान, सहियक अध्यापितका साधना गुप्ता को सम्मानित किया गया। शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने कहा कि शिक्षक समाज का निर्माता होता है। बच्चों को ऐसी शिक्षा दें, जिससे बच्चों में राष्ट्रप्रेम की भावना पैदा हो। देश के निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए बच्चे तैयार किए जाए। शिक्षक का संकल्प कि हमें बेहतर शिक्षा देनी ही है। विद्यालयों में पौधारोपण करें। कार्यक्रम के अन्त में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रोशनी सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## संक्षेप समाचार

### आमने-सामने भिड़ीं दो बाइकें, दंपती गंभीर घायल



अस्पताल में परिजन। -जागरण मोर्चा

**बरखेड़ा, पीलीभीत।** क्योलड़िया थाना क्षेत्र के गांव नौगवा भगवन्तपुर निवासी मुनीश पुत्र डालचंद शुक्रवार को अपनी पत्नी रोशनी के साथ बाइक से अपनी ससुराल बहारमंडनपुर जा रहे थे। इसी दौरान मैथी चौराहे के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक से उनकी बाइक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार मुनीश और उनकी पत्नी रोशनी सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जुट गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरखेड़ा ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उनका प्राथमिक उपचार शुरू किया।हादसे के बाद कुछ समय के लिए मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। दुर्घटना में शामिल दूसरी बाइक और उसके सवार के संबंध में समाचार लिखे जाने तक विस्तृत जानकारी सामने नहीं आ सकी थी।

### बाल विकास परियोजना बालिकाओं को बेबी किट वितरित की गई



ब्लॉक सभागार में महिलाओं को किट बांटते अजय सिंह गंगवार। -जागरण मोर्चा

**पीलीभीत।** आज विकास खण्ड ललौरीखेड़ा में ब्लाक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक ब्लॉक प्रमुख अजय सिंह गंगवार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। संरक्षण अधिकारी मीनाक्षी पाठक द्वारा बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों का स्वागत किया गया। एवं बैठक की शुरुआत की गई संरक्षण अधिकारी द्वारा बताया गया कि ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति का उद्देश्य देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों को योजनाओं से लाभान्वित किया जाना एवं उन्हें संरक्षण प्रदान करना है साथ ही उनके द्वारा विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।बाल विकास परियोजना बालिकाओं को बेबी किट वितरित की गई। ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक में बाल विकास परियोजना अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी पंचायत महिला कल्याण विभाग से संरक्षण अधिकारी मीनाक्षी पाठक, प्रदीप कुमार, मनोज कुमार एवं रबीना खातून एवं आशा कार्यकत्रिया उपस्थित रही।

### जिला पंचायत की बड़ी कार्रवाई, घटिया निर्माण व शासकीय कार्य में बाधा पर दो ठेकेदारों पर लगा प्रतिबंध

**पीलीभीत।** जिला पंचायत ने विकास कार्यों में घोर लापरवाही बरतने और शासकीय अधिकारी से अभद्रता व धमकी देने के गंभीर मामलों में कड़ा रुख अपनाते हुए दो अलग-अलग फर्मों के विरुद्ध वैधानिक व अनुशासनात्मक कार्रवाई की है। प्राप्त आधिकारिक जानकारी के अनुसार, प्रथम मामले में विकास खंड पूरनपुर के ग्राम पटिहन से जोगराजपुर मार्ग तथा विकास खंड अमरिया के ढकिया क्षेत्र में सड़क निर्माण के लिए मैसर्स जीशान कान्ट्रैक्टर एण्ड सप्लायर्स प्रोप्राइटर मो0 जीशान, निवासी केजीएन फेज-2, पीलीभीत को हॉट मिक्स लेपन कार्य का ठेका दिया गया था, जिसकी पूर्ण अवधि 04 मार्च 24 निर्धारित थी। उक्त निर्माण कार्य के कुछ समय बाद ही सड़कों पर गड्ढे बन जाने पर विभाग द्वारा कई कारण बताओ नोटिस व अंतिम चेतावनी पत्र जारी किए गए, किंतु गुणवत्ता में सुधार न किए जाने पर जिला पंचायत प्रशासक की स्वीकृति के क्रम में एक अगस्त 26 को आदेश जारी कर उक्त फर्म को जिला पंचायत की समस्त आगामी निविदा प्रक्रियाओं से डिबार एवं प्रतिबंधित कर दिया गया। वहीं दूसरे मामले में मैसर्स जी0वी0 कन्स्ट्रक्शन एण्ड सप्लायर्स प्रोप्राइटर श्रीमती ऊषा देवी, निवासी मोहल्ला बागगुलशेर खाँ, पीलीभीत से जुड़े आकाश उर्फ नरेन्द्र कुमार द्वारा भुगतान के संबंध में वार्ता के दौरान ड्यूटी पर तैनात जिला पंचायत के प्रभारी अभियंता नरेन्द्र प्रसाद से अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने और कार्य में बाधा डालने की धमकी देने का मामला सामने आया है। इस कृत्य को भारतीय न्याय संहिता की धारा 221, 352, 351 एवं आईपीसी की धारा 504 के तहत संज्ञेय अपराध मानते हुए 25 अगस्त 26 को जारी आदेश के तहत उक्त फर्म को तत्काल प्रभाव से अग्रिम आदेशों तक पूर्ण रूप से प्रतिबंधित कर दिया गया है, साथ ही थानाध्यक्ष सदर कोतवाली पीलीभीत को संबंधित व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कठोर कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

### बरखेड़ा में गूंजे 'जय कन्हैया लाल' के जयकारे, धूमधाम से मना श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव

**बरखेड़ा।** नगर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धार्मिक आस्था, उल्लास और उत्साह के साथ धूमधाम से मनाया गया। जन्माष्टमी के अवसर पर ठाकुरद्वारा मंदिर, थाना बरखेड़ा, गांधी आश्रम समेत नगर के विभिन्न स्थानों पर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। मंदिरों और आयोजन स्थलों को आकर्षक ढंग से सजाया गया, वहीं भगवान श्रीकृष्ण की मनमोहक झांकियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी रहीं।जन्माष्टमी को लेकर सुबह से ही नगर में भक्तिमय माहौल दिखाई दिया। विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी और देर रात तक भजन-कीर्तन का दौर चलता रहा। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने राधा-कृष्ण का रूप धारण कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए।

## गन्ना विभाग का भ्रष्टाचार छुपाने वाले जिला गन्ना अधिकारी को लीगल नोटिस, बरेली कमिश्नर से भी शिकायत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** आज गांधी स्टेडियम रोड पर गन्ना विभाग की सरकारी भूमि पर बिना टेंडर व बिना मानचित्र पास कराए हो रहे दुकानों के अवैध निर्माण का मामला अब पूरी तरह गरमा गया है। मामले में सूचना छुपाने और कानून का मखौल उड़ाने पर जिला गन्ना अधिकारी खुशीराम कानूनी शिकंजे में घिर गए हैं। अधिवक्ता नीलेश चतुर्वेदी ने इस संदिग्ध निर्माण और बैकडोर आवंटन के खिलाफ 30 जुलाई 26 को आरटीआई दाखिल की थी. सूचना दबाने के उद्देश्य से जिला गन्ना अधिकारी ने आवेदन समिति को ट्रांसफर कर दिया, जहां से इसे रिजेक्ट कर दिया गया था इसके खिलाफ अधिवक्ता ने उप गन्ना आयुक्त (बरेली परिक्षेत्र) के समक्ष प्रथम अपील दायर की थी. कानूनन इस अपील पर फैसला लेने का अधिकार सिर्फ बरेली कार्यालय को था, लेकिन तानाशाही रवैया अपनाते हुए जिला गन्ना अधिकारी ने खुद ही न्यायाधीश की भूमिका में आकर 1 सितंबर 26 को अपने ही खिलाफ लंबित इस प्रथम अपील को स्वतः ही खारिज कर दिया. इस गंभीर विधिक कदाचार के खिलाफ अधिवक्ता नीलेश चतुर्वेदी ने आज दोहरे और कड़े कानूनी कदम उठाए हैं. एक तरफ उन्होंने उप गन्ना आयुक्त बरेली को पत्र भेजकर जिला गन्नाअधिकारी के अवैध आदेश को तत्काल निरस्त करने और उन्हें रिकॉर्ड सहित कोर्ट में तलब करने की मांग की है वहीं दूसरी तरफ, अपने साथी अधिवक्ता सचिन पाण्डेय के माध्यम से जिला गन्ना अधिकारी को पंजीकृत विधिक नोटिस भेजकर 15 दिन का अल्टीमेटम दिया है।

## एआरटीओ कार्यालय का निरीक्षण, कार्यालय भवन एवं अभिलेखों की सुरक्षा को लेकर दिए दिशा-निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** आज परिवहन विभाग के निर्देशों के अनुपालन में संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन, मुरादाबाद संदीप कुमार पंकज द्वारा आज सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय, पीलीभीत का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति, आउट सोर्सिंग कार्मिकों की स्थिति, कार्यालय की व्यवस्थाओं, अभिलेखों के रख-रखाव तथा आवेदकों को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं का जायजा लिया गया।निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कार्यालय में अधिकारी एवं कर्मचारी अपने-अपने पटल पर उपस्थित होकर शासकीय कार्यों का संपादन कर रहे थे। कार्यालय में कार्यरत आउट सोर्सिंग कार्मिक भी निर्धारित पटल पर उपस्थित होकर कार्य करते पाए गए। कार्यालय में स्थापित सीसीटीवी कैमरे क्रियाशील



आरटीओ कार्यालय का किया निरीक्षण। -जागरण मोर्चा

पाए गए। वहीं कार्यालय भवन किराये के भवन में संचालित होने तथा बरसात के दौरान परिसर में जलभराव की स्थिति उत्पन्न होने के कारण शासकीय अभिलेखों की सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त की गई। निरीक्षण आख्या में कार्यालय को यथाशीघ्र नवनिर्मित भवन में स्थानांतरित किए जाने की आवश्यकता बताई गई है। निरीक्षण के दौरान कार्यालय आने वाले आवेदकों से भी जानकारी ली गई। आवेदकों से किसी अधिकारी, कर्मचारी अथवा अन्य व्यक्ति द्वारा अनधिकृत रूप से धनराशि मांगने, परेशान करने अथवा अनावश्यक रूप से गुमराह करने संबंधी पूछताछ की गई। एक आवेदिका द्वारा बताया गया कि उनके ड्राइविंग लाइसेंस संबंधी कार्य का सुगमतापूर्वक निस्तारण हो गया है।निरीक्षण के दौरान कार्यालय परिसर में कर बकाया के अभियोग में निरुद्ध दो वाहन भी खड़े पाए गए। इनके संबंध में नियमानुसार शीघ्र आवश्यक कार्रवाई करते हुए नीलामी की कार्रवाई कराए जाने की अपेक्षा की गई है, जिससे कार्यालय परिसर में अनावश्यक रूप से स्थान घिरने की स्थिति समाप्त हो तथा शासकीय राजस्व की प्राप्ति हो सके।इसके अतिरिक्त नवनिर्मित परिवहन कार्यालय भवन का भी निरीक्षण किया गया। मुख्य मार्ग से कार्यालय भवन को जोड़ने वाला एप्रोच मार्ग अत्यधिक वर्षा के कारण क्षतिग्रस्त पाए जाने तथा कार्यालय परिसर के सामने गड्ढों की भराई के लिए डाली गई मिट्टी के बह जाने के कारण कार्यालय को नवनिर्मित भवन में स्थानांतरित करने में विलंब की स्थिति सामने आई। निरीक्षण आख्या में संबंधित स्तर से आवश्यक कार्रवाई किए जाने की अपेक्षा की गई है। निरीक्षण में कार्यालय का दैनिक कार्य सामान्य रूप से संचालित पाया गया। हालांकि कार्यालय भवन की स्थिति, वर्षा के दौरान जलभराव, अभिलेखों की सुरक्षा तथा नवनिर्मित कार्यालय भवन में शीघ्र स्थानांतरण को लेकर आवश्यक कार्रवाई किए जाने पर विशेष जोर दिया गया है।

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास से मनाया, मंदिरों में सजाई गई मनमोहक झांकियां

- गन्ना एवं चीनी मिल राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने लाल खूबचंद मंदिर में की पूजा अर्चना

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** आज नगर मे भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में बड़े ही धूमधाम, श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जन्माष्टमी को लेकर सुबह से ही श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल बना रहा। नगर के प्रमुख मंदिरों को रंग-बिरंगी विद्युत झालरों, फूलों और आकर्षक सजावट से सजाया गया है। मंदिरों में भगवान श्रीकृष्ण की मनमोहक झांकियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी दिखाई दीं। जन्माष्टमी पर्व को लेकर बाजारों में भी विशेष रौनक दिखाई दी। दुकानों पर भगवान श्रीकृष्ण



राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार लाल खूबचंद मंदिर में पूजा अर्चना करते हुए।

की प्रतिमाओं, लड्डू गोपाल की पोशाक, मुकुट, बांसुरी, झूले और पूजा सामग्री की खरीदारी के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। घरों में भी बच्चों द्वारा कान्हा की सुंदर झांकियां सजाई गईं। मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी रहा जगह-जगह भजन-कीर्तन, धार्मिक कार्यक्रम और श्रीकृष्ण की लीलाओं पर आधारित झांकियों का आयोजन बड़ी उत्साहपूर्वक किया गया। अधिकतर श्रद्धालु ने व्रत रखकर भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि कामना की। मध्य रात्रि में भगवान श्री कृष्ण के जन्म के समय शंख और घंटियों की गूंज के बीच विशेष पूजा अर्चना एवं आरती की गई। इसके बाद सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया गया।

## बंद प्राथमिक विद्यालयों के निकट सपा ने मनाया शिक्षक दिवस, सेवानिवृत्त शिक्षकों का किया सम्मान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** आज समाजवादी पार्टी ने शिक्षक दिवस के अवसर पर जनपद की चारों विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा सरकार द्वारा बंद किए गए प्राथमिक विद्यालयों के निकट समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा शिक्षक दिवस कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों का नेतृत्व समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने किया। इस दौरान पार्टी के नेतागण, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने महान शिक्षाविद एवं भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित कर शिक्षक दिवस मनाया। पूर्व मंत्री एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हेमराज वर्मा ने कहा कि



शिक्षक दिवस पर सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिन मनाया। -जागरण मोर्चा

शिक्षक समाज देश और समाज के निर्माण में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। शिक्षक केवल बच्चों को शिक्षा ही नहीं देते, बल्कि उन्हें संस्कार, अनुशासन और बेहतर नागरिक बनने की दिशा भी दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि प्राथमिक विद्यालयों को बंद करना ग्रामीण एवं गरीब परिवारों के बच्चों की शिक्षा के अधिकार को प्रभावित करने वाला कदम है। सरकार को विद्यालय बंद करने के बजाय उनमें आवश्यक संसाधन, बेहतर भवन और पर्याप्त शिक्षकों की व्यवस्था करनी चाहिए। हेमराज वर्मा ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा शिक्षा, शिक्षक और विद्यार्थियों के हितों के लिए संघर्ष करती रही है और आगे भी करती रहेगी। उन्होंने शिक्षक दिवस के अवसर पर सभी शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए सेवानिवृत्त शिक्षकों के योगदान की सराहना की। सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने कहा कि विद्यालय बच्चों के भविष्य की नींव होते हैं।

**पर्व**

**चेयरमैन श्याम बिहारी भोजवाल ने भी कार्यक्रमों में की सहभागिता, युवाओं का उत्साहवर्धन किया**

## बरखेड़ा में गूंजे श्रीकृष्ण के जयकारे, 11 जगह फूटी मटकी, युवाओं ने दिखाया दम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरखेड़ा।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर नगर में मटकी फोड़ कार्यक्रमों की धूम रही। वार्ड नंबर 09 के लोगों की ओर से नगर के अलग-अलग स्थानों पर करीब 11 मटकी फोड़ कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों में युवाओं और बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और मटकी फोड़ने को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। मटकी फोड़ कार्यक्रमों का शुभारंभ मोहल्ला इंद्रीगंज से हुआ, जबकि समापन वार्ड नंबर 03 स्थित ठाकुरद्वारा मंदिर पर किया गया। इस दौरान पहली मटकी वार्ड नंबर 09 स्थित शिव मंदिर के पास, दूसरी स्टेट बैंक बरखेड़ा के सामने, तीसरी ब्लॉक तिराहा मेन रोड, चौथी दौलतपुर रोड स्थित ब्लॉक गेट के सामने और पांचवीं





व छठी मटकी दौलतपुर रोड स्थित रेलवे फाटक के निकट फोड़ी गई। इसके अलावा सातवीं मटकी ठाकुरद्वारा मंदिर, आठवीं थाना बरखेड़ा परिसर के पास, नौवीं गांधी आश्रम के सामने स्थित शिव मंदिर तथा दसवीं मटकी ठाकुरद्वारा मंदिर में फोड़ी गई। विभिन्न स्थानों पर मटकी फोड़ने के दौरान युवाओं में जबरदस्त जोश दिखाई दिया, जबकि मौके पर मौजूद लोगों ने प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया। वार्ड नंबर 5 स्थित शिव मंदिर गांधी आश्रम में भी हुआ भव्य आयोजन नगर पंचायत बरखेड़ा के वार्ड नंबर 5 स्थित शिव मंदिर गांधी आश्रम में बंदे भारत डाक कावड़ टीम की ओर से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में भव्य मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में युवाओं ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया और मटकी फोड़ने के लिए अपनी टीम के साथ दमखम दिखाया। कार्यक्रम में नगर पंचायत बरखेड़ा के चेयरमैन श्याम बिहारी भोजवाल सहित अनेक गणमान्य एवं क्षेत्र के सम्मानित लोगों की गरिमामयी उपस्थिति रही। चेयरमैन ने कार्यक्रम में पहुंचकर युवाओं का उत्साहवर्धन किया और श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दीं।कार्यक्रम में कामोद गोपाल, हरिशंकर भोजवाल, मनोज सक्सेना, संतोष भारतीय, उत्तम अग्रवाल, प्रिंस बजरंगी, प्रदीप सक्सेना, सुमित भोजवाल, पालू भोजवाल, किशन भोजवाल, भुवनेश भोजवाल, द्रुपद भोजवाल एवं प्रवेश भोजवाल समेत कई लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के समापन पर चेयरमैन श्याम बिहारी भोजवाल सहित अन्य गणमान्य लोगों ने मटकी फोड़ने वाली टीम और प्रतिभागी युवाओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। पुरस्कार पाकर युवाओं में खुशी और उत्साह देखने को मिला।कार्यक्रमों के दौरान पूरे नगर में उत्सव जैसा माहौल रहा। श्रीकृष्ण के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। बच्चों, युवाओं और स्थानीय लोगों ने कार्यक्रमों का आनंद लिया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस भी विभिन्न स्थानों पर मुस्तैद रही।इस दौरान अमित गंगवार, श्याम बिहारी भोजवाल ,सोवरन गुज्जर, लाल बहादुर गंगवार, युगेश कश्यप, सौरभ गंगवार, राजेश भोजवाल, वनवारी लाल मिश्रा, अमित गंगवार, अरुन सक्सेना,प्रदीप शर्मा, प्रदीप यादव, सरवन गुज्जर, अमित गुज्जर आदि लोग मौजूद रहे।

## शिक्षक दिवस पर एच.आर.पी. डिग्री कॉलेज में भव्य समारोह, गुरुजनों को किया नमन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरखेड़ा, पीलीभीत।** शिक्षक दिवस के अवसर पर 5 सितंबर को एच.आर.पी. डिग्री कॉलेज, बरखेड़ा में शिक्षक दिवस समारोह हर्षोल्लास एवं गरिमापूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया गया।समारोह में प्रबंध निदेशक मुकेश कुमार गुप्ता, प्राचार्या डॉ. वंदना शर्मा, प्रबंध निदेशक आशीष गुप्ता, प्रबंध निदेशक डॉ. अनूप बेरी, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. मोहम्मद इलयास, वरिष्ठ प्रवक्ता कौशल कुमार गंगवार, शिक्षकगण, शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।इस दौरान विद्यार्थियों ने शिक्षकों के सम्मान में सांस्कृतिक एवं रचनात्मक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्राचार्या डॉ. वंदना



बरखेड़ा में शिक्षक दिवस मनाया गया। -जागरण मोर्चा

शर्मा ने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों को केवल विषय का ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि उनके व्यक्तित्व, चरित्र और भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वक्ताओं ने कहा कि तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के बढ़ते दौर में भी शिक्षक का महत्व कम नहीं हो सकता। शिक्षक विद्यार्थियों को ज्ञान के साथ सही दिशा, अनुशासन, संस्कार और आत्मविश्वास प्रदान करता है। विद्यार्थियों से गुरुजनों का सम्मान करने और उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया गया। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. मोहम्मद इलयास ने कहा कि शिक्षक दिवस आत्मचिंतन का अवसर भी है। शिक्षक का दायित्व विद्यार्थियों को पढ़ाने तक सीमित नहीं, बल्कि उन्हें जीवन में सही दिशा देना भी है। वहीं वरिष्ठ प्रवक्ता कौशल कुमार गंगवार ने कहा कि महाविद्यालय का उद्देश्य केवल डिग्री देना नहीं, बल्कि ज्ञानवान, चरित्रवान, अनुशासित एवं जिम्मेदार नागरिक तैयार करना है। अंत में सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

# बंद पड़े विद्यालय में सपा नेता ने मनाया शिक्षक दिवस



शिक्षक दिवस मनाते सपाई। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव जी के निर्देश तथा समाजवादी पार्टी के प्रदेशव्यापी आह्वान पर शिक्षक दिवस के अवसर पर न्यूरिया मल्लपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के नेता राजकुमार "राजू" ने शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षकों के सम्मान के साथ बंद पड़े विद्यालयों को तत्काल खोले जाने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि विद्यालयों पर ताला लगना बच्चों के भविष्य के साथ अन्याय है। सरकार को बंद विद्यालयों को तत्काल संचालित कराकर बच्चों की शिक्षा का अधिकार सुनिश्चित करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान विधानसभा अध्यक्ष संजय सिंह यादव समाजवादी पार्टी के विधानसभा उपाध्यक्ष सतीश वर्मा ब्लॉक अध्यक्ष नजमुल हसन खान अहीर खान ओम शर्मा पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारी भी मौके पर उपस्थित रहे। राजकुमार "राजू" ने कहा कि समाजवादी पार्टी शिक्षा, युवाओं और बच्चों के भविष्य से जुड़े मुद्दों को लगातार मजबूती से उठाती रहेगी।

# पूरनपुर में आयोजित हुआ शिक्षक सम्मान समारोह ब्लाक में मुख्यमंत्री का देखा सीधा लाइव प्रसारण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** ब्लाक सभागार में शनिवार को मा. मुख्यमंत्री के द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक सम्मान समारोह का सीधा लाइव प्रसारण उपस्थित शिक्षकों को दिखाया गया। क्षेत्रीय विधायक व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ने ब्लाक क्षेत्र के स्कूलों में बेहतर प्रदर्शन करने बाले 46 शिक्षकों, तेरह शिक्षामित्रों व पांच अनुदेशकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी विजय वीरेन्द्र सिंह के तत्वाधान में शनिवार को ब्लाक सभागार में मा. मुख्यमंत्री के द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक सम्मान समारोह का सीधा लाइव प्रसारण उपस्थित शिक्षकों को दिखाया गया। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक बाबूराम




शिक्षको को सम्मानित करते विधायक। –जागरण मोर्चा

पासवान, विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह, खण्ड विकास अधिकारी हेमेंत कुमार यादव, खण्ड शिक्षाधिकारी विजय वीरेन्द्र सिंह व अन्य जनप्रतिनिधियों ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। ब्लाक क्षेत्र के परिषदीय स्कूलों में विद्यालय को निपुण बनाने में एवं स्वच्छ वातावरण का सृजन करने व विद्यालय को सुंदर बनाने में सराहनीय प्रयास में बेहतर करने बालों में 46 शिक्षकों, 13 शिक्षामित्रों व पांच अनुदेशकों को क्षेत्रीय विधायक बाबूराम पासवान, विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह, खण्ड विकास अधिकारी हेमेंत कुमार यादव, खण्ड शिक्षाधिकारी विजय वीरेन्द्र सिंह ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं का सभी शिक्षक अपने-अपने स्कूलों में बेहतर प्रदर्शन अवश्य करें। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने आए हुए सभी आगंतुकों व सभी शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक संतोष कुमार पासवान ने किया। शिक्षक सम्मान समारोह में शिक्षक सूर्यप्रकाश गंगवार, विश्वनाथ सिंह कुशवाहा, ब्रजेश शुक्ला, मो. फुरकान, सर्वेश कुमार स्वर्णकार, राधाकृष्ण कुशवाहा, इसहाक अहमद, विमल कुमार, रामचंद्र सिंह, सतीश कुमार, रामआसरे, वीरपाल, नीराजना शर्मा, शुभद्रा देवी, अंजली गंगवार, हरिओम पांडेय, अवनीश तोमर, वेदप्रकाश, महेश कुमार पासवान आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप समाचार

### मंदिरों में सजी आकर्षक झांकियां, भक्ति भाव से मनाई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी



नगर में शोभायात्रा निकालते लोग। –जागरण मोर्चा

**मझोला।** कस्बा मझोला में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। जन्माष्टमी को लेकर कस्बे के विभिन्न मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया। समिति मंदिर, स्टेशन मंदिर, हनुमान मंदिर, बालाजी मंदिर एवं श्री श्याम मंदिर रंग-बिरंगी झालरों और आकर्षक रोशनी से जगमगाते रहे। मंदिरों की सजावट श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही। जन्माष्टमी के अवसर पर कस्बे में धार्मिक वातावरण के बीच शोभायात्रा भी निकाली गई। शोभायात्रा में विभिन्न देवी-देवताओं और भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं से संबंधित झांकियां शामिल रहीं। झांकियों में धार्मिक प्रसंगों को सुंदर तरीके से प्रस्तुत किया गया। शोभायात्रा कस्बे के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। इसमें स्थानीय श्रद्धालुओं एवं युवाओं ने उत्साह के साथ सहभागिता की। शाम होते ही मंदिरों में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। भजन-कीर्तन और धार्मिक कार्यक्रमों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। रात में श्रीकृष्ण जन्म के समय मंदिरों में घंटा-घड़ियाल बज उठे और श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण के जयकारे लगाए। लोगों ने भगवान के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम को व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने में संदीप जिंदल, संदीप अग्रवाल, विकास अग्रवाल सहित अन्य श्रद्धालुओं का सहयोग रहा।

### अवैध शराब की शिकायत को लेकर बुजुर्ग पर हमला पैर टूटा, केस दर्ज

**पूरनपुर।** माधोटांडा थाना क्षेत्र के ग्राम ढकिया केसरपुर में अवैध शराब पकड़वाने की पुरानी रंजिश को लेकर एक बुजुर्ग व्यक्ति पर जानलेवा हमला कर दिया गया ।पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव निवासी फूलचंद्र पुत्र भूपराम निवासी ने तहरीर में बताया कि उनके पिता भूपराम पुत्र लक्ष्मण प्रसाद एक बुजुर्ग व्यक्ति हैं। 31अगस्त को समय करीब दिन के एक बजे पशुओं के लिये घर पर चारा बना रहे थे। गांव के ही तोताराम व नन्हेलाल पुत्र गण कल्लूराम व कल्लूराम पुत्र पोपाराम व मुन्नीदेवी पत्नी कल्लू राम निवासी ग्राम ढकिया केसरपुर थाना माधोटांडा एक राय होकर हाथों में लाठी डंडे व लोहे की राड व धारदार हथियार लेकर घर में घुसकर जान से मारने की नियत से प्राणघातक हमला करने लगे ।हमले में पीड़ित के पिता का बायां पैर टूट गया तथा दाहिने पैर में भी गंभीर चोट आई है ।पिता की चीख पुकार सुनकर शोभाराम पुत्र आत्माराम निवासी वासखेड़ा थाना माधोटांडा तथा अन्य राहगीर मौके पर पहुंच गये जिन्होंने बड़ी मुश्किल से उनके पिता को उक्त लोगों से बचाया ।आरोप है कि हमलावर जाते-जाते कहने लगे कि यदि तूने भविष्य में हमारी शराब पकड़वाई तो तुझे हम लोग जान से मार देंगे, हम लोग ऐसे ही अवैध रूप से शराब बनाते रहेंगे ।उक्त लोग पीड़ित के पिता को मरणासन्न अवस्था में गंदी-गंदी गालियां देते हुए भाग गये। को भविष्य में उक्त लोगों से अप्रिय घटना घटित होने की आशंका है। थानाध्यक्ष अशोक पाल ने रिपोर्ट दर्ज कर वैधानिक कार्यवाही शुरू कर दी। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच के लिए ले लिया है ।पुलिस का कहना है कि घायल बुजुर्ग का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है ।जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई की जाएग।

### किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू ने सौंपा ज्ञापन, मांगे पूरी ना होने पर आंदोलन की दी गई चेतावनी



ज्ञापन देते भाकियू टिकैत गुट के पदाधिकारी। –जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने किसानों और ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं को लेकर शनिवार दोपहर संपूर्ण समाधान तहसील दिवस में एडीएम न्यायिक को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में क्षेत्र में बाघ और तेंदुए के बढ़ते आतंक पर चिंता जताते हुए कहा गया कि जंगली जानवरों के डर से गन्ने की कटाई और अन्य कृषि कार्य प्रभावित हो रहे हैं। मजदूर खेतों में जाने से कतरा रहे हैं। किसान नेताओं ने खुटार रोड स्थित मुजफ्फरनगर चौराहा और मोहनपुर जप्टी चौराहे पर आवारा पशुओं के जमावड़े से हो रही दुर्घटनाओं पर रोक लगाने की मांग की। धान खरीद केंद्र समय से स्थापित करने, केंद्रों पर प्रभारी की नियमित मौजूदगी सुनिश्चित करने तथा किसानों की फर्जी खरीद की शिकायतों पर अंकुश लगाने की मांग भी उठाई। ज्ञापन में आगामी आलू, मटर और गेहूं की बुवाई को देखते हुए सहकारी समितियों पर पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने, पशुओं को लंपी बीमारी से बचाने के लिए टीकाकरण कराने की मांग की गई। शारदा नदी क्षेत्र में बाढ़ व कटान से प्रभावित किसानों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने, कटान रोकने और फसल नुकसान का समय से मुआवजा दिलाने की मांग भी की गई। इसके अलावा मेडिकल स्टोरों पर नशीली दवाओं की बिक्री पर रोक लगाने की मांग की गई। भाकियू ने चेतावनी दी कि एक सप्ताह में कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा।

# शिक्षक दिवस पर महाविद्यालय में भव्य कार्यक्रम

## डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के विचारों पर डाला प्रकाश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पूरनपुर में 5 सितंबर 2026 को शिक्षक दिवस के अवसर पर एक भव्य एवं गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० सुधीर कुमार शर्मा एवं वरिष्ठ प्राध्यापकों द्वारा भारत के पूर्व राष्ट्रपति, महान शिक्षाविद एवं भारत रत्न डॉ० सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ० सुधीर कुमार शर्मा ने डॉ० सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन दर्शन एवं शिक्षा क्षेत्र में उनके अप्रतिम योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि




शिक्षकों को सम्मानित करते प्राचार्य। –जागरण मोर्चा

डॉ० राधाकृष्णन का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणापुंज है। शिक्षकों की महिमा को बताते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर सुधीर कुमार शर्मा ने कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान का प्रसारक नहीं, बल्कि भावी पीढ़ी के चरित्र, विचारों और राष्ट्र के भविष्य का निर्माता होता है। उन्होंने कहा कि एक सशक्त समाज की नींव समर्पित गुरुओं के बल पर ही संभव है। उन्होंने छात्र छात्राओं से डॉक्टर राधाकृष्णन के आदर्शों को जीवन में अपनाने का आवाह्न किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ.सुधीर कुमार शर्मा ने महाविद्यालय के शिक्षकों डॉ. रेखा सिंह, डॉ० रंजना सिंह, डॉ० अर्निका दीक्षित,डॉ० अंशिका शर्मा, डॉक्टर मृदुला शर्मा,डॉ० तहमीना शमसी, डॉ० अरविन्द दीक्षित, डॉ० वीरेन्द्र कुमार शर्मा, डॉ० पिन्दर सिंह, श्री शाहिद खान, डॉ० विनोद कुमार सिंह, श्री अंकित गुप्ता, डॉ० जय नारायण, श्री सोनू कुशवाहा एवं श्री सुरेन्द्र पाल मौर्य को उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक योगदान एवं निष्ठा के लिए स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ० पिन्दर सिंह द्वारा किया गया। इस दौरान महाविद्यालय के समस्त शिक्षक, कार्यालय स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# युवती को ले जाने का आरोप, मुकदमा दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले युवक ने थाने में तहरीर देकर पुत्री को बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

तहरीर में बताया गया है कि की 22 वर्षीय पुत्री आरती देवी को दौलतपुर थाना सेहरामऊ निवासी रवि शर्मा पुत्र पवन शर्मा अपने साथ बहला फुसलाकर ले गया है। घटना 02 सितंबर बताई जा रही है। आरोप है कि पुत्री को ले जाने में दौलतपुर निवासी रवीश पुत्र राजपाल, सुमित, विमलेश व रवीश के पिता राजपाल का पूरा सहयोग है। पीड़ित का कहना है कि जब वह जानकारी लेने दौलतपुर गांव में उक्त लोगों के घर गया तो सभी लोग मारपीट पर आमादा हो गए।पीड़ित पिता ने आरोप लगाया है कि शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। जिसके बाद पीड़ित ने थाना सेहरामऊ उत्तरी पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस ने मामले में सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस द्वारा पुत्री की तलाश और आरोपियों से पूछताछ शुरू कर दी गई है।

थाना प्रभारी एसएचओ सेहरामऊ नॉर्थ पीलीभीत द्वारा कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही युवती को बरामद कर बयान दर्ज किए जाएंगे और आरोपियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।वहीं पीड़ित परिवार ने पुलिस से पुत्री की सकुशल बरामदगी की मांग की है।

# महाराणा प्रताप प्रतिमा स्थापना के लिए हुआ भूमि पूजन

- दशहरे पर होगा भव्य उद्घाटन, लोगों ने उठाई थी मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** अखिल भारतीय युवा क्षत्रिय महासभा पूरनपुर की टीम द्वारा पांच वर्ष पूर्व उठाई गई मांग अब साकार होने जा रही है। वर्ष 2020 के अंत में ठाकुर शिवम सिंह भदौरिया, ठाकुर प्रज्वल तोमर, ठाकुर उद्देश्य जादौन, ठाकुर सिद्धांत जादौन, ठाकुर अखंड प्रताप सिंह, ठाकुर चमन भदौरिया और ठाकुर सनी सिंह ने स्टेशन चौराहे को महाराणा प्रताप चौराहा बनाने और वहां महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापित करने की मांग शुरू की गई थी। नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता तथा क्षत्रिय समाज और सर्व समाज के सहयोग से प्रतिमा स्थापना के लिए शुक्रवार को भूमि



भूमि पूजन करते जनप्रतिनिधि और अन्य। –जागरण मोर्चा

पूजन का आयोजन कर निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया। पूजन कार्यक्रम में विधायक बाबूराम पासवान,ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह सहित क्षत्रिय समाज एवं सर्व समाज के बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। आयोजकों के अनुसार आगामी बीस अक्टूबर को विजय दशमी के अवसर पर स्टेशन चौराहे पर महाराणा प्रताप प्रतिमा का भव्य उद्घाटन किया जाएगा। इस दौरान शस्त्र पूजन,भंडारा और आतिशबाजी सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। ठाकुर शिवम सिंह भदौरिया ने सभी बुजुर्गों के आशीर्वाद,गौ माता की कृपा तथा समाज के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि उद्घाटन समारोह को सर्व समाज के साथ एक विशाल उत्सव के रूप में मनाने की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इसको लेकर हिन्दु संगठनो में खुशी की लहर देखी जा रही है।

# सेंट जोसेफ स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया शिक्षक दिवस

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** नगर के सेंट जोसेफ स्कूल में प्रथम उपराष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन एवं मदर टेरेसा की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धापूर्वक याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर मैनेजर फादर ग्रेगरी मस्क्रेनहस, प्रधानाचार्या सिस्टर रेम्या सेबिस्टियन, प्रमति दीक्षित, राजीव सिंह, रमनदीप कौर, रेणु सिंह, कोमल गुप्ता एवं आनंद प्रकाश ने पुष्प अर्पित कर किया। इसके बाद सभी धर्मग्रंथों से पाठ किया गया। शिक्षकों के सम्मान में विद्यार्थियों ने समूहगान प्रस्तुत किया। बच्चों ने पहाड़ी नृत्य प्रस्तुत कर



सेंट जोसेफ स्कूल में शिक्षक दिवस पर कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। –जागरण मोर्चा

शिक्षकों का मनोरंजन किया। मनीषा खन्ना ने संबोधित करते हुए शिक्षक दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। आमद और निष्ठा के गीतों ने कार्यक्रम में समां बांध दिया, जबकि कक्षा 10-ए के विद्यार्थियों की गीत प्रस्तुति ने भी खूब सराहना बटोरी। गुजराती नृत्य की प्रस्तुति भी आकर्षण का केंद्र रही। मैनजर फादर ग्रेगरी मस्क्रेनहस एवं प्रधानाचार्या सिस्टर रेम्या सेबिस्टियन ने विद्यार्थियों को एक आदर्श नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। रविकांत दीक्षित ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन आरिजा नाज एवं भार्गवी पांडेय ने किया।

**आयोजन** भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति एवं द्वितीय राष्ट्रपति, डॉ .सर्वपल्ली राधाकृष्णन को किया गया स्मरण

# शिक्षक दिवस पर सरस्वती विद्या मंदिर में भव्य कार्यक्रम आयोजित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** नगर के आरएसआरडी सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति एवं द्वितीय राष्ट्रपति, महान दार्शनिक एवं शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर शिक्षक दिवस बड़े ही हर्षोल्लास एवं गरिमापूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न सांस्कृतिक एवं प्रेरणादायी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य सौरभ वार्ष्णेय जी एवं उपप्रधानाचार्य मोहित अवस्थी जी ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्पार्चन कर किया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने अपने




कार्यक्रम में मौजूद स्कूल के शिक्षक। –जागरण मोर्चा

भावपूर्ण प्रस्तुतियों के माध्यम से शिक्षकों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त की।विद्यालय की छात्रा सुप्रीति मंडल ने शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में सुंदर एवं भावपूर्ण कविता प्रस्तुत कर गुरु की महिमा का वर्णन किया। वहीं छात्र प्रणव मिश्रा ने "चारों तीर्थ धाम आपके चरणों में" गीत की मनमोहक प्रस्तुति देकर शिक्षक के महत्व एवं गुरु के प्रति श्रद्धा को अभिव्यक्त किया। छात्र पुनीत राज एवं छात्रा मनप्रीत कौर ने शिक्षक दिवस के महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि शिक्षक केवल पुस्तकीय ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि विद्यार्थियों के चरित्र, व्यक्तित्व एवं भविष्य के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक श्री शिवनारायण जी एवं उपप्रधानाचार्य श्री मोहित अवस्थी जी ने विद्यार्थियों को शिक्षक दिवस के इतिहास, डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन, उनके शैक्षिक विचारों एवं राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने शिक्षकों का सम्मान करने तथा उनके बताए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। बैठक में विद्यालय के उपाध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता,प्रबंधक हर्ष गुप्ता, सह-प्रबंधक अनुराग गुप्ता,कोषाध्यक्ष देवेश कुमार अग्रवाल, सदस्य अंकुर गुप्ता,श्रद्धा गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विद्यालय के उन शिक्षक-शिक्षिकाओं का सम्मान रहा, जिनके अध्यापन से बोर्ड परीक्षा में विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक औसत अंक प्राप्त किए। विद्यालय की प्रबंध समिति द्वारा उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने वाले शिक्षकों को 2,500 की सम्मान राशि का चेक एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रबंध समिति ने शिक्षकों के समर्पण, परिश्रम एवं उत्कृष्ट शिक्षण कार्य की सराहना की तथा भविष्य में भी इसी प्रकार विद्यालय के शैक्षिक स्तर को ऊंचा उठाने के लिए प्रेरित किया।

# भाकियू राष्ट्रवादी ने छह सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

- जर्जर सड़कों, जलभराव, राशन कार्ड और गैस का मुद्दा उठा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीयतावादी (अराज.) ने शनिवार को तहसील पहुंकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। जिसमे कहा गया है कि जर्जर सड़कों, जलभराव,राशन कार्ड, गैस सिलेंडर की कालाबाजारी और पाइपलाइन डालने के बाद खराब हुई सड़कों की मरम्मत समेत छह समस्याओं को उठाया गया है। जिला संगठन मंत्री वसीम बेग ने बताया कि ब्लॉक रोड कई सालों से खराब है और इसमें गड्ढे हो गए हैं ।बारिश में ब्लॉक कार्यालय के सामने पानी भर जाता है,जिससे आना-जाना मुश्किल हो जाता है। रास्ते पर गुरुनानक इंटर कॉलेज,



ज्ञापन देते भाकियू राष्ट्रवादी पदाधिकारी। –जागरण मोर्चा

गुरुद्वारा, ब्लॉक कार्यालय, सीओ कार्यालय और महिला अस्पताल भी हैं। जिससे लोगों को दिक्कत होती है। उन्होंने कहा कि पहले सड़क पर राविश डाली गई थी। लेकिन इससे समस्या का पक्का हल नहीं हु ज्ञापन में गरीबों के राशन कार्ड जल्दी बनाने की मांग की गई। गैस वितरण में गड़बड़ी रोकने और जल निगम द्वारा खोदी गई सड़कों की मरम्मत कराने की भी बात कही गई ।इसके अलावा,शेरपुर रेलवे क्रासिंग से धनाराघाट रोड तक नालों की समस्या दूर करने की मांग की गई। बिलहरी मोड़ से निजामपुर जाने वाले खराब कच्चे रास्ते को भी पक्का करने की मांग रखी गई। संगठन ने चेतावनी दी है कि अगर इन समस्याओं का हल नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा ।किसानों ने प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान कई मौजूद रहे।

# काउंटी क्रिकेट में दिखा मानव सुथार का दम: हैम्पशायर के खिलाफ झटके सात विकेट

**एजेंसी न्यूज**

**लंदन।** भारत के युवा स्पिनर मानव सुथार ने इंग्लिश काउंटी चैंपियनशिप के शीर्ष डिविजन के मैच में सात विकेट झटककर वारविकशायर को हैम्पशायर के खिलाफ पारी और 129 रन से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। वारविकशायर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 398 रन बनाए, जिसके जवाब में हैम्पशायर की टीम पहली पारी में 115 और दूसरी पारी में 154 रन पर सिमट गई। मैच तीन दिन के भीतर समाप्त हो गया।

श्रीलंका में भारतीय टीम के प्रतिनिधित्व के लिए रवाना होने से पहले सुथार ने वारविकशायर के लिए अपने शुरूआती दो मैचों में 11 विकेट लिए थे। वापसी के बाद उन्होंने उसी लय को बरकरार रखते हुए कुल 38.3 ओवर में 94 रन देकर सात विकेट हासिल किए। पहली पारी में उन्होंने 15 ओवर में 42 रन देकर तीन और दूसरी पारी में 23.3 ओवर में 52 रन देकर चार विकेट झटके।

लंदन के द ओवल में खेले गए एक अन्य मुकाबले में जम्मू-कश्मीर के तेज गेंदबाज आकिब नबी ने सरे की जीत में योगदान दिया। सरे ने यॉर्कशायर को एक विकेट से हराया। नबी ने दोनों पारियों में एक-एक विकेट हासिल किया। उनका पहला काउंटी विकेट भारतीय टेस्ट टीम के साथी कुलदीप यादव का रहा। लक्ष्य का पीछा करते हुए नबी ने अंत में एक छक्का भी लगाया जिससे सरे जीत के और करीब पहुंच गया।



राष्ट्रीय टीम में वापसी की दौड़ से बाहर चल रहे युजवेंद्र चहल ने नॉर्थम्पटनशायर के लिए नौ विकेट चटकाए, लेकिन उनका शानदार प्रदर्शन टीम को जीत नहीं दिला सका। डरहम ने डिविजन-दो के मुकाबले में नॉर्थम्पटनशायर को 153 रन से शिकस्त दी। डरहम ने दोनों पारियों में 205 और 261 रन बनाए। नॉर्थम्पटनशायर ने पहली पारी में 263 रन बनाकर बढ़त हासिल की, लेकिन 204 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दूसरी पारी में महज 50 रन पर ढेर हो गई।

36 वर्षीय चहल ने पहली पारी में 36 रन देकर चार और दूसरी पारी में 84 रन देकर पांच विकेट लिए। दूसरी पारी में इंग्लैंड के पूर्व कप्तान बेन स्टोक्स को उनकी खूबसूरत लेग-ब्रेक गेंद पर बोल्ड करना उनके प्रदर्शन का खास आकर्षण रहा। चहल ने अब तक तीन प्रथम श्रेणी मैचों में 14 विकेट लिए हैं, जबकि रॉयल लंदन कप के सात लिस्ट-ए मुकाबलों में उनके नाम 15 विकेट हैं। इसी मुकाबले से डरहम के लिए पहली बार उतरे मयंक अग्रवाल ने 36 और 48 रन की पारियां खेलीं। दूसरी पारी में उन्होंने स्टोक्स के साथ 89 रन की साझेदारी भी की।

## चाइना मास्टर्स: सात्विक-चिराग फाइनल में पहुंचे, सत्र के दूसरे खिताब से एक कदम दूर; मलयेशियाई जोड़ी को हराया

**एजेंसी समाचार**



**शेनजेन।** भारत के सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी ने शनिवार को शानदार रणनीतिक खेल का प्रदर्शन करते हुए मलयेशिया के नूर मोहम्मद अजरीन अयूब और टैन वी कियोंग को तीन गेम में हराकर तीसरी बार चीन मास्टर्स के फाइनल में जगह बनाई। इसके साथ ही भारतीय जोड़ी इस सत्र के अपने दूसरे खिताब से अब सिर्फ एक जीत दूर है। सात्विक-चिराग की दुनिया की पांचवें नंबर की जोड़ी ने दूसरे गेम में लड़खड़ाने के बाद जोरदार वापसी की और 29वीं रैंकिंग वाली मलयेशियाई जोड़ी को एक घंटे पांच मिनट में 21-15, 18-21, 21-11 से हराया। भारतीय जोड़ी 2023 और 2025 के चरण में उपविजेता रही थी। एशियाई खेलों की चैंपियन भारतीय जोड़ी अब फाइनल में मलयेशिया के टी काई वुन और याप रॉय किंग तथा चीन के हे जी तिंग और रेन शियांग यू के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल की विजेता जोड़ी से भिड़ेगी। मैच से पहले सात्विक और चिराग का नूर और टैन के खिलाफ जीत का रिकॉर्ड 2-0 था। भारतीय जोड़ी ने मलयेशियाई खिलाड़ियों को 2024 थाईलैंड ओपन और 2025 मलयेशियन ओपन में हराया था।

## पाकिस्तान क्रिकेट में बवाल: टीम से क्यों निकाले गए रिजवान-इमाम

**एजेंसी न्यूज**

**लंदन।** पाकिस्तान क्रिकेट में बवाल कम होने का नाम नहीं ले रहा है। इंग्लैंड दौरे पर गई पाकिस्तान टीम में अंदरूनी कलह ने पूरी दुनिया का ध्यान खींचा है। पाकिस्तान की टीम इस दौरे पर अब तीन में से दो टेस्ट हार चुकी है। इसके बाद टीम में भारी बदलाव देखने को मिला और सात खिलाड़ियों को घर भेज दिया गया, जिसमें मोहम्मद रिजवान और इमाम उल हक शामिल हैं। हालांकि, अब रिजवान और इमाम से जुड़ी एक बड़ी रिपोर्ट सामने आई है, जिसमें बताया गया है कि ड्रेसिंग रूम में इन सीनियर क्रिकेटर्स के व्यवहार से पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड यानी पीसीबी खुश नहीं था।

दरअसल, हेडिंग्ले में पहला टेस्ट पारी और 103 रन से और लॉर्ड्स में दूसरा टेस्ट 194 रन से हारने के बाद पाकिस्तान टीम में कई बदलाव हुए और सात खिलाड़ियों को रिप्लेस कर नौ सितंबर से होने वाले तीसरे टेस्ट से पहले नए खिलाड़ियों को बुलाया गया। इतना ही नहीं, मुख्य कोच सरफराज अहमद और गेंदबाजी कोच उमर गुल को भी घर वापस भेज दिया गया।

सात खिलाड़ियों में रिजवान और इमाम के अलावा सलमान अली आगा, अली उस्मान, आमिर जमाल, मोहम्मद अवैस और खुर्रम शहजाद शामिल हैं। वहीं, सरफराज और उमर की जगह अब तीसरे टेस्ट में माइक हेसन और एश्ले नोफके कोचिंग की जिम्मेदारी संभालते दिखेंगे।

पीसीबी और टीम मैनेजमेंट की ओर से कहा गया था कि खराब प्रदर्शन की वजह से सातों खिलाड़ियों पर गाज गिरी, लेकिन अब एक नया खुलासा हुआ है।

न्यूज एजेंसी पीटीआई ने पीसीबी के एक सूत्र के हवाले से बताया है कि रिजवान, इमाम और सलमान जैसे सीनियर खिलाड़ी पीसीबी की बड़ी योजना का हिस्सा थे। खराब प्रदर्शन के अलावा ड्रेसिंग रूम में उनके व्यवहार की वजह से उन्हें टीम से निकाला गया।

## बाजार की चाल: वैश्विक तनाव का भारत के बाजार पर क्या होगा असर? विशेषज्ञ बोले- निवेशकों को बनाना पड़ रहा संतुलन

**एजेंसी समाचार**

**मुंबई।** बीते हफ्ते कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और वैश्विक बॉन्ड बाजार में गिरावट जैसे दो बाहरी चिंताओं के दबाव की वजह से भारतीय शेयर बाजारों में अस्थिरता छाई रही और घरेलू निवेशकों की जोखिम लेने की प्रवृत्ति में काफी सतर्कता देखने को मिली। बाजार विशेषज्ञों का कहना है, अमेरिकी फेड अधिकारियों के बदलते रुख से भी बाजार के प्रतिभागियों को संकेत मिले। सप्ताह की शुरूआत में, जैक्सन होल में दिए गए आक्रामक रुख का बाजार पर गहरा प्रभाव पड़ा। हालांकि, सप्ताह के अंत तक, फेड गवर्नर की मुद्रास्फीति में कमी के शुरूआती संकेतों और ब्याज दरों को स्थिर रखने की इच्छा से कुछ राहत मिली, हालांकि सतर्कता का माहौल बना रहा। आनेवाले सप्ताह में वैश्विक मैक्रो-इकोनॉमिक और भू-राजनीतिक घटनाक्रम का प्रभाव बाजार पर पड़ने की संभावना है।

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के हेड ऑफ रिसर्च विनोद नायर ने बताया, बाजार के प्रतिभागियों को भारत की मजबूत विकास गति और बढ़ती वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच संतुलन बनाना पड़ रहा है। वित्त वर्ष 2027 की पहली तिमाही के उम्मीद से बेहतर जीडीपी आंकड़ों ने घरेलू मांग की मजबूती की पुष्टि की, और यह अंतर बाजार के व्यापक दायरे में स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। घरेलू बाजार पर केंद्रित और मजबूत आर्थिक विकास से जुड़े होने के कारण स्मॉल-कैप शेयरों में चुनिंदा रूप से नीचे से ऊपर की ओर खरीदारी हुई। उन्होंने कहा, घरेलू विकास की इसी मजबूती ने निजी बैंकों और रियल एस्टेट सेक्टर को भी ऊपर उठाया। हालांकि, कच्चे तेल की कीमतों में उछाल दोधारी तलवार साबित हुआ, क्योंकि इसने तेल और गैस क्षेत्र के शेयरों को मजबूत कीमतों के कारण लाभ पहुंचाया, जबकि ऑटो और उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं जैसे लागत-संवेदनशील शेयरों को नुकसान पहुंचाया।

सेबी रजिस्टर्ड रिसर्च एनालिस्ट फर्म एचएसटी वेल्थ के संस्थापक व सीईओ हरिसेल्वन





राधाकृष्णन ने कहा, आने वाला सप्ताह में वैश्विक मैक्रो-इकोनॉमिक और भू-राजनीतिक घटनाक्रम का प्रभाव बाजार पर पड़ने की संभावना है, जो कैपिटल फ्लो और रिस्क लेने की क्षमता (रिस्क ऐपेटाइट) को तय करती रहती हैं। अमेरिका के हालिया रोजगार आंकड़ों के उम्मीद से बेहतर रहने और मजबूत इकोनॉमिक के संकेत के बाद, अब ध्यान अमेरिका के आने वाले महंगाई के आंकड़ों पर है। ये आंकड़े फेडरल रिजर्व की पॉलिसी और ग्लोबल मार्केट के सेंटीमेंट को तय करने में अहम साबित हो सकते हैं। ट्रेजरी यील्ड और ब्याज दरों की उम्मीदें महंगाई के हालात से जुड़ी रहेंगी, जबकि मिडिल ईस्ट में अनसुलझे टकराव के बीच तेल की ऊंची कीमतें मार्केट सेंटीमेंट पर लगातार दबाव बनाए रखेंगी

एनरिच मनी के सीईओ पोनमुडी आर ने कहा, इस हफ्ते ग्लोबल बाजार कुछ जानी-पहचानी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। बाजार की चाल अमेरिकी की मॉनेटरी पॉलिसी (मौद्रिक नीति) को लेकर उम्मीदों, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और पश्चिम एशिया में बदलती भू-राजनीतिक स्थिति पर निर्भर करेगी। शुक्रवार को आई अमेरिका की अगस्त महीने की मजबूत जॉब्स रिपोर्ट ने उस उम्मीद पर पानी फेर दिया जो सप्ताह के बीच में फेडरल रिजर्व के गवर्नर क्रिस्टोफर वॉलर के बयानों से जगी थी। वॉलर ने कहा था कि अगर महंगाई कम होती रहती है, तो ब्याज दरों को स्थिर रखा जा सकता है।

अमेरिका की महंगाई से जुड़ी रिपोर्ट पर क्यों टिकी हैं नजरें?

अमेरिकी अर्थव्यवस्था में अगस्त में 1,62,000 नई नौकरियां जुड़ीं, जो लगभग 53,000 की उम्मीद से कहीं अधिक थीं और मार्च के बाद से सबसे बड़ी मासिक बढ़ोतरी थी, जबकि बेरोजगारी दर 4.1 प्रतिशत पर स्थिर रही। उम्मीद से अधिक मजबूत लेबर मार्केट ने इस उम्मीद को और मजबूत किया है कि फेडरल रिजर्व पॉलिसी को लंबे समय तक सख्त रख सकता है। बाजार अब इस महीने के आखिर में ब्याज दरें बढ़ने की संभावना को भी ध्यान में रख रहे हैं क्योंकि पॉलिसी बनाने वाले ऊंची महंगाई पर ध्यान केंद्रित किए हुए हैं।





## अमेरिका से व्यापार समझौता: क्या भारत को टैरिफ में मिलेगी तरजीही दर? वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने किया यह दावा

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका के बीच होने वाले द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) को लेकर उत्सुकता बढ़ गई है। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने स्पष्ट कर दिया है कि इस समझौते की घोषणा तभी की जाएगी, जब अमेरिका हमारे प्रतिस्पर्धियों के मुकाबले भारत को तरजीही दरें (ढ१ीाी१ील्लइ' फ्रीे२) प्रदान करेगा। नई दिल्ली में आयोजित 'मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) का लाभ उठाने' पर राष्ट्रीय कार्यशाला में बोलते हुए गोयल ने वैश्विक स्तर पर व्यापार के लिए भारत के विजन को साझा किया।

वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के अनुसार, जैसे ही अमेरिका हमारे प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में भारत को तरजीही दरों की पेशकश करेगा, इस समझौते को अंतिम रूप देकर इसके विवरणों की घोषणा कर दी जाएगी। भारत और अमेरिका ने इस साल फरवरी में ही सौदे के पहले चरण की रूपरेखा तय कर ली थी, लेकिन बाद में अमेरिकी टैरिफ परिदृश्य में आए बदलावों के कारण दोनों पक्षों को दोबारा बातचीत की मेज पर लौटना पड़ा। अमेरिका ने इस साल 24 जुलाई से भारत सहित कई देशों पर 10% का अतिरिक्त टैरिफ लगा दिया है। अब इस मुद्दे को सुलझाने के लिए गोयल सितंबर के अंत में अमेरिका के मिल्वौकी शहर जाएंगे, जहां वे 30 सितंबर से शुरू होने वाली 2-दिवसीय जी-20 व्यापार मंत्री स्तरीय बैठक में हिस्सा लेंगे और अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) जेमिसन ग्रीर के साथ द्विपक्षीय बातचीत करेंगे।

अमेरिका भारतीय उत्पादों के लिए एक बहुत बड़ा बाजार है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में भारत ने अमेरिका को 87 बिलियन डॉलर ( करीब 8,21,715 करोड़ रुपये) मूल्य की वस्तुओं का निर्यात किया था। अमेरिकी बाजार में भारत का सीधा मुकाबला वियतनाम, बांग्लादेश, थाईलैंड, कंबोडिया, इंडोनेशिया, मलेशिया और श्रीलंका जैसे देशों से है।

## एमएसएमई: ऑटो कंपोनेंट कंपनियों के पास 98,000 करोड़ रुपये का स्टॉक फंसा

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** वेक्टर कंसल्टिंग ग्रुप की रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय ऑटो कंपोनेंट उद्योग में 98,000 करोड़ रुपये का स्टॉक फंसा है। बेहतर प्रबंधन से 39,000 करोड़ रुपये तक जारी हो सकते हैं, जिससे एमएसएमई क्षेत्र को बड़ा लाभ मिलेगा।

भारतीय ऑटो कंपोनेंट उद्योग में करीब 98,000 करोड़ रुपये का स्टॉक फंसा हुआ है। इसमें से 29,000 से 39,000 करोड़ रुपये तक की राशि स्टॉक प्रबंधन में सुधार करके जारी की जा सकती है। यह राशि कार्यशील पूंजी के रूप में उपयोग हो सकती है। एमएसएमई क्षेत्र को इससे 4,000 से 5,600 करोड़ रुपये का लाभ मिल सकता है। वेक्टर कंसल्टिंग ग्रुप ने अपनी एक रिपोर्ट में यह बात कही है।









## अधिग्रहण: एलआईसी को आईसीआईसीआई बैंक में 9.99 फीसदी हिस्सेदारी खरीदने की आरबीआई से मिली मंजूरी

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) को एक बड़ी नियामक मंजूरी मिली है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने एलआईसी को निजी ऋणदाता आईसीआईसीआई बैंक में हिस्सेदारी खरीदने की अनुमति दी है। यह मंजूरी बैंक की चुकता शेयर पूंजी या मतदान अधिकार का 9.99 फीसदी तक अधिग्रहण करने के लिए है।





आईसीआईसीआई बैंक को आरबीआई की मंजूरी का पत्र शुक्रवार की रात मिला। एलआईसी को यह हिस्सेदारी एक साल के भीतर खरीदनी होगी। यदि ऐसा नहीं होता है, तो आरबीआई की यह मंजूरी स्वतः समाप्त हो जाएगी। यह अधिग्रहण कुछ वैधानिक और नियामक आवश्यकताओं के अधीन होगा।

मंजूरी में संबंधित वैधानिक और नियामक प्रावधानों का अनुपालन भी शामिल है। एलआईसी देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी है। पहले भी एलआईसी को एचडीएफसी बैंक में 9.99 फीसदी तक हिस्सेदारी बढ़ाने की मंजूरी मिली थी। एचडीएफसी बैंक की नियामक फाइलिंग के अनुसार, यह मंजूरी 19 अगस्त, 2026 को दी गई थी। उस समय एलआईसी के पास एचडीएफसी बैंक की कुल शेयर पूंजी का 4.11 फीसदी हिस्सा था। एलआईसी के शेयर अंतिम कारोबार में 415.35 रुपये पर बंद हुए।





जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।